ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 03 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 16 नवम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-31 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

सलमान खान की फिल्म बाक्स आफिस पर ... पेज 10 पर

गागर में सागर

राष्ट्रपति ने झारखंडवसियों को बधाई और शुभकामनाएं दी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई देते हुए उनकी प्रगति की कामना की। उनका एक रिकॉर्डेड संदेश खूंटी में भी प्रधानमंत्री की सभा में सुनाया गया जिसमें उन्होंने अपने झारखंड के कार्यकाल की चर्चा की और अपने को जनजातीय समुदाय की बेटी बताया। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर कहा, 'राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। मेरी मंगलकामना है कि प्राकृतिक संसाधनों से संपूर्ण झारखंड राज्य सदा प्रगतिशील रहे और भगवान बिरसा का आशीर्वाद यहां के लोगों पर बना रहे।'

मुख्यमंत्री सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा को उनकी 148वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राजधानी रांची के कोकर स्थित उनके समाधि स्थल पर जाकर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने एक्स पर लिखा- धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर शत-शत नमन। रांची में भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रंद्धाजलि दी।

नाबालिग की संदिग्ध हालात में मौत थानेदार के खिलाफ डीजीपी से शिकायत, सीआईडी जांच की मांग

रांची। बोकारो में कार्यरत यातायात थानेदार नूतन मोदी के खिलाफ उनकी नाबालिग मेड रिया की कथित फांसी लगाकर मौत की सीआइडी जांच की मांग की गई है। बाल अधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ कुमार ने डीजीपी अजय कुमार सिंह को पत्र लिखकर मांग की है कि 11 नवंबर को नूतन मोदी के कोडरमा के सतगांवा स्थित घर पर रिया ने फांसी संदेहास्पद है और पूरी छानबीन हो । आरोप है कि बोकारो यातायात थानेदार नूतन मोदी नस्थानीय पुलिस को सूचना दिए बिना फांसी लगाए जाने के बाद रिया को रांची के मेदांता अस्पताल ले गए। आरोप लगाया गया है कि पूरे मामले में इंस्पेक्टर नूतन मोदी की गतिविधि व कार्यशैली संदिग्ध है। डीजीपी को दिए पत्र में बताया गया है कि सीडब्लूसी कोडरमा या बोकारो को सूचना दिए बिना नाबालिग बच्ची से घरेलू कामकाज लिया जाना भी जेजे एक्ट का उल्लंघन है।

मेडल विजेता खिलाड़ियों का रांची में स्वागत

रांची। फिलिपींस में 22 वेंप एशियाई मास्टर एथलेटिक मीट में इंडिया टीम के लिए मेडल जीत कर झारखंड के खिलाड़ी बुधवार को रांची रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। इस दौरान खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। खिलाड़ियों में राजकुमार वाल्मीकि, प्रभा लकड़ा, दशरथ महतो, ललिता, अशोक कुमार महतो, संजय कुमार, त्रिलोचन को झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन की ओर से फूल माला पहनाकर और बैंड बाजा के साथ सभी खिलाड़ियों को स्वागत किया गया। स्वागत करने वाले में विपिन सिंह , एसके दत्ता, के के ठाकुर ,निर्मला रवि,संजय कुमार राय, सौरभ राय, सुनील कुमार शामिल थे। झारखंड मास्टर एथलीट के सचिव लक्ष्मण राम ने भी सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप-2023

भारत - 397/4 (50 ओवर)

न्यूजीलैंड - 327 /10 (48.5 ओवर)

दूसरा सेमीफाइनल आज

आस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका : कोलकाता (2:00 बजे से)

■ पीएम ने की झारखंड के लिए 7000 करोड़ की योजनाओं की शुरुआत ■ सीएम ने 229 योजनाओं का उद्घाटन व 977 योजनाओं की रखी आधारशिला

स्थापना दिवस पर 'सौगातों की बारिश'

चार अमृत स्तंभों से विकसित राष्ट्र बनेगा भारत : नरेंद्र मोदी

पहली बार बिरसा की धरती पर खूंटी पहुंचे प्रधानमंत्री

कमजोर जनजातीय समुदाय के लिए 24000 करोड़ की योजनाओं का किया शुभारंभ

रांची/खूंटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खूंटी में जनजातीय गौरव दिवस के समारोह में 42.19 मिनट के संबोधन में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने का लक्ष्य रखा। खूंटी में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देशभर के 220 जिलों के 75 कमजोर जनजातीय समूहों के लिए कुल 24 हजार करोड़ की योजनाओं की शुरुआत की। पीएम किसान सम्मान योजनाओं की पंद्रहवीं किस्त के 18 हजार करोड़ जारी किए, साथ ही झारखंड के लिए 7000 करोड़ की योजनाओं की शुरूआत की। खूंटी में जनसभा की शुरूआत प्रधानमंत्री ने भारत माता की जय व धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जयकारे के साथ की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के सैकड़ों स्थानों पर झारखंड स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। अटल जी के प्रयास से राज्य बना। मौके पर 49 हजार करोड़ की योजनाओं के उपहार देने की घोषणा प्रधानमंत्री ने की प्रधानमंत्री ने मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत करते हुए कहा कि अमृतकाल में ये अभियान उर्जा देगी। 25 साल में भव्य दिव्य भारत की स्थापना करनी है तो चार अमृत स्तंभ भारत की नारी शक्ति, किसान-पशुपालक, नौजवानों व मध्यम - गरीब वर्ग को मजबूत करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जितना काम सरकार ने 10 साल में किया, उससे अधिक मेहनत चार अमृत स्तंभों पर लगानी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जितना इन अमृत स्तंभों को मजबूत करेंगे, भारत की इमारत उतनी ही ऊंची उठेगी। बिरसा जन्म जयंती से शुरू होकर इसे 26 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जाएगा। मिशन मोड में सरकार गांव गांव जायेगी। गरीब को लाभार्थी बनाया जायेगा।

गरीबी से बड़ी संख्या में लोग भारत निकले, 2014 से देश में सेवाकाल : प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के विषय में चर्चा है की लोग बड़ी संख्या में गरीबी से बाहर निकले हैं, आखिर ऐसा क्या हुआ कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

रेडियम रोड में प्रधानमंत्री की गाड़ी के सामने आयी महिला

रांची। राजधानी रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में बड़ा चूक सामने आया है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के आवास से 50 मीटर की दूरी पर रेडियम रोड में एक महिला ने सुरक्षा घेरा को तोड़ते हुए प्रधानमंत्री की गाड़ी के सामने आ गयी। इस वजह से प्रधानमंत्री जिस गाड़ी में बैठे थे उसे कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। हालांकि मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत महिला को हिरासत में लिया और उसे कोतवाली थाने में रखा गया है। पकड़ायी महिला संगीता झा अपने पति की शिकायत लेकर प्रधानमंत्री के पास पहुंची थी। पुलिस महिला से पूछताछ करने के बाद छोड़ दी। भीड़ से निकलकर दौड़ी थी महिला : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को राजभवन से निकलकर एसएसपी आवास होते हुए जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा पुराने जेल की तरफ जा रहे थे। प्रधानमंत्री का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

अब हर व्यक्ति के अपने आशियाने का पूरा होगा सपना : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने योजनाओं से राज्यवासियों की भर दी झोली

मुख्यमंत्री ने 1714 करोड़ रुपये की राशि से 229 योजनाओं का किया उद्घाटन

5328 करोड़ रुपये की 677 योजनाओं की आधारशिला रखी, कहा-इससे विकास को मिलेगा नया आयाम

सीएम ने 13950 युवाओं को ऑफर लेटर देकर उनके हौसले और करियर को दी उड़ान

सीएम ने लाभुकों के बीच बांटी लगभग 260 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति, बनेंगे सशक्त और आत्मनिर्भर

सीएम ने चार नई पॉलिसी का किया शुभारंभ, उद्यम, उद्यमी और निवेश को मिलेगा बढ़ावा

इन योजनाओं का हुआ आगाज

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 7042 करोड़ रुपए की 896 योजनाओं की सौगात दी। इसमें 1714 करोड रुपए की राशि से 229 योजनाओं का उद्घाटन और 5328 करोड़ रुपए की 677 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। जिन योजनाओं का उद्घाटन हुआ, उसमें ऊर्जा की 3, जल संसाधन विभाग के 7, नगर विकास एवं आवास विभाग के 3, ग्रामीण कार्य विभाग के 72, ग्रामीण विकास विभाग के 22, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के 37, भवन निर्माण विभाग के 44, पथ निर्माण विभाग के 35 और उद्योग विभाग की 6 योजनाएं हैं। वही, जल संसाधन विभाग की 73, नगर विकास एवं आवास विभाग के 8, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के 4, ग्रामीण कार्य विभाग के 454, ग्रामीण विकास विभाग की 27, पथ निर्माण विभाग के 65, भवन निर्माण विभाग की 40 और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 6 योजनाओं की आधारशिला रखी गई।

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में झारखंड विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। लोगों की उम्मीदें और आकांक्षाएं साकार हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने विकास की इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज राज्यवासियों को कई सौगातें दी । अवसर था- राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह का। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण, अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना समेत कई योजनाओं तथा नीतियों का शुभारंभ किया। राज्य वासियों को 7042 करोड़ रुपए की 896 योजनाओं की सौगात दी। 13950 युवाओं को ऑफर लेटर देकर उनके हौसले और करियर को उड़ान दी। लगभग 260 करोड रुपए की परिसंपत्ति बांटकर लाभुकों को सशक्त और स्वावलंबी बनाने की राह दिखाई तो खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनकी उपलब्धियों को सम्मान दिया।

आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण की शुरूआत : मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पीएम मोदी के झारखंड दौरे पर खूंटी से कई योजनाओं की सौगात

हम विकास की राह पर आगे बढ़ रहे : अर्जुन मुंडा

खूंटी। आदिवासी गौरव दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खूंटी के फुटबॉल मैदान में आयोजित सभा में पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का झारखंड के परंपरागत अंदाज से स्वागत किया गया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। इनके अलावा मंच पर आदिवासी कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा झारखंड के राज्यपाल क राधाकृष्णन के साथ ही बीजेपी और झारखंड सरकार के कई मंत्री भी मौजूद रहे। 6.9 फीसदी विकास दर के साथ मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा झारखंड, पढ़ें रिपोर्टकार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय अनुसूचित जनजाति मंत्रालय के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हम लगातार देश के विकास के लिए और खास तौर से जनजातियों के विकास के लिए लगातार हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान पर बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आना यह बताता है की हम आगे इस समाज के विकास के लिए लगातार काम करते रहेंगे। अर्जुन मुंडा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश को आजादी दिलाने के लिए शहादत दी। आज आदिवासी गौरव दिवस के अवसर पर उनका सम्मान झारखंड और उनके लोगों के लिए बड़े गौरव की बात है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हम भारत को विकसित राज्य बनाएंगे। आदिवासियों के विकास के लिए हम लोग लगातार योजनाएं चला रहे हैं। आज वन उपज को एसपी के दायरे में रखा गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज एक भारत श्रेष्ठ भारत का जो नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है हम उसे लेकर आगे बढ़ेंगे और लगातार उसे पर आगे भी करेंगे। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले आदिवासी कल्याण मंत्रालय का बजट इतना भी नहीं होता था कि बहुत कुछ किया जा सके, लेकिन अब देश के लिए काम करने वाले इस मंत्रालय के पास बड़ा बजट है। हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। 180 एकलव्य मॉडल स्कूल हम लोगों ने स्थापित की है जो लगातार इस बात को दशार्ता है कि हम विकास के तरफ आगे बढ़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री जंगल में रहने वाले आदिवासियों के लिए भी योजना लाएं : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

खूंटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले धरती आबा को नमन किया। बिरसा ओडा में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर शहीद स्थल की मिट्टी का तिलक लगाया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। उन्हें शॉल और भगवान बिरसा की प्रतिमा भेंट की। केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री को टोपी और एक सरना शॉल भेंट की। इसके अलावा प्रधानमंत्री को प्रतिमा, पेंटिंग और कई अन्य उपहार भी दिए गए। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुऐ मुख्यंमत्री हेमंत सोरेन ने कहा - मैं एक आदिवासी राज्य का नेतृत्व कर रहा हूं। हम विकास की कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति की बात करते हैं। हमने सरकार आपके द्वार के माध्यम से यह प्रयास किया है। हमने हर एक व्यक्ति को विकास से जोड़ने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री यहां आये हैं तो आशा है कि आदिवासी विकास का लक्ष्य हम पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि आपने इस कार्यक्रम से पूरे देश को जोड़ा है। यह आदिवासियों के लिए मील का पत्थर साबित हो। झारखंड इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगा। झारखंड हमेशा प्रयास करता रहा है। प्रधानमंत्री से हम आग्रह करना चाहेंगे जो आदिवासी जंगल में बसते हैं वे विस्थापन का दंश झेलते हैं। इनके लिए भी

प्रधानमंत्री कोई खास योजना लाएं, जिससे इनका भला हो। हेमंत सोरेन ने कहा कि हम प्रधानमंत्री को सुनने के लिए यहां आये हैं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने योजनाओं का जिक्र किया, जिसमें आदिवासी समाज के विकास पर जोर दिया जायेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार जताया। साथ ही कहा कि यह पहला अवसर है जब देश के प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा के गांव पहुंचे हैं। जनजातीय गौरव का यह नया अध्याय बना है। पूरे देश में इस मिट्टी से सुगंध के रूप में फैले, इसलिए कई राज्यों के मुख्यमंत्री और राज्यपाल जुड़े हैं। पूरा देश आज खूंटी में भगवान बिरसा मुंडा की धरती से जुड़ा है। यह एक नयी यात्रा का आगाज है। यहां से विकसित भारत संकल्प यात्रा का भी आगाज हो रहा है।

ये भी हुआ

-प्रमुख सरकारी योजनाओं का प्रसार सुनिश्चित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ।

-प्रधानमंत्री विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह मिशन शुरू। मिशन में करीब 24 हजार करोड़ रुपये व्यय होगा।

- प्रधानमंत्री किसान योजना की 15वीं किस्त जारी।

- 7200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास।

इनका हुआ उद्घाटन

आईआईएम रांची के नए परिसर, आईआईटी आईएसएम धनबाद का नया छात्रावास, बोकारो में पेट्रोलियम ऑयल और लुब्रिकेंट (पीओएल) डिपो, हटिया-पकरा सेक्शन, तलगरिया-बोकारो सेक्शन और जारंगडीह-पतरातू सेक्शन डबल लेन।

इनकी रखी गई आधारशिला

- एनएच 133 के महगामा-हंसडीहा सेक्शन फोर लेन (52 किमी), एनएच 114ए के बासुकीनाथ-देवघर सेक्शन का फोर लेन कार्य (45 किमी), केडीएच-पूणार्डीह कोल हैंडलिंग प्लांट और आईआईआईटी रांची के नए शैक्षणिक और प्रशासनिक भवन की आधारशिला।

- 49 हजार करोड़ की जनजातीय कल्याण एवं विकास परियोजनाओं का शुभारम्भ, लोकार्पण, शिलान्यास और विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ हुआ।

कम करनी थी भीड़ बढ़ाते चले गए

सुनील बादल

झारखंड राज्य बनने के समय अनेक पत्रकारों, अर्थशास्त्रियों और अन्य विशेषज्ञों ने कहा था कि झारखंड बहुत बड़ी संभावनाओं वाला राज्य बनेगा और अति उत्साह में रूर घाटी के समकक्ष बताया गया था । यह भी कहा गया था कि यह सबसे समृद्ध राज्य होगा जिसके पास अकूत खनिज संपदा है पर अस्थिर सरकारों, राजनीतिक प्रयोगों और अदूरदर्शिता के साथ परंपरागत पुरातन पंथी तदर्थवाद ने झारखंड की गति न सिर्फ धीमी कर दी बल्कि छोटी-छोटी समस्याओं में उलझा कर इसे एक ऐसा राज्य बना दिया जो आज भी इसके साथ अस्तित्व में आए राज्यों से न सिर्फ पीछे हैं बल्कि अकूत धन संपदा के बाद भी एक दरिद्र राज्य के रूप में जाना जाता है। नीतिगत मामलों की बात करें तो सबसे बड़ी भूल जो राजनेताओं और नीति निर्धारकों से हुई वह यह कि सारी विकास योजनाओं को शहर केंद्रित रखा गया जिस कारण छोटे कस्बों से लेकर राजधानी रांची तक भीड़ बढ़ती गई और साथ ही समस्याएं भी! कहीं भूगर्भ जल नीचे चला गया तो कहीं ट्रैफिक जाम की इतनी बड़ी-बड़ी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं कि सरकार के हाथ पैर फूल रहे हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में रिंग रोड, बाइपास जैसे उपाय किए जा रहे हैं लेकिन मौलिक विचार अभी तक किसी ने नहीं किया कि जब स्थान सीमित हो और आवश्यकताएं बहुत हों तो विकास को शहर केंद्रित न कर आसपास के क्षेत्रों तक बढ़ा देना चाहिए। इसका सटीक उदाहरण दिल्ली एनसीआर, नोएडा और गुरुग्राम है । बेंगलुरु, मुंबई जैसे महानगर भी अच्छी यातायात व्यवस्था के कारण डेढ़ 200 किलोमीटर तक से अपने कामकाजी लोगों को आने-जाने की सुविधाएं देते हैं और मुख्य शहर के ऊपर दबाव कम होता जा रहा है, साथ ही ग्रामीण क्षेत्र भी विकसित हो रहे हैं जिससे उनकी भी अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है और छोटे उद्योग धंधों या व्यवसाय से एक बड़ा उद्योग स्थापित हो रहा है। झारखंड की बड़ी समस्या यातायात की है अभी तो राजधानी रांची में कुछ फ्लाईओवर बनने शुरू हुए हैं जिन्हें आज से 20 साल पहले बनना चाहिए था इसी प्रकार पटना में मेट्रो शुरू होने जा रहा है , जयपुर में शुरू हो चुका लगभग सभी राजधानियों ने इस पर विचार किया लेकिन झारखंड कभी मोनोरेल तो कभी कुछ इस तरह के प्रयोगों से ना सिर्फ जनता के पैसे बर्बाद करता रहा बल्कि समय भी गंवाता गया। यदि दिल्ली एनसीआर से सीख लेकर झारखंड में मेट्रो शुरू कर दिया जाता और राजधानी रांची को डाल्टेनगंज, बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद, चाईबासा और कोडरमा जैसे शहरों से धीरे-धीरे फेज वाइज जोड़ दिया जाता तो जैसे नोएडा और गुरुग्राम तेजी से विकसित हुए उसी प्रकार एक विकास की नई रोशनी चारों तरफ बढ़ सकती थी, लेकिन किसी ने इस पर विचार तक नहीं किया। इसी प्रकार नए सरकारी कार्यालय मुख्य शहरों में ही बनाए जा रहे हैं जिससे भूमि भवन की रजिस्ट्री इलाज और अन्य सरकारी कामकाज के लिए अनावश्यक रूप से शहरों के ऊपर दबाव बढ़ता जा रहा है। होना यह चाहिए था कि राजधानी रांची हो या कोई भी झारखंड का शहर उसे व्यवहारिक दृष्टिकोण के आधार पर धीरे-धीरे मुख्य शहर से बाहर की तरह विकसित करना चाहिए था जहां सरकारी कार्यालय खुलते वहां अपने आप शहरीकरण हो जाता, बाजार अपने आप विकसित हो जाते सरकारों को सिर्फ यातायात बिजली और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी थी। इसी प्रकार जितनी भी सरकारें आईं उन्होंने पेयजल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

मुंबई में कोहली-अय्यर के बाद शमी का धमाका, वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत

मुंबई। भारत ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 1983, 2003 और 2011 में इस टूनार्मेंट फाइनल में पहुंची थी। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 4 विकेट 397 रन बनाए। विराट कोहली ने करियर की 50वीं वनडे सेंचुरी जमाते हुए 117 रन की पारी खेली। श्रेयस अय्यर ने 105 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 48.5 ओवर में 327 रन पर ऑलआउट हो गई। डेरिल मिचेल ने 134 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने 7 विकेट लिए। वे शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच रहे।भारत ने दिया 398 रन का टारगेट, कोहली-अय्यर के शतकटीम इंडिया ने वानखेड़े मैदान पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 4 विकेट पर 397 रन बनाए। यह वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबले में किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले, यह रिकॉर्ड 393 रन का था। जो न्यूजीलैंड ने 2015 वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में वेस्टइंडीज के खिलाफ वेलिंग्टन में बनाया था। विराट कोहली ने 113 बॉल 117 रन की पारी खेली। उन्होंने वनडे करियर का 50वां शतक जमाया। वे वनडे में सबसे ज्यादा शतक जमाने वाले बल्लेबाज बन गए। विराट ने सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों का रिकॉर्ड तोड़ा। दूसरी ओर श्रेयस अय्यर ने 70 बॉल पर 105 रन बनाए। अय्यर ने वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी सेंचुरी जमाई। शुभमन गिल ने 66 बॉल पर 80 और कप्तान रोहित शर्मा ने 29 बॉल पर 47 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने 2 विकेट लिए।

गागर में सागर

धूमधाम से मना भैया दूजा का पर्व

पांकी। प्रखंड के विभिन्न गांवों में बुधवार को भाई-बहन के स्नेह व प्रेम का प्रतीक पर्व भाई दूज धूमधाम से मनाया गया। पांच दिवसीय दीपोत्सव के अंतिम दिन कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि को भाई दूज का पर्व मनाने की परंपरा है। कहा जाता है कि इस दिन यमुना ने अपने भाई यम को घर पर आमंत्रित किया था व स्वागत सत्कार के साथ टीका लगाया था। तभी से यह त्योहार मनाया जाता है। इस पर्व को यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भाई को टीका लगाने का सबसे अधिक महत्व होता है।

झालसा ने निकाली कानूनी जागरूकता रैली

विश्रामपुर। बाल दिवस के उपलक्ष्य में पांडू प्रखंड के कुंडवा में झालसा के बैनर तले कानूनी जागरूकता रैली तथा प्रभात फेरी निकाली गई। जिसका नेतृत्व पीएलवी श्रीकांत तिवारी व मदरसा समिति ने किया। अपने संबोधन में श्री तिवारी ने बच्चों को कानून के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। हाथों में विभिन्न कानूनों की तख्ती लेकर बच्चों ने गांव भ्रमण कर लोगो को जागरूक किया। इस दौरान बच्चों ने बाल मजदूरी बंद करो, बाल विवाह बंद करो,बेटा-बेटी एक समान,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि नारे भी लगाए। मौके पर सदर बसी अहमद,ग्यासुदीन अंसारी, अबरार अंसारी, निजामुदीन अंसारी मौजूद रहे।

जपला सीमेंट फैक्ट्री के मजदूर नेता का निधन, शोक

हुसैनाबाद। वरिष्ट पत्रकार उदय प्रकाश ओझा व संजय ओझा के चचेरे भाई एवं मजदूर नेता आनंद मोहन ओझा 70 वर्ष का मगंलवार की देर रात निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर उनके पैतृक गांव देवरी खुर्द में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। आंनद मोहन ओझा जपला सीमेंट फैक्ट्री के मजदूर नेता थे। वे मजदूरों के बीच काफी लोकप्रिय थे। वह अपने पीछे पांच पूत्र व एक विवाहिता लड़की को छोड़ कर चल बसे। उनका अंतिम संस्कार देवरी स्थित सोन नदी तट पर मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा के वरिष्ट नेता ललन कुमार सिंह, अशोक सिंह, विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, ज़िप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ऊर्फ टूटू सिंह, जिप सदस्य राजू मेहता, जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धनंजय कुमार तिवारी, मजदूर नेता रघुराइ यादव, शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, रामजन्म चंद्रवंसी, पूर्व मुखिया रामाशंकर चौधरी, राजेंद्र चौधरी, नंदू सिंह चंद्रवंशी, उपेंद्र मेहता, नारायण सिंह यादव , मंगल सिंह, रूपा देवी, पंकज चटर्जी समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

भाईयों के दीर्घायु होने की कामना

सतबरवा। प्रखंड क्षेत्र व आसपास के इलाकों में भाई दूज का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। अपने भाईयों के दीर्घायु होने की कामना के साथ बहनों ने उपवास रखकर विधि-विधान पूर्वक पूजन किया। शकुंतला देवी, प्रीति देवी, रिंकी देवी आदि ने बताया कि यह पर्व करने से भाई की उम्र लंबी होती है। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण भगवान ने आज के दिन ही गोवर्धन पर्वत को अपनी एक उंगली पर उठाकर गाय माता एवं ग्रामीणों की देवराज इंद्र के कोप से रक्षा की थी। इसलिए आज के दिन गौ माता की भी पूजन करनी चाहिए।

पुरस्कृत कर बच्चों का किया उत्साहवर्द्धन

सगालीम। पांकी प्रखंड अंतर्गत सगालीम में संचालित सनशाइन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। स्कूल के डायरेक्टर राजेश कुमार प्रजापति ने अद्वार्षिक परीक्षा में अच्छे नंबर लाने वाले बच्चों को अपने हाथो से पुरुस्कृत किया। उन्होंने कहा कि समारोह का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बेहतर नागरिक बनाना है। जिससे बड़े होकर वे देश के विकास में सकारात्मक योगदान कर सकें। उन्होंने बच्चों को परिश्रम के साथ अध्ययन करने की नसीहत दी। मौके पर स्कूल के शिक्षक दिनेश कुमार,सुहाना खातून,जुल्ली, सना उपस्थित रहे।

छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण आज

मेदिनीनगर। हर साल की भांति इस साल भी वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद छठ व्रतियों के बीच 16 नवंबर को पूजन सामग्री का वितरण किया जाएगा। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने बताया कि सामग्री का वितरण 18 नवंबर तक जारी रहेगा।

धरती आबा की जयंती पर पद्चिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

भगवान बिरसा मुंडा के विचार एवं ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आंदोलन ने लोगों में राष्ट्रीय चेतना का निर्माण किया था : प्रखंड प्रमुख

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। झारखंड के स्थापना दिवस पर हुसैनाबाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, अंचलाधिकारी धनंजय गुप्ता के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजंलि अर्पित कर नमन किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के विचार एवं ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आंदोलन ने लोगों में राष्ट्रीय चेतना का निर्माण किया था। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के द्वारा थोपी गयी शोषण आधारित व्यवस्था के विरूद्ध स्वराज की उद्घोषणा की। उनके नेतृत्व में आदिवासियों ने ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकने के लिए उलगुलान किया था। उनके विचार एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। अंचलाधिकारी श्री गुप्ता ने कहा कि अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा ने जल,जंगल व जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया था। जयंती कार्यक्रम पर उनके सपनों को साकार करने के लिए संकल्पित होकर कार्य करने की जरूरत है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। देवरी खुर्द पंचायत समिति अरविंद कुमार मेहता, बडेपुर पंसस राजवंश यादव,सुमेर राम,राजस्व कर्मचारी राजेन्द्र, सत्यनारायण सिंह,पवन कुमार, प्रखंड नाजिर परमेन्द्र कुमार, बड़ा बाबू मो. शमीम, सिकन्दर चौधरी, सत्येंद्र कुमार ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किया।

आजसू ने मनाई बिरसा मुंडा की जयंती

स्थानीय आजसू कार्यालय में बुधवार को जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता व आजसू कार्यकताओं ने स्वतंत्रता सेनानी की तस्वीर पर पुष्पार्चन किया। पूर्व विधायक व जिला अध्यक्ष ने सभी को बिरसा मुंडा के जीवन के बारे में बताया । मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामजी पासवान, जितेंद्र पासवान, प्रेम गौरव, इस्तेखार, इरशाद आलम, प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू जायसवाल, राणा पासवान, मोहन गुप्ता, निक्कू, पवन मौजूद थे।

व्यापार मंडल ने मनाई बिरसा मुंडा की जयंती

व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के अध्यक्ष कृष्णा बैठा के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड के धरती आबा के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मौके पर कृष्णा ने कहा कि आज के दिन सभी को भगवान बिरसा मुंडा के पद चिन्हों पर चलकर झारखंड को और समृद्ध बनाने के लिए संकल्प लेने की आवश्यकता है।

आवास से नगदी सहित लाखों की चोरी

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। पिपरा थाना क्षेत्र के गहोरा गांव में मंगलवार की देर रात सुशीला देवी पति विजय भुईयां के घर में छत के रास्ते प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने नगदी सहित लगभग एक लाख रुपये की संपत्ति चुरा लिया। सुबह जब सुशीला देवी बेड से उठकर बाहर निकलना चाहा तो बाहर से रूम का कुंडी लगा हुआ मिला। आवाज लगाने के बाद घर के अन्य व्यक्तियों द्वारा कुंडी खोल गया। जिस कमरे में परिजन सोये थे। चोरों द्वारा दरवाजा बाहर से बंद कर दिया गया था। भुक्तभोगी ने बताया कि कमरों में रखे बर्तन सहित 10 हजार रूपए नगद, सोने की नाक की कील, 25 किलो फूल के बर्तन सहित अन्य कई कीमती सामान चोरों ने चुरा लिया है। चोरी की सूचना पिपरा पुलिस को दे दी गई है। सूचना मिलने पर पंचायत के पूर्व मुखिया संजय भुईयां, पूर्व मुखिया रामप्रवेश भुईयां आदि ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। चोरी की घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त है।

देवी मंदिर में लक्ष्मी पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। नगर पंचायत के सतगांवा देवी मंदिर प्रांगण में महालक्ष्मी पूजा के उपलक्ष्य में न्यू निर्माण सत्य समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना से सुख-समृद्धि आती है। इस दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देवी गीतों की प्रस्तुति की। मौके पर व्यवस्थाक अजय सिंह, राजकुमार पासवान, समिति के अनुज कुमार, रंभू , प्रकाश, सूर्यांशू , सुमन, राजू, संतोष, सोनू मौजूद थे।

हरिहरगंज में यूनिक लाइब्रेरी का उद्घाटन

हरिहरगंज। नगर पंचायत क्षेत्र के सीता हाईस्कूल खेल मैदान के पास बुधवार को यूनिक लाइब्रेरी का उद्घाटन मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी जानू चौधरी ने फीता काटकर किया। अपने संबोधन में श्री चौधरी ने कहा कि पुस्तक हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इस पुस्तकालय से बच्चों को पठन-पाठन में सहायता मिलेगी। पुस्तक से अच्छा कोई मित्र नहीं है। पुस्तकालय में प्रतियोगी पुस्तकों के अलावा ज्ञानवर्धक पुस्तकें भी रखी गयी हैं। संचालक अमरजीत कुमार ने कहा कि लाइब्रेरी में कई तरह की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर प्रदीप कुमार, जयंत कुमार, सत्येंद्र मेहता, अरविंद मेहता, मीना देवी, मधु कुमारी, जूही, दीपक वर्मा अनूप, संतोष, नरेश वर्मा, अमरेश मौजूद थे।

भूमि-विवाद में मारपीट चार घायलों में एक रेफर

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। हैदरनगर थाना क्षेत्र के सिमरसोत (उत्तरी भाग) में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच में मारपीट में जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गये हैं। जिन्हें हैदरनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज कराया जा रहा है। इसमें एक ग्रामीण की हालत गंभीर बताई गई है। उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर किया गया है। बताया जाता है कि रामलाल मिस्त्री के पुत्र निरंजन कुमार शर्मा व शंकर शर्मा एवं संजय शर्मा के पुत्र राकेश शर्मा व विकेश शर्मा के बीच पहले से भूमि विवाद कायम था। संजय शर्मा के पुत्र राकेश शर्मा व विकेश शर्मा विवादित भूमि पर चापाकल का बोर करा रहे थे। दूसरे पक्ष के निरंजन शर्मा की मनाही पर दोनों के बीच तू-तू , मैं-मैं होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी, डंडे, सबल, टांगी से हमला बोल दिया। थाना प्रभारी अजाद अंसारी ने कहा कि भूमि विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। घायलों के इलाज के बाद उनके बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।

अज्ञात अपराधियों ने युवक को मारी गोली, गंभीर

विश्रामपुर। थाना क्षेत्र निवासी विनोद राम के पुत्र सागर कुमार उम्र 21 वर्ष को मंगलवार की रात अज्ञात अपराधियों ने पैर में गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सागर मंगलवार की रात करीब 9:00 बजे अपने घर से कुछ दूरी पर टहल रहा था। इसी बीच अज्ञात अपराधियों ने उसे पैर में गोली मार दी। परिजनों द्वारा इस घटना की जानकारी विश्रामपुर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही विश्रामपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजवाया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

महायज्ञ सह भागवत कथा के मद्देनजर होर्डिंग से पट गया है इलाका

गांव से लेकर शहर के लोगों को महायज्ञ में किया जा रहा आमंत्रित

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में 21 से 28 नवंबर तक आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा में आमंत्रण के लिए गांव से लेकर शहर तक अभियान चलाया जा रहा है। महायज्ञ समिति के सह कोषाध्यक्ष सह राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष पंडित विकास दुबे के नेतृत्व में पलामू व गढ़वा के ग्रामीण क्षेत्रों में आमंत्रण दिया जा रहा है। वहीं शहरी व निगम क्षेत्रों में भी महायज्ञ समिति के सदस्य विभिन्न मुहल्लों में बैठक कर महायज्ञ की जानकारी दे रहे हैं। इस पूरे अभियान को महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक अर्जुन पाण्डेय, संरक्षक कृष्णकांत चौबे, प्रवीण सिंह, मनु प्रसाद तिवारी, नवीन तिवारी, आशीष भारद्वाज, अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, महासचिव शैलेश दुबे, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी दिशा-निर्देशित कर रहे हैं। भ्रमण के श्रद्धालुओं से 21 नवंबर को होने वाले ऐतिहासिक कलश यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया जा रहा है। इस संबंध में महायज्ञ समिति के मीडिया प्रभारी अवधेश शुक्ला,अजीत पाठक व प्रवक्ता आशुतोष पाण्डेय लक्की ने बताया कि आमंत्रण वितरण का कार्य बडे. पैमाने पर चलाया जा रहा है। समिति का प्रयास है कि मीडिया व प्रचार-प्रसार के सभी तंत्रों का सदुपयोग करते हुए प्रत्येक धर्मप्रेमी तक आमंत्रण पहुंचाया जाये।

11 कुंडीय यज्ञशाला में 55 श्रद्धालु एक साथ कर सकेंगे हवन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। स्थानीय बाईपास रोड स्थित हाउसिंग कॉलोनी परिसर में 21 नवंबर से आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में 55 श्रद्धालु यज्ञ मंडप में सामूहिक हवन करेंगे। यज्ञ मंडप में कुल 11 कुंडों का निर्माण कराया गया है। प्रत्येक कुंड के पास पांच-पांच श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। उक्त बातें श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम के यज्ञशाला प्रभारी कृष्णकांत चौबे ने कही। वे मंगलवार को यज्ञशाला परिसर में यज्ञ से संबंधित जानकारी दे रहे थे। कहा कि कुंड पर बैठने के इच्छुक ब्रह्मचर्य पालन कर सकने वाले सात्विक प्रवृत्ति के व्यक्ति सहभाग के लिए संपर्क कर सकते हैं। यज्ञशाला में निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। श्रद्धालु 22 नवंबर से यज्ञशाला की परिक्रमा

कर सकेंगे। संत गौरवानंद जी महाराज के सानिध्य में कानपुर के अद्वैत विज्ञान मठ दंडी आश्रम के कर्मकांड मर्मज्ञ ब्रह्मचारी उदितानंद जी महाराज यज्ञ संपन्न कराएंगे। उनके साथ वाराणसी के 22 विद्वान पंडित सहयोग के रूप में यज्ञ कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। मुख्य संरक्षक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय), संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी, प्रवीण सिंह, नवीन तिवारी,आशीष भारद्वाज, अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, महासचिव शैलेश दुबे, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, रवि शर्मा, सुशील तिवारी, लल्लू पांडेय, संजय कुमार मिश्रा, विकास दुबे, बृजेश शुक्ला, सचिव विशाल पांडेय, श्वेतांग गर्ग, शुभम दुबे, प्रदीप दुबे, संजय पांडेय, सौरभ दुबे आदि तैयारी में तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

प्राण-प्रतिष्ठा के साथ सनातन की पुर्नस्थापना व पुर्नजागरण: दामोदर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नावा बाजार प्रखंड के खण्ड सोहदाग में प्रखंड समिति व प्रखंड के सभी पंचायतों की विश्व हिंदू

22 नवंबर से 10 दिसंबर तक जिला के सभी पंचायत व गांव तक संत संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

परिषद के समितियों की सामूहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष हिमांशु पाण्डेय व संचालन प्रखंड मंत्री गणेश प्रसाद एवं प्रखंड बजरंग दल संयोजक सौरभ पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। बैठक को संबोधित करते हुए विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही देश में सनातन की पुनर्स्थापना व पुनर्जागण भी हो रहा है। इसलिय देश के सभी प्रखंडों व गांवों का राममय होना आवश्यक है। जिला मंत्री ने बताया कि 22 नवंबर से 10 दिसंबर तक जिला के सभी पंचायत व गांव तक संत संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 1 जनवरी से 15 जनवरी तक ग्राम / नगर संपर्क अभियान चलेगा। इस अभियान में श्रीराम मंदिर का चित्र, निमंत्रण पत्र व पूजित अक्षत (पीला चावल) के साथ कार्यकर्ता प्रत्येक गांव / नगर के घर-घर जाकर निमंत्रण देंगे। प्राण प्रतिष्ठा के दिन लाइव प्रसारण होगा जिसको स्थानीय स्तर तक पंहुचाने का प्रबंध परिषद के कार्यकर्ता करेंगे। मौके पर जिला सह मंत्री अमित तिवारी, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, जिला बलो पासना प्रमुख विकास कश्यप आदि मौजूद रहे। दुर्गा वाहिनी से काजल कुमारी, पूजा कुमारी आदि के नेतृत्व में महिलाएं भी आयोजन में जोरशोर से जुटी हैं।

व्यवसायिक घरानों में मजदूरों का हो रहा शोषण: विश्वनाथ राम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय जनता दल के झारखण्ड प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम घुरा ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर शहर के बड़े व्यवसायिक घरानो में काम करने वाले मजदूरों का शोषण किये जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मेदनीनगर शहर में बड़े व्यवसायियों द्वारा बड़े पैमाने पर गरीब, दलित व पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देकर उन्हें मासिक वेतन के रूप में महज 4 से 5 हजार रुपया दिया जा रहा है। यह श्रम अधिनियमों का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। श्री घुरा ने इसकी जांच कराये जाने की मांग की है। जिससे बेरोजगार नौजवानों को निर्धारित मजदुरी का भुगतान हो सके। इसके अलावे उन्होंने उपायुक्त का ध्यान शहर में धडल्ले से बेरोक टोक चल रहे महुआ शराब के अवैध कारोबार की ओर दिलाते हुए इससे जुड़े धंधेबाजो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उल्लास

आयोजकों ने कोलकाता से मंगाये गुलाब व गेंदा के फूल

श्रद्धालुओं पर डेढ़ घंटे हेलीकॉप्टर से होगी पुष्प वर्षा

50 हजार श्रद्धालुओं के साथ निकलने वाली शोभा यात्रा के लिए 1.1 क्विंटल फूलों की व्यवस्था की गई है

श्रीकृष्ण व भगवान परशुराम की जीवंत झांकी के साथ सात नदियों के जल से यज्ञ का आरंभ किया जाएगा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के हाउसिंग कालोनी में विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर का कार्यक्रम 21 नवंबर से आयोजित किया जाना है। कार्यक्रम के पहले दिन कलश यात्रा में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा होगी। यज्ञ स्थल से लेकर पूरे शहर में कलश यात्रा के दौरान पुष्प वर्षा जारी रहेगी। महायज्ञ में रथ पर सवार होकर परम पूज्य ठाकुर जी यज्ञ स्थल तक पहुंचेंगे। इस दौरान 50 हजार श्रद्धालुओं के साथ निकलने वाली शोभा यात्रा के लिए 1.1 क्विंटल फूलों की व्यवस्था की गई है। वहीं श्रीकृष्ण व भगवान परशुराम की जीवंत झांकी के साथ सात नदियों के जल से यज्ञ का आरंभ किया जाएगा। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुबह 7 बजे से यज्ञाचार्य ब्रह्मचारी उदितानंद महाराज द्वारा पूजन सह यज्ञ प्रारंभ होगा। वहीं भागवत कथा का आयोजन दोपहर 3 बजे से संध्या 6 बजे तक किया जाएगा। महायज्ञ की पूणार्हुति 29 नवंबर को होगी। जिस दिन वृहद रूप से भंडारा का आयोजन होगा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि कलश यात्रा में श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा को लेकर महाराजा एविएशन प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली का हेलीकॉप्टर आठ लाख रूपये में बुक किया गया है। 21 नवंबर को हेलीकॉप्टर महाराज देवकीनंदन ठाकुर के साथ सात नदियों का जल लेकर शिवाजी मैदान में 10 बजे लैंड करेगा। जिसके बाद महाराज जी रथ पर सवार होगा शोभा यात्रा में आगे-आगे चलेंगे। रथ के साथ 11 घोड़ा, बैंड, बाजा, ताशा के साथ श्रीकृष्ण व भगवान परशुराम की जीवंत झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान करीब 1.5 घंटे तक हेलीकॉप्टर से गुलाब की पंखुड़ी, गेंदा के फूल से पुष्प वर्षा कराई जायेगी. इसके लिए कोलकाता से करीब 1.1 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ी व अन्य फूल मंगाए गये हैं।

गागर में सागर

जागरूकता के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ रवाना

मेदिनीनगर। जिले के उपायुक्त शशि रंजन,उप विकास आयुक्त रवि आनंद,नगर आयुक्त जावेद हुसैन एवं सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने संयुक्त रूप से बुधवार को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि इस रथ के माध्यम से जिले के सभी पंचायतों में सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना,प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना,किसान सम्मान निधि योजना,केसीसी,पोषण अभियान, जनधन योजना,सुरक्षा बीमा योजना,जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इस वाहन का मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना है। इस दौरान पंचायतों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पदयात्रा कर डीसी को सौंपा ज्ञापन

मेदिनीनगर। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा कर पलामू की समस्याओं के समाधान के लिए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। पदायात्रा का शुभारीा भगवान बिरसा मुंडा के के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक पांडे, विनोद तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, सुरेश कुमार पाठक, शमीम अहमद राइन, पूर्णिमा पांडे, मिथिलेश कुमार सिंह, भिखारी राम आदि मौजूद रहे।

फांसी लगाकर युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

मेदिनीनगर। मानसिक तनाव में आकर 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र के चपरी गांव निवासी निर्मल राम के पुत्र महेश कुमार मंगलवार की रात अपने घर में फांसी पर झूल गया। संयोगवश परिजनों को इसकी भनक लग गई। उनके शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों की मदद से युवक को तत्काल फंदे से उतारकर बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने महेश की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी महेश की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

अदबी संसार का तरही-नातिया मुशायरा संपन्न

मेदिनीनगर। अदबी संसार के 28वीं तरही-नातिया मुशायरा के तहत ईदगाह रोड हुसैन नगर में एक शाम, शमीम डा. तस्लीम आरिफ के नाम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डा. तस्लीम आरिफ व संचालन युनूस रजवी ने किया। अतिथियों का स्वागत अदबी संसार के संस्थापक एमजे अजहर ने किया। अध्यक्षीय संबोधन में डा. आरिफ ने कहा कि साहित्य देश व समाज को मजबूत बनाता है। नए लिखने वाले व्याकरण पर ध्यान दें व उच्चारण दोष से बचें। उन्होंने कहा कि पलामू में तरही नातिया मुशायरा कराना अदबी संसार का एक बड़ा काम है। हाजी तनवीर अहमद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित मुशायरा की शुरूआत तिलावत ए कुऱान पाक से हुई। कारी जसीमुद्दीन शमीमी,एमजे अजहर, हाजी तनवीर अहमद, हाफिज मो.मेराज आलम शम्सी ने भी नातिया कलाम पेश किया। देर रात तक चले मुशायरा में मो.इस्लाम राईन, मो.यासीन कादरी, सऊद अहमद खां, मो.शफीक, मो.आलमगीर आलम, मो.रफीक, मो.शाहनवाज आलम उपस्थित थे।

मुरमा खुर्द में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

मेदिनीनगर। ऊंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत मुरमा खुर्द पंचायत के पांडेपुरा गांव में मुखिया रामबचन बैठा एवं समाजसेवी विकास दुबे के संयोजन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। आयोजन कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा के भावी प्रत्याशी विकास दुबे एवं मुरमा खुर्द के मुखिया रामबचन बैठा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुखिया ने बताया कि ऊंटारी रोड प्रखंड में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होना बहुत सौभाग्य की बात है । लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का शांतिपूर्वक लुफ्त उठाया। श्री दुबे ने कहा कि ऊंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र में अगर सामाजिक कार्यक्रम के अंतर्गत किसी भी तरह की मदद की आवश्यकता होगी तो वे हमेशा तैयार रहेंगे। कार्यक्रम में सुमन गुप्ता, ललन पासवान, रितेश सिंह, नंदकिशोर गुप्ता, पवन गुप्ता, संतोष राजवंशी, दशरथ पासवान, संतोष गुप्ता, गौतम कुमार गुप्ता, शत्रुघ्न गुप्ता उपस्थित थे।

भाई की लंबी आयु के लिए बहनों ने की गोवर्धन पूजा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई-बहन के स्नेह के प्रतीक भाईदूज के साथ ही गोवर्धन पूजा की गई। बहनों ने रोली एवं अक्षत से भाई को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र व उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। भाइयों ने भी बहनों को आकर्षक उपहार भेंट किए। गोवर्धन पूजा की परंपरा का निर्वहन महिलाओं ने आस्था व विश्वास के साथ किया। जगह-जगह सामूहिक रूप से युवतियों व महिलाओं का जमावड़ा लगा रहा। गोवर्धन पूजा के दिन महिलाओं ने गोबर से निर्मित चौकोर आकृति के बीच गोवर्धन पर्वत, यम व यमी के अतिरिक्त सांप, बिच्छू आदि के प्रतीकों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजन के दौरान गोबर से बनी आकृतियों के भीतर चना, ईख, नारियल, सुपारी व भटकटया आदि को भी रखकर मूसल से कुचला गया।

उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कचरा उठाव को पंचायतों को मिला बैट्री युक्त वाहन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष सह मुखिया को ईकार्ट प्लास्टिक कचरा उठाव बैटरी युक्त वाहन उपलब्ध कराया। डीसी ने हरी झंडी दिखाकर उक्त वाहन को रवाना किया। मुखिया सह अध्यक्ष ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को सौंपी गया यह वाहन जिले के सभी गांवों में पंचायत के माध्यम से प्लास्टिक को सेग्रीगेशन शेड तक पहुंचाने का कार्य करेगा। जिससे प्लास्टिक से होने वाले नुकसान से बचाव कर विभागीय मार्गदर्शिका के अनुकूल कार्य करते हुए फाइव स्टार मॉडल पंचायत बनाने में मदद मिलेगी। जिले में प्लास्टिक मुक्त अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से पंचायत से प्रखंड स्तर पर प्लास्टिक को पृथीकरण शेड तक पहुचाया जायेगा। प्रखंड स्तर पर शेग्रीगेशन शेड बनाई जा रही है। इस शेड मे प्लास्टिक से रॉमेंटेरियल तैयार किया जायेगा एवं पंचायत व प्रखंड मे रोजगार के लिए लाइवलिहुड का सृजन होगा। पलामू जिले के सभी पंचायतों को यह गाड़ी राज्य से दी जानी है। अभी तक जिले में 10 पंचायतो को यह वाहन दे दी गई है। शेष पंचायतों को मार्च 2024 के पूर्व विभाग द्वारा उपलब्ध करा दी जाएगी।

विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने मनाई जयंती

पलामू में स्थापना दिवस की धूम, धरती आबा को किया नमन

आज का दिन झारखंड वासियों के लिए गौरव का दिन है : डीसी

जिले की खुशहाली एवं संपूर्ण विकास के लिए सबकी सहभागिता जरूरी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला मुख्यालय में बुधवार को झारखंड राज्य स्थापना दिवस एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। इस मौके पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों व पदाधिकारियों ने स्टेशन रोड पर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उपायुक्त शशि रंजन, डीडीसी रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर धरती आबा को नमन किया। उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि आज का दिन झारखंड वासियों के लिए गौरव का दिन है। क्योंकि आज ही भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के साथ राज्य का स्थापना दिवस भी है। उन्होंने कहा कि जिले की खुशहाली एवं संपूर्ण विकास के लिए सबकी सहभागिता जरूरी है।

पूरे विश्व के आदर्श हैं धरती आबा बिरसा मुंडाः राजेंद्र : झारखंड स्थापना दिवस व भगवान बिरसा मुंडा की जयंती झामुमो के कार्यकताओं ने पूरे जोश के साथ मनाई। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अपने संबोधन में श्री सिन्हा ने कहा कि भगवान बिरसा संपूर्ण विश्व के आदर्श हैं। उनका सादगी भरा जीवन युगों युगों तक सभी को प्रेरित करता रहेगा। बिरसा मुंडा का जीवन हम सबों को साहस, बलिदान व शौर्य सिखाता है। उनकी जयंती से प्रदेश सरकार फिर से आपके सरकार आपके द्वार योजना के तहत लोगों के द्वार तक आ कर योजनाओं का लाभ पहुंचाएगी। इस कार्यक्रम में सचिव सन्नू सिद्धिकी, केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी, वरिष्ठ नेता इकबाल अहमद, संयुक्त सचिव रंजन कुमार, नगर अध्यक्ष रंजीत जयसवाल, व्यापारिक मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, दलित पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष ललन चौधरी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष फजायल अंसारी, सचिव नन्हें खान, कोषाध्यक्ष मन्नत बग्गा, नगर अध्यक्ष सोनम खान, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, बबलू चौधरी, मो. सायम, अरविंद चौधरी, संयुक्त सचिव कृष्ण कन्हैया दुबे, अमन कुमार, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी, छात्र नेता कौशल किशोरमौजूद थे।

भगवान बिरसा को किया नमन : वनवासी कल्याण केंद्र पलामू ईकाई के नगर व जिला समिति ने जनजातीय गौरव दिवस पर स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा एवं नावाटोली पार्क में स्थित शहीद नीलांबर-पीतांबर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिला सचिव अश्वनी मिश्रा ने कहा कि भारत की संस्कृति अरण्य संस्कृति है। जनजाति समाज अरण्य संस्कृति के संवाहक हैं। अध्यक्ष मदन मोहन पांडेय ने कहा कि बिरसा मुंडा एक प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक व देश के श्रद्धेय आदिवासी नेता थे। उनके बताये मार्ग पर चलकर ही सभ्य समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर बलराम उरांव, राजेश सिन्हा, रंजीत कुमार, सुशील प्रसाद, दीपक कुमार, संतोष कुमार दास, संच प्रमुख देवेंद्र सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपा व भाकपा ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

मेदिनीनगर। धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर स्टेशन रोड बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक के नेतृत्व में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जरूरत है कि जल, जंगल व जमीन को बचाने के लिए हम उनसे प्रेरणा लेकर झारखंड को और आगे ले जाने की शपथ लें। वरिष्ठ भाजपा नेता परशुरम ओझा ने कहा कि इसे जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री लड्डू खान, भाजयुमो जिलाध्यक्ष ज्योति पांडे, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय, महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला मंत्री मनोज दुबे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो, आलोक कुमार तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, सनी सिंह, नसीम राइन, सोनू अहमद आदि ने भगवान बिरसा मुंडा को लाल सलाम, बिरसा तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे का नारा लगाते हुए स्टेशन रोड स्थित बिरसा मुंडा के आदमकत प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की।

बोल रे भाई झारखंडी....

भगवान बिरसा मुंडा की 148वीं जयंती विभिन्न संगठनों द्वारा धूमधाम से मनाई गई। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। शिवनारायण साव ने बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला। संतोष विश्वकर्मा, सतीश दुबे, कृष्णा, राम श्याम पाठक, संजीत पासवान, अनिल राम, प्रद्युम्न तिवारी, संजय राम, जयपाल मोची, नानक सिंह विजय राम, प्रवीण कुमार, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे। रामनरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इसी क्रम में इप्टा की पलामू इकाई के अध्यक्ष प्रेम भसीन, अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह एवं जेम्स हेरेंज ने संयुक्त रूप से बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद इप्टा के कलाकारों ने उमेश नजीर द्वारा लिखित गीत बोल रे भाई झारखंडी बोलो झारखंड व जंगल, जमीन, पहाड़ बचावअ प्रस्तुत किया। केडी सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा की लड़ाई उनके सपनों का झारखंड बनने तक जारी रहेगी।

पंचायत प्रतिनिधियों के पूर्ण अधिकार की होगी मांग

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। ग्राम पंचायत सदस्य कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधि चुनाव जीतकर पंचायत के विकास के लिए जनप्रतिनिधि के रूप में चयनित किये जाते हैं। लेकिन सरकार की उदासीन रवैया के कारण पंचायत में पूर्ण विकास का कार्य नहीं हो पाता है। जिसके चलते जनप्रतिनिधियों व जनता के बीच अविश्वास उत्पन्न होता है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए सभी ग्राम पंचायत सदस्यों को एकजुट होकर बड़ा आंदोलन करने की जरूरत आन पड़ी है। पलामू सहित पूरे झारखंड के वार्ड सदस्यों को एकत्रित कर झारखंड सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने की रणनीति तैयार की जा रही है। इसका आगाज पांकी से होगा। प्रमुख मांगों के संबंध में उन्होंने बताया कि पंचायत जन प्रतिनिधियों को पूर्ण अधिकार दिया जाये। विकास के लिए के लिए वार्ड भवन का निर्माण कराया जाये। सम्मानजनक वेतन व पेंशन दिया जाये। साथ ही उन्हें दुर्घटना बीमा, यात्रा भत्ता, टेलीफोन भत्ता,ऑफिस खर्च आदि प्रदान किया जाये।

गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का करायें प्रचार-प्रसार : उपायुक्त

गरीबों को मिलेगा वनाधिकार पट्टा, कार्यशाला आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले के पंचायतों में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान के तहत 24 नंवबर से शिविर आयोजित किया जायेगा। इसमें सुयोग्य लाभुकों को अबुवा बीर दिशोम अभियान अंतर्गत वनाधिकार पट्टा से लाभान्वित किया जायेगा। इसे लेकर बुधवार को समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में वन अधिकार विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अबुआ वीर दिशोम अभियान के संचालन एवं लाभुकों को योजना के माध्यम से लाभान्वित करने के लिए पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने वन अधिकार पट्टा दिए जाने में अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों,ग्राम सभा का महत्व एवं वन अधिकार समिति द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में भी जानकारी। कार्यशाला के दौरान जिले में लाभुकों को व्यक्तिगत, सामुदायिक एवं सामुदायिक वन संसाधन वन अधिकार पट्टा दिए जाने पर चर्चा की गयी। उपायुक्त ने शिक्षा पदाधिकारी को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करवाने व शिविरों में इसके तहत आवेदन लेने का निर्देश दिया।

सहयोग

चैनपुर में नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष ने छठ व्रतियों को बांटे गेहूं व साड़ी

छठ महापर्व के असली मर्म को आत्मसात करें : मनोज सिंह

सामर्थ्यवान लोगों को पूर्वाग्रह रहित होकर सेवा कार्य करना चाहिए

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि छठ महापर्व का धार्मिक महत्व के साथ साथ समाज के निर्माण में भी बड़ी भूमिका है। यह महापर्व सामूहिकता, सामाजिकता, स्वच्छता व पवित्रता के साथ समाज के प्रति कार्य करने की प्रेरणा देता है। आज के दौर में जब लोग आत्मकेंद्रित हो रहे हैं, परिवार टूट रहे हैं। वैसे समय में छठ महापर्व यह संदेश दे रहा है कि समाज की प्रगति के लिए सामूहिकता का भाव जरूरी है। अकेले रहकर कुछ भी नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह अपनी रौशनी देने में भगवान भास्कर किसी तरह का भेदभाव नही करते है। ठीक उसी तरह सामर्थ्यवान लोगों को पूर्वाग्रह रहित होकर सेवा कार्य करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि छठ महापर्व के असली मर्म को आत्मसात करने की जरूरत है। बुधवार को पूर्व उपाध्यक्ष श्री सिंह ने चैनपुर के महान क्लब द्वारा आयोजित छठ पूजा सामग्री के वितरण कार्यक्रम में छठव्रतियों के बीच गेहूं तथा साड़ी का वितरण किया। उन्होने महान क्लब के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि इस तरह के प्रयास से समाज में सेवा भाव का बेहतर वातावरण तैयार होता है। मौके पर अमित सोनी, अमन मालाकार, अनमोल मालाकार, राजू गुप्ता, राहुल सोनी, राजू सोनी, दीपक अग्रवाल, राजेन्द्र मालाकार, दीपक गुप्ता व मनोज दास उपस्थित थे।

चैनपुर व शिवाजी मैदान में होगा छठ सामग्री का वितरण : अरुणा शंकर

मेदिनीनगर। प्रथम महापौर अरुणा शंकर के तत्वावधान में इस वर्ष भी शिवाजी मैदान में 17 नवंबर को नहाय-खान के दिन चेंबर की देखरेख में छठ सामग्री का वितरण किया जायेगा। श्रीमती शंकर ने बताया कि इस वर्ष चैनपुर सूर्य मंदिर छठ तालाब के प्रांगण में भी चैनपुर व शाहपुर के छठ व्रतियों के लिए पूजन सामग्री वितरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे छठ व्रती जिन्हें छठ सामग्री की आवश्यकता है। समय पर आकर छठ सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। सभी जरुरतमंद व्रतियों के लिए चेंबर तत्पर है। बुधवार को प्रथम महापौर ने सभी प्रमुख घाटों का निरीक्षण किया। अमानत घाट जाकर अवलोकन किया जहां लायंस क्लब एवं निगम प्रशासन द्वारा पूरी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि जेसीबी कई घाटों की सफाई कर रही है। अगर कहीं भी सफाई की आवश्यकता हो तो अवश्य संपर्क करें। प्रथम महापौर ने बताया इस वर्ष अमानत की तर्ज पर कोयल रिवर फ्रंट पर भी गंगा आरती किया जायेगा। जिसमें अयोध्या से आये विद्वान मनोरम गंगा आरती प्रस्तुत करेंगे।

महायज्ञ समिति का आमंत्रण वितरण अभियान तेज

कलशयात्रा में उमड़ेगा सदर प्रखंड से जन सैलाब

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला मुख्यालय में होने वाले श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा में सम्मिलित होने के लिए सनातन धर्मावलंबीयों को महायज्ञ समिति आमंत्रित कर रही है। पलामू के सेवादार सह महायज्ञ समिति के कार्यकारिणी सदस्य दीपक तिवारी के नेतृत्व में सदर प्रखंड स्थित कई पंचायतों के दर्जनों गांवों में आमंत्रण पत्र दिया गया। समिति के मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय, अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, महासचिव शैलेश दूबे, संरक्षक आशीष भारद्वाज आदि ने लोगों से एकरंग, एकरूप, एकजुट होकर कलश यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। दीपक तिवारी ने बताया कि महायज्ञ को लेकर नागरिकों में हर्ष व्याप्त है। सदर प्रखंड से कलश यात्रा में जन सैलाब उमड़ेगा। अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए कलश, साड़ी, सुरक्षा एवं फलाहार की व्यवस्था की गई है। मौके पर समिति के संरक्षक नवीन तिवारी, सह कोषाध्यक्ष विकास दुबे, कार्यालय प्रभारी चन्दन तिवारी, सचिव अभिषेक पाण्डेय, विक्रांत त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य विवेकानंद त्रिपाठी, पूर्व मुखिया रविन्द्र सिंह मौजूद रहे।

गागर में सागर

बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

खरौंधी। प्रखंड में बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रखंड झामुमो इकाई की ओर से बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। खरौंधी जिलापरिषद सदस्य सह झामुमो जिला सचिव धर्मराज पासवान ने कहा कि बिरसा मुंडा को ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक मजबूत विरोध के रूप में याद किया जाता है। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर ने कहा कि बिरसा मुंडा ने समाज में मौजूद कुप्रथाओं के खिलाफ जोरदार संघर्ष किया था। आदिवासी सरना समिति ने परसवान में कार्यक्रम आयोजित कर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर जयंती मनाई। अधिवासी सरना समिति ने खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इस मौके पर झामुमो सचिव मिथलेश राम, उपाध्यक्ष राकेश उरांव, शिया राम, देवदत्त प्रसाद, हिफाजत अंसारी, प्रेमन राम, विनोद यादव, जितेंद्र उरांव, शिक्षक मंगलेश सिंह, गोविंद उरांव, लक्ष्मण बैठा, अमरेश राम, वीरेंद्र उरांव, रविंद्र उरांव, उमेश उरांव, रामनाथ उरांव, बुलु उरांव, उपेंद्र उरांव, वीरेंद्र उरांव, सतेंद्र दास मौजूद थे।

भवनाथपुर में मनी बिरसा मुंडा जयंती

भवनाथपुर। प्रखंड के कैलान पंचायत भवन के प्रांगण में बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाई गई। मौके पर उपमुखिया सुरेंद्र यादव,प्रसेनजीत यादव,राकेश कुमार, छोटू साह, अनिता देवी, सीएसपी संचालक मिथलेश तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

पारंपरिक तरीके हुई चित्रगुप्त की पूजा

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भगवान चित्रगुप्त की पूजा की गई। जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा व सत्संग उपयोजना केंद्र आनंद धाम में भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की गई। दोनों जगहों पर पुरोहित राजीव रंजन तिवारी ने पूजा कराई। ऐसी मान्यता है कि भगवान ब्रह्मा की काया से चित्रगुप्त की उत्पति हुई थी। इसलिये उनको कायस्थ की संज्ञा दी गई। तब से कायस्थ जाति के लोग प्रतिवर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के द्वितीया तिथि को श्री चित्रगुप्त जी की पूजा किया जाता है। मौके पर विजय नंदन प्रसाद सिन्हा, शक्तिदास सिन्हा, उत्कर्ष सिन्हा, लक्ष्य सिन्हा, अनिता सिन्हा, प्रीति सिन्हा आदि उपस्थित थे।

बहनों ने व्रत रख कर मनाया भाई दूज

श्री बंशीधर नगर। अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाई-बहन के अटूट प्रेम के इस त्योहार को लेकर बहन-भाई उत्साहित दिखे। भाइयों ने बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार दिए। बहनें अपने-अपने घरों में परंपरागत रूप से गायों की पूजा की। यम व यमिनी की आकृति बनाकर गोधन कूटा गया। महिलाओं ने जीवन हॉस्पिटल के समीप एनएच 75 किनारे, हेंहो मोड़, स्टेट बैंक के समीप, जगत क्लॉनी, जंगीपुर सहित विभिन्न जगहों पर पूजा अर्चना की। पूजा के दौरान बहनों ने सर्वप्रथम हलजुवात से चना गड़ी व रंगीली कांटा को कुटा, तत्पश्चात बहनों ने चना गड़ी का प्रसाद भाइयों को खिलाया। भाई की लंबी आयु के लिए रंगीली कांटा और अपने जीभ में चुभाया। बहनों ने भाई दूज का पर्व मना कर पूजा के दौरान रुई से बनाई हुई माला को भाइयों के हाथों में पहनाया। इस दौरान पर्व से जुड़े पारंपरिक गीत भी गाए। व्रती महिला मीना देवी ने बताया कि यह पर्व सदियों से मनाया जा रहा है। मौके पर मीना देवी, मीना देवी, श्रृष्टि कुमारी, शिला देवी, रजनी कुमारी, रेशम कुमारी, लाली शर्मा, आशा देवी, मीना देवी, मांशी कुमारी आदि मौजूद थीं।

वन अधिकार कानून की जानकारी दी

भवनाथपुर। गढ़वा उतरी वन क्षेत्र प्रशिक्षु आईएफएस इबिन बेनी अब्राहम ने भवनाथपुर वन कार्यालय में बैठक आयोजित कर वन अधिकार अधिनियम की जानकारी दी। उन्होंने ने बताया कि वैसे व्यक्ति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य जो 2005 से पूर्व से वन भूमि में रह रहे हो, वन भूमि में खेती करते हो या वन भूमी पर आश्रित हो वैसे लोगों को ग्राम सभा से पारित कर वन पटा दिया जा सकता है। वन पट्टा जीविकोपार्जन के लिए दिया जाता है। इसे बेच नहीं सकते हैं। वन पट्टा देने की पूरी प्रक्रिया समझाई। वन क्षेत्र को वन विभाग का नहीं समझे। ये भी सरकार की ही है और सरकार आम लोगों की है इसलिए ये वन क्षेत्र भी आपलोगों का ही है। हम लोग सिर्फ इसकी देखरेख के लिए हैं। इसलिए आप भी इसे अपना समझ कर नियम विरुद्ध काम न करें। अगर कोई ऐसा करता है तो उसकी सूचना दें। उसके ऊपर कारवाई की जाएगी। मौके पर वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार, वन रक्षी दयाशंकर सिंह, ओमप्रकाश उरांव, सचित कच्छप, अभिषेक कुमार, हेमंत पांडेय, संजीत कुमार, विकाश कुमार सहित ग्रामीण एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

राज्य स्थापना दिवस पर टाउन हॉल गढ़वा के मैदान में किया गया जिलास्तरीय समारोह का आयोजन

योजनाओं का लाभ आमजनों को देने का लें प्रण : डीसी

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

झारखंड राज्य स्थापना दिवस के मौके पर टाउन हॉल गढ़वा के मैदान में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार आदि ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए विकसित और खुशहाल झारखंड की कामना की।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि आमजनों के जीवन में जो बदलाव आए हैं उसे हम महसूस कर सकते हैं। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के सहयोग से गरीबों को आवास का लाभ मिल रहा है, मनरेगा का लाभ मिल रहा है, सदर अस्पताल की स्थिति में बदलाव हुआ है, हर तरफ विकास हुआ है, व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है। राज्य ने जो प्रगति की है उसे बताने की आवश्यकता नहीं है। यह बहुत गौरव का दिन है। भगवान बिरसा मुंडा के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जिला प्रशासन आपके साथ है, आपको कहीं भी किसी भी प्रकार की समस्या या सहायता की आवश्यकता होने पर आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का भरोसा दिया। गढ़वा जिले ने एक गुणात्मक ऊंचाई व प्रगति हासिल किया या। हमारी अपेक्षाएं है कि हम आगे भी बेहतर कार्य करें और लगातार गढ़वा जिला को ऊंचाई पर पहुंचाएं।

करीब 182 करोड़, 81 लाख रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण

कार्यक्रम में उपायुक्त द्वारा लाभुकों के बीच लगभग 182 करोड़ 81 लाख रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण एवं स्वीकृति/ अनुदान का लाभ दिया गया। इनमें मुख्य रूप से जिला सहाय्य शाखा अंतर्गत कुल 55 लाभुकों के बीच प्राकृतिक आपदा/ सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के आश्रित को अनुग्रह अनुदान के रूप से 8,998,600 रुपये, जिला कल्याण शाखा अंतर्गत मुख्यमंत्री रोजगार सृजन के 3 लाभुकों के बीच 3,419,268 रुपये, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के 2 लाभुकों के बीच 49,600 रुपये, बिरसा आवास निर्माण के 2 लाभुकों के बीच 2,63,000 रुपये, डीआरडीए अंतर्गत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के 5 लाभुकों के बीच 6,50,000 रुपये, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के 4142 लाभुकों के बीच 1,640,232,000 रुपये, जिला समाज कल्याण शाखा के अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के 551 लाभुकों के बीच 1,653,0000 रुपये, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 29454 लाभुकों के बीच 1,363,95,000 रुपये, जिला पशुपालन विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के 5 लाभुक के बीच 1,24,000 रुपये, जिला कृषि विभाग अंतर्गत सरसो बीज वितरण (2 किलोग्राम प्रति लाभुक) के 9000 लाभुकों के बीच 20,346,30 रुपये, शत प्रतिशत अनुदान पर सब्जी बीज वितरण के 100 लाभुकों के बीच 2,00,000 रुपये, मधुमक्खी कीट वितरण योजना के 80 लाभुकों के बीज 7,680,000 रुपये, 80 प्रतिशत अनुदान पर पंपसेट एवं नेकसेप स्प्रेयर के 365 लाभुकों के बीच 2,716,400 रुपये, भूमि संरक्षण विभाग अंतर्गत कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर एवं सहायक यंत्र के 11 लाभुकों के बीच 8,800,000 रुपये, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत पेंशन हेतु 5 लाभुकों को स्वीकृति दी गई, श्रम विभाग अंतर्गत साईकल सहायता योजना के 2 लाभुकों को 10,000 रुपये, निर्माण श्रमिक सेफ्टी कीट के 2 लाभुकों के बीच 2,000 रुपये का लाभ दिया गया। इसके पश्चात उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया, जिसमें मुख्य रूप से पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा, जिला कृषि कार्यालय, जिला भूमि संरक्षण कार्यालय, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, जिला आपूर्ति शाखा, जिला गव्य विकास कार्यालय, जिला मत्स्य कार्यालय, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, जिला परिवहन कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, शिक्षा विभाग, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड द्वारा दीदी कैफे, प्लास मार्ट, फूलो झानों आशीर्वाद योजना, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, जिला कल्याण कार्यालय, जिला समाज कल्याण शाखा, जिला स्वास्थ्य विभाग, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण गढ़वा, कन्या विवाह एवं विकास सोसायटी आदि के स्टॉल शामिल थे।

23 वर्ष के दौरान हम हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं : डीसी

वहीं पुलिस अधीक्षक कहा कि झारखंड को बनाने में जिन्होंने बलिदान दिया है उनके प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं। उपायुक्त कहा कि 23 वर्ष पहले हमारा राज्य बिहार से अलग हुआ। 23 वर्ष पहले हमारा राज्य कहां था और आज कहां है। यह आप सभी के समक्ष है। राज्य में शिक्षा का स्तर बढ़ा है, स्कूल पर्याप्त संख्या में नहीं थे, शिक्षक पर्याप्त संख्या में नहीं थे, परंतु अभी स्थिति काफी बदली है। हमारे राज्य में शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में व्यवस्थाएं दुरुस्त हुई है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हमने काफी अच्छा कार्य किया है और निरंतर विकास की गति बढ़ रही है। विकास का श्रेय हमारे जनप्रतिनिधि को जाता है जो आमजनों की बातों को हम तक पहुंचाते हैं। पीवीटीजी परिवारों को भी लाभ मिल रहा है। आदिम जनजाति के पारिवार को हर प्रकार का लाभ मिल रहा है। सुदूरवर्ती क्षेत्र में रह रहे गढ़वा जिला वासी भी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हम दृढसंकल्पित होकर योजनाओं का लाभ आमजनों को सही समय पर दें एवं अधिक से अधिक संख्या में दें इस पर हमें जोर देने की आवश्यकता है। केंद्र एवं राज्य सरकार बहुत सी योजनाएं चलती है, उसकी जानकारी लें एवं उन योजनाओं का लाभ उठाएं। हमारा मुख्य दायित्व है कि हम इन योजनाओं का शत प्रतिशत लाभुकों तक लाभ पहुंचाएं। आज हम प्राण लें कि योजनाओं का लाभ आमजनों को दें, हमारे लिए मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है।

एकलव्य आवासीय विद्यालय का पीएम नरेंद्र मोदी ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया

झारखंड स्थापना दिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस के शुभ अवसर पर भंडरिया में स्थापित नवनिर्मित एकलव्य आवासीय विद्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। झारखंड के खूंटी में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार व अंचलाधिकारी राकेश भुषण सिंह, मुखिया विनय सिंह आदि ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख रूकमनी कुमारी, उप प्रमुख श्रद्धा देवी, सभी 6 पंचायत मुखिया सोहर सिंह, सविता कुमारी, प्रेमी देवी, बीडीसी महेश यादव, वार्ड सदस्य जेएसएलपीएस कर्मी आदि उपस्थित थे। वहीं राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आदिवासी अखिल भारतीय महासभा के बैनर तले बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। मौके पर मुख्य रूप से नीलम कुजूर, राजेश मिंज, केश्वर केरकेट्टा, ललन सिंह, प्रेम सिंह, तिमुथ्यूस कुजूर आदि उपस्थित थे। वहीं बाहर भंडरिया के जोगिया मठ चौक पर भूईहर मुंडा समाज ने बिरसा मुंडा जयंती मनाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में राम सकल नागवंशी, राकेश मुंडा, प्रदीप मुंडा, दिलीप मुंडा, उपेंद्र मुंडा, अशोक मुंडा आदि का योगदान रहा।

'सामंती ताकतों को पीछे धकेलने के लिए हमें बिरसा मुंडा के मार्ग पर चलना होगा'

अखिल भारतीय आदिवासी महासभा ने मनाई बिरसा मुंडा की जयंती

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया

अखिल भारतीय आदिवासी महासभा की प्रखंड इकाई ने बुधवार को जननायक बिरसा मुंडा की जयंती मनाई। प्रखंड परिसर से आईटीआई चिरका तक मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। आईटीआई चिरका के बगल में सिधवा मोड़ के पास रैली सभा में तब्दील हो गई। सभा स्थल पर बिरसा मुंडा के चित्र पर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष चैतू सिंह खरवार ने कहा कि बिरसा मुंडा के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। तभी जाकर अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा, पहचान एवं अस्तित्व बना रहेगा। साथ ही जल जंगल जमीन को बचाया जा सकेगा। वर्तमान समय में हमारे लिए बहुत ही चुनौतियां हैं। हमें खत्म करने की साजिश निरंतर चल रही है। हमारी जमीन छीनने की कोशिश से हो रही है। हमारे द्वारा उन सामंती ताकतों को पीछे धकेलने की कोशिश भी हो रही है। औद्योगिक विकास के नाम पर बड़े पूजी पत्तियों को बसाने और हमें अपनी जमीन से बेदखल करने की साजिश चल रही है। हमारी भाषा, सभ्यता एवं संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश हो रही है। हमारा दर्शन एवं विचारधारा दुनिया का सर्वश्रेष्ठ दर्शन व विचारधारा है। इसे खत्म कर मनुवादी दर्शन एवं विचारधारा थोपने की कोशिश हो रही है ताकि आदिवासी पहचान ही खत्म हो जाए। ऐसे दौर में मनुवादी दर्शन व विचारधारा की इस खतरनाक मुहिम के खिलाफ हम नहीं खड़े होंगे तो कौन होगा? इसलिए हम सब क्रांतिकारी जननायक बिरसा मुंडा के मार्ग पर चलकर ही अपने हक अधिकार को बचा सकेंगे। मौके पर महासभा के प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह खरवार, प्रोफेसर बैंड टोप्पो, नथनी सिंह, मुद्रिका मांझी, मुंद्रिका बैगा, नंदकिशोर सिंह, दशरथ परहिया, कविता कुमारी, नागेंद्र कोरबा, बीरबल कोरबा, बेबी देवी, यशवंत सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, लखपतिया देवी, गंगेश्वर सिंह, रामाधार सिंह, रामगी कोरबा, रामेश्वर सिंह, हीरामन, पारस सिंह, विनोद सिंह सहित सैकड़ों आदिवासी मौजूद थे।

'आदिवासियों के कानून को कमजोर करने की हो रही साजिश'

नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़

अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के बैनर तले बुधवार को प्रखंड अंतर्गत गोठानी गांव में बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश मींज, सुनील मींज, बसंती खलखो, फिलीप कुजूर, विश्राम बाखला आदि उपस्थित थे। इस मौके पर प्रखंड के रामर, बरिगावां, बिंजपुर, कालाखजुरी, टेहरी, आदि सहित प्रखंड के विभिन्न गांवों के आदिवासी महिला-पुरुषों ने पारंपरिक भेष-भूषा, अस्त्र-शस्त्र एवं ढोल नगाड़े के साथ अपने गांव से चलकर बड़गड़ होते हुए जूलूस के शक्ल में गोठानी गांव स्थित चर्च मैदान में सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम आदिवासी नेताओं के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। मांदर की थाप पर लोगों ने लोकगीत गाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जय प्रकाश मींज ने कहा कि सीएनटी एक्ट आदिवासियों के लिए एक सुरक्षा कानून है जिसके चलते आज भी आदिवासियों की जमीन सुरक्षित है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज आदिवासियों के बनाए कानून को कमजोर करने की साजिश की जा रही है। इनके इशारे पर आदिवासियों का जंगल एवं जमीन बेची जा रही है, जिसे आदिवासी समुदाय कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने ग्राम सभा को मजबूत करने पर बल देते हुए कहा कि सशक्त ग्रामसभा की बदौलत आदिवासियों के जल, जंगल एवं जमीन की रक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि पेशा कानून के तहत ग्राम सभा को बहुत सारे अधिकार दिए गए हैं। यह देश की तीसरी सरकार की भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मींज ने किया।

मुखिया सनिधा ने किया दो योजनाओं का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

झारखंड स्थापना दिवस पर बुधवार को प्रखंड के चितविश्राम ग्राम पंचायत अंतर्गत मंगरदह ग्राम में 32 हजार की लागत से उत्क्रमित मध्य विद्यालय में खेल मैदान निर्माण व उत्क्रमित मध्य विद्यालय के परिसर में पोषण वाटिका निर्माण का शिलान्यास मुखिया सनिधा सोनी व पंचायत समिति सदस्य मृदुल द्विवेदी ने किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रागनी रवानी, शिक्षक मनोज पांडेय, रोजगार सेवक आनंद विश्वकर्मा, कनीय अभियंता रणधीर कुमार, वार्ड सदस्य शंकुतला देवी, रजनीश सिंह, नीरज पांडेय, संतु सिंह, दीपक पांडेय आदि उपस्थित थे।

पहल | पुलिस इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी ने नारायण वन में तैयारियों का लिया जायजा

पुलिस अधिकारियों ने किया छठ घाट का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। केतार

लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर मुकुंदपुर गांव के नारायण वन में युद्धस्तर पर तैयारी चल रही है। छठ घाट पर चल रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को पुलिस इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार और थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने नारायण वन छठ घाट पर स्नान के लिए लगे झारना, पेयजल, मंदिर परिसर की सफाई, डेकोरेट, पार्किंग, सीसीटीवी कैमरा व लाइटिंग की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नारायण वन छठ घाट पर छठ व्रतियों की सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया जायेगा। उन्होंने मंदिर विकास समिति को 101 वोलेंटियर का चयन करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि नारायण वन छठ घाट पर झारखंड के अलावा, बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के करीब 40-50 हजार छठ व्रती छठ महापर्व करने पहुंचते है। सभी छठ व्रतियों को ठहरने के लिए मंदिर विकास समिति प्रबंध करती है। मौके पर मंदिर अनुशासन समिति के बबलू सिंह, पंकज सिंह, मंदिर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, विकास सिंह, संदीप कुमार, धर्मेंद्र सिंह, जयराम पासवान मौजूद थे।

शांति समिति की बैठक आज : वहीं नारायण वन छठ घाट पर शांतिपूर्ण तरीके से छठ पूजा और मेला संपन्न कराने को लेकर गुरुवार की दोपहर एक बजे शांति समिति की बैठक बुलाई गई है। इसकी जानकारी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह ने दी। उक्त बैठक में थाना प्रभारी, पुलिस इंस्पेक्टर, एसडीओ सहित जिला के अधिकारी, पदाधिकारी शामिल होंगे।

भवनाथपुर थाना प्रभारी ने छठ घाटों का लिया जायजा

भवनाथपुर। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बुधवार को आश्रम छठ घाट, सिंदुरिया छठ घाट, बाजार छठ घाट, अरसली छठ घाट सहित कई घाटों का जायजा लिया। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग समेत सुरक्षा के उपायों पर गहन चर्चा की। इस मौके पर सीआई विभूति नारायण सिंह, बुचूल चन्द्रवंशी आदि मौजूद थे।

राज्य स्थापना दिवस पर हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

अवधेराज देवी ट्रस्ट द्वारा संचालित एआरडी पब्लिक स्कूल में झारखंड स्थपना दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक पीके दुबे व प्राचार्या आणिमा पांडेय ने किया। इस अवसर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सभी सफल प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेडल, प्रशस्ती पत्र व स्टडी मैटेरियल देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होनेवाले छात्रों मे कहक्शा नूरी, संध्या कुमारी, सब्बा खातून, जागृति कुमारी, सुधा कुमारी, खुशबू कुमारी, संजना कुमारी, आफरीन बानो, साना प्रवीण, श्रेया भारती, पूनम मिंज, उमे लारेब, दीक्षा रानी, जीनत प्रवीण, इंजमाम अंसारी,भावना कुमारी, स्वेता प्रिया, साक्षी पाल, उमे जोया, दिव्या कुमारी, समृद्धि कुमारी, दिव्यम राज, चंदन कुमार रवि आदि शामिल रहें। इससे पहले छात्रों को संबोधित करते हुए दुबे ने कहा कि हमें अपनी सभ्यता व संस्कृति पर गर्व है। हम उस राज्य के वासी हैं जहा बिरसा मुंडा जैसे महान हस्ती का जन्म हुआ है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा का आदम्य साहस व प्रकृति प्रेम देखकर लोग उन्हें भगवान मानते थे।

गागर में सागर

दो चोरों को ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

पत्थलगड़ा(चतरा)। पुलिस ने पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के नावाड़ीह से साइकिल व बाइक चोरी कर भग रहे दो चोरों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। मंगलवार मध्य रात्रि करीब नावाडीह चौक के पास तीन युवक एक साइकिल व एक बाइक चोरी कर भाग रहे थे। इस दौरान कुछ ग्रामीणों के द्वारा उक्त चोरों को देखा गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने दो चोर को बाइक व साइकिल के साथ धर दबोचा, जबकि तीसरा भागने में सफल रहा। उसके बाद ग्रामीणों के सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम को दोनों चोरों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने बताया कि इस चोरी की घटना में तीन युवक शामिल थे, दो को हिरासत में ले लिया गया है, जबकि तीसरा भागने में सफल रहा। बाइक मालिक नावाडीह निवासी मनोज विश्वकर्मा के लिखित आवेदन पर तीनों अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज अभियुक्त सौरभ कुमार, पिता रंजन कुमार सिंह व राजेश कुमार, पिता त्रिभुवन सिंह को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सौरभ कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है।

मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक गंभीर

गिद्धौर। थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेयटांड के समीप बुधवार को बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल युवक गिद्धौर के पाण्डेयटोला निवासी नीरजु पांडेय का पुत्र सोनू कुमार है। बताया गया कि युवक अपने घर से खलारी जंगल की ओर जा रहा था। तभी बाइक अनियंत्रीत होकर खेत में तड़प गया। जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की ततपरता से युवक को इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

पलटी कार, बाल-बाल बचे सभी सवार

गिद्धौर। थाना क्षेत्र अंतर्गत गांगपुर-खलहाखुदी के समिप बुधवार को एक टाटा पंच कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हालांकी बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई और कार में सवार एक पुरूष दो महिला समेत तीन मासूम बच्चे बाल बाल बच गए। बताया जाता है कि चतरा से कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डिबलबांध अपने नानी के यहां गए थे। दीवलबांध से चतरा लौटने के क्रम में गांगपुर-खलहाखुदी के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया। कार में सवार लोग सदर अस्पताल में कार्यरत बताए जा रहे हैं।

जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने की बैठक

बालूमाथ। प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को जिला भू अर्जन अधिकारी राजेश कुमार ने बीडीओ सोमा उरांव, बीएलओ सहित प्रखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सभी बीएलओ को दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी के लिए विचार विमर्श किया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमरेश पांडे, बाल विकास परियोजना कार्यालय पर्यवेक्षिका कामिनी कुमारी आदि उपस्थित रहे।

बैनर फाड़े जाने पर प्रखंड राजद में रोष

बालूमाथ। राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने मंगलवार को बालूमाथ थाने में आवेदन देकर कहा कि बीते दिनों थाना क्षेत्र के शेरेगड़ा पंचायत के अलग-अलग 7 स्थानों पर दीपावली, छठ पर्व, गोवर्धन पूजा का शुभकामना संदेश वाला बैनर लगाया गया था। बैनर में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, बिहार के पूर्व सीएम राबड़ी देवी, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, झारखंड के श्रम मंत्री, चतरा लोक सभा क्षेत्र के पूर्व राजद प्रत्याशी, लातेहार विस क्षेत्र के वर्तमान विधायक आदि की तस्वीरें लगाई गई थीं। असामाजिक तत्वों द्वारा सभी बैनरों को फाड़ दिया गया है। यह हरकत कर पार्टी की छवि धूमिल करने की कोशिश की गई है। इसको लेकर राजद कार्यकर्ताओं में काफी रोष है। यादव ने बैनर फाड़ने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

प्रतियोगिता में भाग लेने प्रतिभागी रवाना

बरवाडीह। झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर गढ़वा खेल मैदान में आयोजित होने वाली प्रमंडल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कबड्डी प्रतिभागी बालक एवं बालिकाएं बुधवार को जिला कबड्डी सचिव अशफाक अहमद मुन्ना के नेतृत्व में रवाना हुए। मुन्ना ने बताया कि सभी खिलाड़ी पूरी तैयारी के साथ प्रमंडल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे हैं। उम्मीद है सभी खिलाड़ी पदक लेकर लौटेंगे।

पीसीसी पथ का किया गया उद्घाटन

बारियातु। प्रखंड कार्यालय स्थित डीएसपी आवास से प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय तक 15वें वित्त अंतर्गत पीसीसी पथ का उद्घाटन प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, गोनिया मुखिया रानो देवी ने किया।

छठ घाट पर निर्मित सीढ़ी का उद्घाटन

बालूमाथ। प्रखंड अंतर्गत जर्री नदी छठ घाट पर निर्मित सीढ़ीका विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बुधवार को उद्घाटन किया। मौके पर विवेक कुमार, चंदन कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव, मुखिया विमला देवी, ग्राम प्रधान नगड़ा अरविंद गंझू, झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान आदि मौजूद थे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई-बहन के प्यार का प्रतीक भैया दूज

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

भाई-बहन के प्यार का प्रतीक भैया दूज का पर्व बुधवार को जिले में उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान भाइयों के माथे टीकों से सजे दिखाई दिए। दिन भर बहनों का अपने भाइयों के यहां टीका लगाने के लिए पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। माथे पर टीका लगाते हुए बहनों ने अपने भाइयों की सलामती दीघार्यु की दुआ मांगी।

भाई-बहन के अटूट प्रेम को सूत्र में पिरोते इस त्योहार को जितना उत्साह बहनों में दिखा उतने ही भाई भी उत्साहित दिखे। भाइयों ने भी अपनी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार दिए। मंदिरों में इस अवसर पर सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। धनतेरस, छोटी दीपावली, लक्ष्मी पूजन, गोवर्धन पूजा और भैया दूज के साथ ही दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। भाई दूज के रूप में मनाए जाने वाले त्योहार के लिए ऐसा माना जाता है कि दीपावली के बाद भाई दूज के दिन ही यमराज अपने बहन यमी के घर का रुख किया था और बहन यमी ने उनके माथे पर तिलक लगाकर सलामती की दुआ मांगी थी। इस पर यमराज ने अपनी बहन को हमेशा इस दिन उसके पास आने का वचन दिया। मान्यता है कि इस दिन जो भी भाई अपनी बहन से माथे पर तिलक लगाता है उसकी लंबी आयु होती है। एक अन्य कथा के अनुसार भगवान कृष्ण ने नरकासुर का वध करने के बाद अपनी बहन सुभद्रा के घर का रुख किया था। कृष्ण की बहन सुभद्रा ने दिए जलाकर भाई का स्वागत किया था और तिलक लगाकर लंबी उम्र की दुआ मांगी थी।

चित्रगुप्त पूजा व भैया दूज मनाई गई

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में बुधवार को भैया दूज एवं अन्नकूट का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाई की खुशहाली के लिए सामूहिक गीत भी गाए। वहीं क्षेत्र में कायस्थ परिवार द्वारा चित्रगुप्त पूजा का भी आयोजन किया गया। भगवान चित्रगुप्त से खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की गई। मौके पर आमोद श्रीवास्तव, मनोज कुमार सहाय, विष्णु देव सहाय, अभय कुमार श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

स्थापना दिवस पर लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंडों में हुए कार्यक्रम

भगवान बिरसा मुंडा आज भी हमारे लिए अनुकरणीय : विधायक राम

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा

लातेहार विधायक वैधनाथ राम ने बुधवार को प्रखंड के गुरिटांड़ स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राम ने मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अपने छोटे से जीवनकाल में ही जो उलगुलान का बिगुल फूंका, जिससे पूरे समाज में एक नई चेतना पैदा हुई। उन्होंने ने समाज को एक नई दिशा प्रदान की। अपने नेतृत्व क्षमता से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लोगों को न सिर्फ इकट्ठा किया बल्कि समाजिक कुरुतियों के खिलाफ भी लोगों को एकत्रित करने का काम किया था। भगवान बिरसा मुंडा आज भी हम सबों के लिए अनुकरणीय हैं। वहीं झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार बिरसा मुंडा के सपनों का झारखंड बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम स्थल पर पूर्व मुखिया बबन मुंडा, झामुमो नेता शितमोहन मुंडा, चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उंराव आदि उपस्थित थे।

स्मारक स्थल की घेराबंदी योजना का शिलान्यास : राम ने विधायक मद से होने वाले स्मारक स्थल की घेराबंदी योजना का शिलान्यास किया। मौके पर बीडीओ विजय कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, समाजसेवी राजकुमार साहु, भाकपा नेता प्रमोद साहु, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, अंकित पांडेय, मनोज कुमार पासवान, मो सरफरा, नौशाद अंसारी, जितेंद्र सिंह, करमा मुंडा आदि उपस्थित थे।

बिरसा को किया नमन

बालूमाथ। बीडीओ सोमा उरांव सहित प्रखंड कर्मी एवं प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को जयंती पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान राजीव रंजन, कामिनी कुमारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव, झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान, मुखिया नरेश लोहरा, जगन्नाथ साव आदि उपस्थित रहे।

लातेहार उपायुक्त ने जयंती पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

लातेहार। उपायुक्त हिमांशु मोहन ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर चंदनडीह पार्क स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध उलगुलान किया था। उन्होंने आजादी एवं लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर उप विकास आयुक्त अलोक शिकारी कच्छप, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा सुजीत कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, प्रशासक नगर पंचायत राजीव रंजन, अवर निबंधक बिपिन साहू एवं अन्य उपस्थित थे।

प्रखंडकर्मियों ने बिरसा मुंडा की जयंती मनाई

बारियातु। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार को पंचायत प्रतिनिधियों व प्रखंड कर्मियों ने कार्यक्रम आयोजित कर धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती मनाई। पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मियों ने बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव, समाज सेवी नन्दु उरांव, बीपीओ रवि यादव, पंकज पांडेय, निरंजन रजक, सुनिल कुमार, प्रितम कुमार, बिंदेश्वर राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

राज्य स्थापना दिवस पर रक्त संग्रह कार्यक्रम

चंदवा। प्रखंड के जमीरा पंचायत में सेवार्थ विद्यार्थी द्वारा बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित थे। रक्तदान करने वालों में पवन कुमार लाल, अंकित कुमार सिंह, अवदेश कुमार, संध्या बाला देवी, कुमार नवनीत आदि शामिल रहे। शिविर में मुख्य रूप से झारखंड प्रांत के एसएफएस सह संयोजक कुमार नवनीत, एलटी हरिशंकर मिश्र, एलटी जुनैद अली, वाहन चालक सुरेंद्र बड़ाइक आदि पंचायतवासी मौजूद थे।

बिरसा मुंडा के आदर्श को आत्मसात करने की जरूरत : बीडीओ

बरवाडीह। प्रखंड कार्यालय समेत अन्य स्थानों पर बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिवस व झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, जेएसएलपीएस बीपीएम अभय कुमार आदि ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर बीडीओ कहा कि भगवान बिरसा मुंडा द्वारा अन्याय के विरुद्ध उठाए जाने वाली आवाज को हमें अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। बलराम सिंह, विजय कुमार पप्पू, बनवारी सिंह, झमन सिंह, नवल किशोर, अरुण कुमार, लवली कुमारी आदि मौजूद थे। नीलांबर पीतांबर विकास सोसाइटी ने भी बिरसा मुंडा की जयंती मनाई। मौके पर झामुमो नेता शशि भूषण तिवारी, विक्टर केरकेट्टा देवनाथ सिंह, देवनाथ राम, महेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

बीडीओ ने किया छठ घाटों का निरीक्षण, दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा (चतरा)

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पत्थलगड़ा प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी ने किया। बीडीओ ने छठ व्रतियों को छठ घाटों पर किसी तरह से कोई परेशानी नहीं हो, जिसे लेकर छठ घाट पहुंचकर साफ-सफाई व व्यवस्था की जानकारी लेते हुए सड़क पर कोई गंदा पानी, सड़क पर कचरा, छठ घाट की साफ-सफाई करने, लाईट की व्यवस्था करने को लेकर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं सिंघानी छठ घाट पूजा समिति के अध्यक्ष पिंटू कुमार से बीडीओ ने मिलकर सिंघानी छठ घाट में बनाए जा रहे भव्य पंडाल का निरीक्षण कर सफाई व सुविधाओं को लेकर कई निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार, सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी, समाजसेवी संजय दांगी, रंजन रजक, राकेश रजक, पवन कुमार, समिति के सदस्य उपस्थित थे।

इटखोरी टाल छठ घाट में लगा है गंदगी का अंबार

नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर बुधवार को इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित माता भद्रकाली मंदिर के समिप मूहने नदी छठ घाट में मां भद्रकाली शिक्षा एवं विकास केंद्र एवं पुलिस द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। वहीं इटखोरी पंचायत स्थित इटखोरी टाल छठ घाट में अभी भी गंदगी के अंबार लगे हैं। क्षेत्र के लोग सफाई के इंतजार में है, क्योंकि छठ महापर्व का शुभारंभ शुक्रवार नहाय खाय के साथ होगा। लेकिन छद्ध घाट में साफ सफाई कर वाहवाही लुटने वाले समाजसेवकों या प्रतिनिधियों द्वारा इटखोरी टाल छठ घाट की सफाई तो दूर निरीक्षण कर जायजा भी नहीं लिया गया है। उक्त छठ घाट में पूजा के लिए पहुंचने वाले क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस पर चिंता व्याप्त करते हुए कहा कि अगर छठ घाट की सफाई नहीं हुई तो अर्घ्य देने में वर्तियों को कठिनाई होगी।

उत्तम है जनजातियों की परंपरा व संस्कृति : सिंह

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

सदर प्रखंड की आरगुंडी पंचायत के समीप कुंदरी ग्राम में दीपावली सोहराय के सुबह जतरा मैला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लातेहार भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह उपस्थित थे। सिंह ने बताया कि जनजातियों की परंपरा व संस्कृति उत्तम है। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, जिला महामंत्री बंसी यादव, जिला मंत्री ध्रुव कुमार पांडेय, भाजपा नेता चेतलाल रामदास, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामदेव सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश पांडेय, जिला मीडिया सह प्रभारी विनोद राणा, जिला कर समिति सदस्य आशा देवी, मनिका मंडल सोसल मीडिया प्रभारी विकाश साहू, लातेहार ग्रामीण मंडल सोशल मीडिया प्रभारी श्यामकिशोर वैध, उप मुखिया पूजा देवी, पंचायत समिति सदस्य हेमंती देवी, सीता देवी, जतरा भगत, कंदरू उरांव, रमेश उरांव आदि मौजूद रहे।

गुहार परिवार बेहद गरीब, इलाज के लिए डीसी से राशि उपलब्ध कराने की मांग

जंजीर से जकड़ा मानसिक रोगी आदिवासी युवक

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा

प्रखंड के कामता पंसस अयुब खान ने स्थापना दिवस पर कामता पंचायत के चटुआग गांव पहुंचे, गांव में जंजीर से जकड़े युवक बिजेंद्र गंझु (25), पिता मकुंन गंझू और उसके परिवार का हाल जाना। युवक मानसिक रूप से बीमार है। बूढे मां बाप ने मजबूरी के कारण उसके हांथ पैर जंजीर से बांध कर रखे हैं। गरीबी कैसे अभिशाप बन जाती है यह यहां देखने को मिला।

बूढ़े मां बाप ने अपने कलेजे के टुकड़े के दोनों हाथों में हथकड़ी नुमा जंजीर, पैरो में बेड़ियां बांध कर रखी है। मां के कहने पर वह युवक जंजीर में जकड़े घर से बाहर निकला। जब मै उनसे पूछा कि मेरा घर कहां है तो उन्होंने बहुत हल्की आवाज में बेलवाही बताकर रोने लगा। इस मंजर को जो भी व्यक्ति देखेगा उसे यही लगेगा कि कोई मुजरिम को ही ऐसी हथकड़ी लगाई जाती है। लेकिन उसकी हकीकत जानेंगे तो हैरत में पड़ जाएंगे। जब उस युवक के बारे में उसकी मां कमली देवी, बगल में रह रहे नेमा गंझू और पड़ोसियों से पूछा तो उन्होंने बताया कि जंजीर से बंधा युवक करीब आठ नौ माह से मानसिक रूप से बीमार है। इसलिए बेटे को बांधकर रखने के लिए वह मजबूर हैं। हाथ पैर नहीं बांधने से वह गांव में जिसे पाता है उसके साथ मारपीट करता है। परिजनों ने बताया कि उनके पास इलाज करवाने के लिए पैसे नहीं हैं। अगर उसे बांधकर न रखें तो वह गांव में उत्पात मचाना शुरू कर देता है। उन्होंने आगे बताया कि करीब एक वर्ष पहले तक उसका बेटा ठीक था। चार पहिया वाहन का अच्छा ड्राइवर था। गांव में और बाहर में रहकर वह गाड़ी चलाकर पैसे कमाकर अपने मां बाप को भेजता था। विवाह करने के लिए उसे घर बुलाया, वह आया भी लेकिन वह घरपर मानसिक रूप से बीमार हो गया। तबसे परिजनों द्वारा इधर उधर से कर्ज जुगाड़ कर रांची से इलाज करवाया जा रहा है। इसके बाद भी वह अबतक ठीक नहीं हो पाया। मां ने बताया उसकी दो बेटियां भी हैं, जिनमें एक का विवाह हो चुका है, एक घर पर है, दो बेटा हैं, जिसमें एक की शादी हो चुकी है, दूसरा मानसिक रोग से पीड़ित है। घर पर दोनों बूढे पति पत्नी रहते हैं और सूखी लकड़ी बेचकर पेट पाल रहे हैं। बूढ़े मां बाप ही मानसिक रोग से पीड़ित अपने बेटे की देखभाल करते हैं। परिवार बेहद ही गरीब है जो कुछ रुपये उसके पास थे। वे बेटे के उपचार में पहले ही खर्च कर चुके हैं। अब आगे उपचार करवाना उसके लिए दूर की बात है। गरीबी ने इतना मजबूर बना दिया है कि अपनी औलाद को जंजीरों से बांधकर रखना पड़ रहा है। अयुब खान कहते हैं कि परिवार को कोई सहायता नहीं मिल पाई है। परिवार का आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण एक आदिवासी युवक का जीवन खराब हो रहा है। परिवार में बूढ़े मां और बाप का सहारा भी कोई नहीं है। उन्होंने परिवार को चिकित्सकीय राशि जल्द से जल्द उपलब्ध कराने की मांग लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन से की है।

संर्पदंश से युवती की मौत, घर में मातम, परिजनों का बुरा हाल



नवीन मेल संवाददाता। चंदवा

थाना क्षेत्र अंतर्गत टूढ़ामु निवासी शंकर उंराव की 19 वर्षीय पुत्री मनीषा उंराव का निधन बुधवार को संर्प दंश की वजह से हो गया। घटना के बाद से घर में मातम पसर गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार युवती मंगलवार को टूढ़ामु स्थित अपने घर के समीप स्थित कुएं से पानी लाने गई थी। इसी दौरान रास्ते में ही एक विषैले सांप ने उसे डंस लिया। घर आकर सांप काटने की बात उसने अपने परिजनों को बताई। इसके बाद परिजन उसे अपने साथ लातेहार स्थित तपा लाइफ लाइन अस्पताल ले गए, जहां इलाज के क्रम में बुधवार को युवती ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजय दुबे, अलौदिया मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो पीड़ित परिवार से मिलकर घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की और घटना के प्रति शोक संवेदना प्रकट की।

सिबला गोनिया पथ पर हादसे में एक की मौत

बारियातु। थाना क्षेत्र के राजगुरु ग्राम निवासी धानेश्वर साव (70) पिता भुखलाल साव की सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक राजगुरु गोनिया पथ झूमेली महुआ स्थित भुइयांटोली के पास अपने टीभीएस लूना अपने घर जा रहे थे। वह झूमेली महुआ भुइयां टोली के पास गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को परिजन बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उन्हें रिम्स रेफर कर दिया, लेकिन रांची रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार ले जाया गया। इधर इस तरह के अचानक हुए हादसे से परिजनों में मातम छाया हुआ है।

गागर में सागर

ऑटो व बाइक की जोरदार भिड़ंत में एक की मौत, एक दर्जन लोग घायल

कुडू। कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए जिमा स्थित मंटु ढाबा के समीप एक ऑटो और बाइक में हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसा मंगलवार की देर शाम हुआ है। मृतक की पहचान लातेहार जिले के हुंडरू निवासी हेमलाल मेहता के पुत्र रिंकू (21) के रूप में हुई है, जबकि टेम्पो में सवार थाना क्षेत्र के चन्दलासो गांव निवासी कय्यूम अंसारी के पुत्र शमशाद आलम, इस्लाम अंसारी के पुत्र जमशेद अंसारी, कुडू हमीद नगर निवासी असलम खान के पुत्र आजाद खान के रूप में हुई है। मृतक रिंकू के साथ बाइक पर बैठे एक युवक और दो महिलाओं की पहचान नहीं हो पाई है। हादसे के बाद सभी घायलों को कुडू सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन एम्बुलेंस से सभी को रांची रिम्स रेफर किया गया है। चिकित्सकों ने सभी घायलों को गंभीर हेड इंजुरी बताई है। जानकारी के अनुसार मृतक रिंकू की बाइक पर महिला सहित कुल चार लोग सवार थे, जिसकी मंटु ढाबा के समीप लोहरदगा से कुडू की ओर आरहे ऑटो से टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक और ऑटो के फरखचे उड़ गए।

राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

कुडू। देवघर के स्पॉट कंपलेक्स कुमैठा में आयोजित 23 वीं राज्य स्तरीय सीनीयर ताइक्वांडो प्रतियोगिता एवं 9वीं राज्य स्तरीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में डिवाइन पब्लिक स्कूल चंदलासी की साक्षी कुमारी ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रौशन किया है। प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से लगभग 500 खिलाड़ी शामिल हुए थे। डिवाइन स्कूल से 33 केजी में साक्षी एवं 41 केजी में प्रिंस कुमार ने भाग लिया था। विद्यालय में साक्षी कुमारी को सम्मानित करने के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर ज्ञान गंगा सिंह के द्वारा दोनों बच्चों को मेडल पहना कर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कोच अरविंद यादव को भी शुभकामनाएं दी। सम्मान समारोह में उपस्थित शिक्षिका रेश्मी, सुनीता, समीर, सुनिता देवी, विद्या, मीना, पिंकी, सुलेखा, चांदनी, अश्रिता, भावना, मनीषा एवं ताइक्वांडो कोच अरविंद यादव उपस्थित थे।

थाना प्रभारी ने घाट का किया अवलोकन

सेन्हा। आगामी छठ पर्व को देखते हुए बांकी नदी छठ घाट का दौरा कर थाना प्रभारी ने विहिप प्रखंड अध्यक्ष से पूजन तथा विधि व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं विहिप प्रखंड अध्यक्ष रणजीत साहू ने थाना प्रभारी अभिनव कुमार को छठ घाट पथ की समस्या से अवगत कराया। मेन रोड से छठ घाट तक पथ की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है, जिससे व्रतियों के लिए पथ समस्या का कारण बना हुआ है। वहीं थाना प्रभारी द्वारा समस्या को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए छठ व्रतियों का आवागमन के लिये वैकल्पिक व्यवस्था करने पर विचार विमर्श किया जा रहा है। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष सेन्हा मेन रोड से बांकी नदी छठ घाट तक जर्जर पथ पर व्रतियों को चलना संकट बना रहता है, परंतु छठ पूजा समिति के द्वारा लाइट और साज सज्जा के साथ पथ मरमती का कार्य कराया जाता है. जो कुछ ही माह के लिए सीमित होता है.छठ घाट निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी अभिनव कुमार शस्त्र बल के साथ स्थानीय कार्यकर्ता रंजीत साहू, संदीप कुमार साहू, सूर्यप्रकाश शिवजी, हरेंद्र साहू सहित अन्य लूंगी के साथ उपस्थित थे।

पूजन सामग्री का किया गया वितरण

कैरो। प्रखंड मुख्यालय के आस-पास के छठव्रतियों को सूप, गेंहू, नारियल आदि सामग्रियों व पूजन राशि का वितरण कैरो उपमुखिया सह समाजसेवी रवि प्रजापति के द्वारा किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर उपमुखिया के द्वारा व्रतियों को छठ पूजन सामग्री दिया गया। उन्होंने कहा छठ महापर्व इस क्षेत्र में वृहत रूप से बड़ी आस्था और विश्वास के साथ मनाया जाता है। यह पवित्रता का बहुत बड़ा त्योहार है। इस अवसर पर छठव्रतियों को सामग्री वितरण करना सौभाग्य की बात है। मौके पर कृष्णा साहू, संजय साहू, रामप्रसाद पाल, रंजीत प्रजापति, धीरज कुमार, सुरेन्द्र रविदास, दिलीया भगत, विजय राम, राधेश्याम साहू आदि लोग उपस्थित थे।

बिरसा मुंडा जयंती सह राज्य स्थापना दिवस पर विकास मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित, मंत्री रामेश्वर उरांव बोले

राशनकार्डधारियों को अब दाल भी देगी सरकार

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

भगवान बिरसा मुंडा जयंती-सह-राज्य स्थापना दिवस पर विकास मेला-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने किया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में मंत्री व अतिथियों द्वारा 8.57 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया, जिसमें पशुपालन विभाग अंतर्गत बकरा विकास योजना, सूकर विकास योजना, बत्तख विकास योजना, कृषि विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, बिरसा फसल विस्तार योजना, बीज विनिमय एवं वितरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ट्राई साईकिल वितरण, जेएसएलपीएस अंतर्गत एनआरएलएम परियोजना में 5 करोड़ का क्रेडिट लिंकेज, एनआईटीपी अंतर्गत 56 लाख का क्रेडिट लिंकेज, जिला उद्योग केंद्र अंतर्गत सात लाभुकों के बीच 78.85 लाख, पीएफएमई अंतर्गत चार लाभुकों के बीच 23.29 लाख, मनरेगा अंतर्गत 37 लाभुकों के बीच 151.64 लाख रुपये के स्वीकृति पत्रों के अतिरिक्त जिला आपूर्ति कार्यालय, जिला समाज कल्याण, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण आदि विभागों की योजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में कुल 40 स्टॉल लगाये गये थे, जिनका निरीक्षण उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया।

मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड निर्माण के लिए कई आंदोलन चले। शुरुआत हुई तो नेता जयपाल सिंह थे, बाद में दूसरे नेता थे। फिर पदार्पण हुआ गुरुजी शिबू सोरेन का। बिनोद बिहारी महतो, एके राय का आंदोलन में योगदान रहा। 80 के दशक में आंदोलन अपने चरम पर था। आंदोलन का कारण था कि झारखंड का क्षेत्र खनिज संपदा से भरा हुआ हरा-भरा जंगल वाला क्षेत्र था। इससे काफी आय होती थी लेकिन सारा पैसा बिहार के क्षेत्र में खर्च हुआ करता था। आंकड़े बताते हैं कि अगर 1 रुपये आता था तो बारह आना झारखंड इलाके का था और चार आना बिहार के क्षेत्र का था। जब खर्च होता था तो चार आना खर्च झारखंड के क्षेत्र के लिए था और बारह आना बिहार के क्षेत्र के लिए। तब मांग होती थी कि झारखंड से होने वाली आय का पूरा खर्च झारखंड में होगा। उसके बाद राज्य अलग हुआ और झारखंड बना। अब राज्य का पूरा राजस्व राज्य पर ही खर्च होता है। सरकार पिछड़ापन दूर करने के लिए और गरीबी उन्मूलन पर सारा खर्च करती है। 15 नवंबर 2000 में जब झारखंड बना, तब से अब तक राज्य का विकास कई चरणों में हुआ। शुरुआत में सड़के नहीं थीं। बिजली की स्थिति बहुत खराब थी, शिक्षा की स्थिति लचर थी। स्कूलों की संख्या कम थी, आधारभूत संरचना ठीक नहीं थी, शिक्षकों की कमी थी, अस्पताल बहुत कम थे, डॉक्टर नहीं थे। अस्पतालों में दवाइयां नहीं थीं। आज स्थिति बेहतर हो गई है। राज्य का विकास हुआ है। अभी हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। कोरोना में विकास की गति धीमी रही लेकिन अब तेजी से हम आगे बढ़े हैं।

मंत्री ने कहा कि राज्यवासियों के लिए हरा राशन कार्ड शुरू किया गया है। लगभग 64 लाख से ज्यादा राशनकार्डधारी हैं। सभी कार्डधारियों को धोती-साड़ी योजना का लाभ मिल रहा है। सर्वजन पेंशन योजना का अनुसरण दूसरे राज्य भी कर रहे हैं। जो व्यक्ति अभी वंचित हैं उनके लिए 24 नवंबर से प्रारंभ हो रहे आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायतवार शिविर लगाया जाएगा, जो दिसंबर माह में भी चलेगा। इन शिविरों में परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। सरकार अब राशनकार्डधारियों को दाल भी देगी। आज से यह शुरू हो रहा है जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा। लोगों के जीवन को बदल देगी आनेवाली दो योजनाएं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अगले तीन वर्षों में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत 8 लाख आवास बनवाएगी। प्रत्येक आवास में दो लाख रुपये खर्च होंगे। तीन कमरे होंगे, जिनका कच्चा मकान होगा उनका पक्का मकान बनवाया जाएगा। इसका फायदा आम लोगों को मिलेगा। दूसरी योजना अंतर्गत सरकार सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना अंतर्गत वाहन चलवाएगी। इससे यातायात की सुविधा सुगम होगी। राज्य सरकार आनेवाले समय में सभी गांवों में अखड़ा का निर्माण कराएगी। साथ ही, वाद्य यंत्रों का वितरण होगा। लोहरदगा जिला में 300 मांदर और नगड़ा बांटा गया है। 62 अखड़ा में सोलर लाइट लगाया जा रहा है जिसकी संख्या और बढ़ेगी। लोहरदगा को मॉडल जिला बनाया जाएगा। आज भी वन क्षेत्र में रहनेवाले लोग जिनको अभी भी अधिकार नहीं मिला है वैसे लोगों के लिए सरकार प्रयास कर रही है। वनाधिकार कानून 2006 में बना लेकिन कईको अधिकार नहीं मिला है। जमीन व्यक्ति की पहचान होती है। इसमें तेजी लाने की जरूरत है।

सरकार पिछड़ापन और गरीबी को दूर करने के लिए प्रयासरत : साहू

राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि झारखंड राज्य बहुत मुश्किल से मिला है। पहले एकीकृत बिहार हुआ करता था तो बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जो विकास होना चाहिए था वैसे नहीं हुआ था। राज्य बनने के बाद यहां विकास हुआ। अभी भी राज्य विकास कर रहा है। यह राज्य खनिज संपदा से भरा हुआ है। वर्तमान सरकार अभी अपने वादे पूरा कर रही है। जो वादा पूरा नहीं हुआ है वह भी पूरा होगा। सभी लोग मिलजुल कर खेल हो या पढ़ाई हो या कोई भी क्षेत्र हो उसमें बेहतर करने का कार्य करेंगे। बीएस कॉलेज परिसर में क्रिकेट स्टेडियम बन कर तैयार है, जिसमें जल्द ही क्रिकेट प्रतियोगिता करायी जाएगी। यहां के बच्चों में प्रतिभा है, उनका विकास करने के लिए हम समर्पित रहेंगे।

झारखंड में बिरसा मुंडा को भगवान का दर्जा प्राप्त है : उपायुक्त

उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि झारखंड में बिरसा मुंडा को भगवान का दर्जा प्राप्त है। वे स्वतंत्रता सेनानियों के जननायक रहे। उन्हें धरती आबा नाम से पुकारा जाता है। आज उनके जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आज कुल 8.5 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया जा रहा है। कुल 40 स्टॉल लगाये गये हैं। इस कार्यक्रम का पूरा लाभ उठाएं। आज दो महत्वकांक्षी योजनाओं की शुरुआत की गई है, जिनमें गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना और अबुआ आवास योजना शामिल है। जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, लेकिन वित्तीय अभाव है तो उनके लिए आसान ऋण के रूप में गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जा रहा है। 1 रुपये में राशन कार्डधारियों को दाल दी जा रही है। आनेवाले 24 नवंबर से 29 दिसंबर तक आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम संचालित होगा। वनाधिकार अधिनियम से लाभुकों को आच्छादित करने के लिए ग्राम सभाओं में आवेदन सृजित किये जा रहे हैं।

पुलिस आपके साथ हमेशा खड़ी है : एसपी

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि यहां के युवाओं में प्रतिभा है। वे निरंतर विभिन्न क्षेत्र में अपना बेहतर प्रयास कर रहे हैं। इस जिला में सुरक्षा की स्थिति बेहतर हुई है। इस क्षेत्र में पहले नक्सलवाद बाधक थी जो अब समाप्त होने को है। सुरक्षा से संबंधित कहीं कोई समस्या है तो वहां जिला पुलिस आपके साथ हमेशा खड़ी है।

कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों और विभिन्न ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इनमें जीत ग्रुप, एमबीडीएवी विद्यालय की टीम, केजीवीभी कुजरा, उसुर्लाईन बालिका उवि, केंद्रीय विद्यालय, चुन्नी लाल उच्च विद्यालय, लिवेंस एकेडमी, एमएमए महिला कॉलेज, नदिया हिंदू सी एम स्कूल ऑफ एक्सलैंस, मंजूरमती उच्च विद्यालय, संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी सीएम एसओई लोहरदगा आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, रोहित उरांव, अन्य गणमान्यगण और जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

किस्को में भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता। किस्को

किस्को चौक के समीप भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड राज्य स्थापना दिवस तथा जनजातीय गौरव दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार, प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी अरुण उरांव, किस्को थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो, उपस्थित हुए। मौके पर सभी अतिथियों को अंग अस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया। इसके बाद आदिवासी रीति रिवाज से सर्वप्रथम पहले विधिवत रूप से भगवान बिरसा मुंडा की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान सभी अतिथियों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के

जीवनी पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में बिरसा मुंडा अमर रहे नारा लगाया गया। मौके पर देवदरिया पंचायत के मुखिया कामिल टोपनो, 20 सूत्री सदस्य मनीष कुजूर, ग्राम प्रधान प्रकाश भगत, सीताराम उरांव,उधवा उरांव, अनमोल भगत, दयानंद लकड़ा, कबीर अंसारी, हाजी शमसुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

सेन्हा प्रखंड में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा

प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अंतर्गत बेड़ाटोली स्थित भगवान बिरसा मुंडा चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव में जिप सदस्य राधा तिर्की द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वहीं विभिन्न स्थानों पर भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। साथ ही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में तथा सभी पंचायतों में राज्य स्थापना दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि इस क्षेत्र के सभी लोगों को

मिलजुल कर एक साथ भगवान बिरसा मुंडा के सपनों को साकार करते हुए उनके निवास राज्य झारखंड को समृद्ध व खुशहाल बनाने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है। देश को स्वतंत्र कराने के लिये भगवान बिरसा मुंडा ने युवा अवस्था में ही अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका था और जीवन पर्यंत अंग्रेजों से लोहा लेते रहे। आज के युवाओं को बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर उनके द्वारा बताए मार्ग पर चल कर उनके अधूरे सपनों को साकार करने का संकल्प लें. मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ राकेश कुमार तिवारी एवं प्रखंड व अंचल कर्मियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया गया। मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ राकेश कुमार तिवारी, बीपीओ निलेंद्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत आदि उपस्थित थे।

भंडरा में मनी स्थापना दिवस के साथ बिरसा की जयंती

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा

झारखंड राज्य स्थापना दिवस व भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भंडरा प्रखंड मुख्यालय में मनाई गई। प्रमुख बरिया देवी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत, बीडीओ रंजीत सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद, मुखिया इंदरदेव उरांव, परमेश्वर महली, टेले उरांव आदि ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीडीओ रंजीत सिन्हा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन की भी शुरुआत की थी। सीओ दिनेश गुप्ता

ने कहा आज हम दो खुशी मना रहे हैं। अंग्रेजों से लोहा लेने वाले भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिन व झारखंड का स्थापना दिवस मना रहे हैं। 20 सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा देश की आजादी में महत्पूर्ण योगदान दिया था। उनके बलिदान से हमें आजादी मिली। सभी झारखंड वासी भगवान बिरसा मुंडा को सच्ची श्रद्धांजलि देते हैं। कार्यक्रम में परिसंपत्ति का वितरण किया गया, जिसमें किसानों को निशुल्क बीज का वितरण किया गया। पेंशन में 10 लाभुक को स्वीकृति पत्र, महिला समूह के 3 महिला समूह को 14 लाख का, लाभुकों को मनरेगा अंर्तगत बिरसा सिंचाई कूप सम्वर्धन योजना स्वीकृति प्रमाण पत्र, 15वें वित्त योजना के तहत करीब 6 लाख की पांच योजना दी गई। 10 स्कूली बच्चों को स्कूल बैग दिये गये। इस मौके पर प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि व कर्मी मौजूद थे।

महापुरुषों की प्रतिमाओं पर किया गया माल्यार्पण

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा जयंती-सह-राज्य स्थापना दिवस के मौके पर महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा समेत अन्य महापुरुषों की प्रतिमा पर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता समेत अन्य जिला

स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित की गई।

पहल आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम 24 से

बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा

प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक की। बीडीओ ने कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से एक महत्वपूर्ण योजना है। प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का लाभ अधिकारी दें।

उन्होंने कहा कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों से इस योजना के बारे में जागरूक करके लोगों को योजना का लाभ दिलाने की अपील

की। इस संबंध में अपने पंचायत, प्रखंड स्तर पर व्यापक- प्रचार प्रसार करते हुए लाभुकों को आवास योजनाओं से आच्छादित करने को कहा गया। बीडीओ ने अबुआ आवास योजना की मुख्य विशेषताओं की जानकारी दी और आवास लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक आयोजन किया जाएगा। इसी कैंप अलग स्टॉल लगाया जाएगा। इस स्टॉल में लाभुकों से आवेदन प्राप्त किया जाएगा। आवेदन के साथ लाभुक अपना जॉब कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति के साथ आवेदन पूर्ण रूप से भरा हो, ताकि उनका एप्लीकेशन में इंट्री किया जा सके। बैठक मे मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन सभी विभागों की समीक्षा की गई। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, जयनाथ महतो, नीता सरकार, विजय प्रसाद, मनोज कुमार, नितेंद्र नारायण, मनीष अग्रवाल, तनुश्री, रविशंकर भगत, मुखिया इंदरदेव उरांव, परमेश्वर महली, धनेश्वरी उरांव मौजूद थे।

कुडू-चंदवा मुख्य पथ पर टेंपो पलटा किशोर की मौत

कुडू। कुडू-चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 अमझारिया घाटी के पास बुधवार की सुबह अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गई। इससे इसमें सवार कुडू के हमिद नगर निवासी इमरान अंसारी के 16 वर्षीय पुत्र मो फरहान की रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार फरहान अपने पिता के साथ टेम्पो में बैठकर चंदवा जा रहा था तभी टेम्पो का ब्रेक फेल हो जाने के कारण पलट गया। हादसे के बाद उसे कुडू सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया था। एक ओर जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वहीं हादसे से मुहल्ला गमगीन है।

भाइयों की यमराज से भय मुक्ति व दीघार्यु के लिए बहनों ने की पूजा

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

बहन-भाइयों का पवित्र त्योहार भैया दूज जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में परंपरागत तरीके से आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की दीघार्यु के लिए उन्हें शाप दिया, फिर मंगल कामना कीं। वहीं गोबर से बने गोधन को कूटा और प्रसाद स्वरूप गोबर की गोलियां बांटी। सुबह घर की साफ-सफाई के बाद दरवाजे पर गोबर से गोधन बनाया गया। गोबर का एक वर्ग बनाकर उसके बीच में गोधन की एक बड़ी मूर्ति बनाई गई। साथ में यम व उनकी पत्नी, गोवर्धन पर्वत, गाय, सांप-बिच्छू आदि बनाए गए। बच्चों ने भटकोइया, भड़भाड़, कुकुरमुत्ता, बेर के कांटे सहित

तमाम कांट-कूस इकट्ठा किए। घर में भाइयों के लिए अमरपिठवा बना। साथ ही खीर-पूड़ी बनाई गई। तीन-चार घरों के बीच में एक जगह गोधन बनाया गया था। उन घरों की महिलाएं एक जगह इकट्ठा हुई। बिना कुछ खाये-पीये बहनें पूर्वाह्न 08 बजे के आसपास दरवाजे पर गोधन के पास पहुंचीं और कांटा तोड़-तोड़ कर भाइयों को श्राप देने लगीं। इसके बाद गोबर से बने गोधन के सीने पर ईट रखकर मूसल टिकाकर वर्ग के इस पार से उस पार कूदीं। गोधन कूटने के बाद उसके सिर के गोबर की कई गोलियां बनाकर सभी को प्रसाद स्वरूप बांटा। ये गोबर की गोलियां बखार में (जहां अन्न रखा जाता है) रखी जातीं हैं।

गागर में सागर

अमेजन ने 180 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

नई दिल्ली। दुनिया की दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन में एक बार फिर छंटनी की तलवार चली है। अमेजन अपने गेम डिवीजन में 180 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। कंपनी ने अपने क्राउन चैनल को बंद कर दिया है जो ट्विच पर स्ट्रीम होता है। इसी साल अप्रैल में, अमेजन ने अपने गेमिंग डिवीजनों में 100 से ज्यादा कर्मचारियों को निकाल दिया था, जिसमें प्राइम गेमिंग, गेम ग्रोथ और अमेजन गेम्स शामिल हैं। कंपनी ने गेम ग्रोथ को बंद कर दिया है, जो गेम निमार्ताओं को अपने प्रोडक्ट्स के डिस्ट्रीब्यूशन में मदद करता है। अमेजन ने अब प्राइम गेमिंग से पेश किए गए फ्री गेम के साथ अपने काम पर फिर से फोकस करना शुरू किया है। अमेजन गेम्स के वाइस प्रेसिडेंट क्रिस्टोफ हार्टमन के कर्मचारियों को भेजे गए और द वर्ज के देखे गए एक मेमो के मुताबिक छंटनी के बीच अमेजन अपने गेमिंग कंटेंट चैनल से छुटकारा पा रहा है। हार्टमन ने मेमो में लिखा, हमारे बिजनेस के आगे के वैल्यूएशन के बाद, यह स्पष्ट हो गया कि हमें अभी और भविष्य में प्लेयर्स को बेहतरीन खेल प्रदान करने के लिए अपने रिसोर्सेज और प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

चार साल और इंतजार, भारत होगी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी

नई दिल्ली। अब और ज्यादा इंतजार नहीं करना है। बस चार साल और बचे हैं। साल 2027 में ही भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। यह भरोसा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जताया है। उन्होंने यह बात बुधवार को हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद को संबोधित करते कहा कि वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद इस साल भारत की आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत से थोड़ा कम रहने का अनुमान है। यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रही है। सीतारमण नें कहा कि हिंद-प्रशांत को प्रभावित करने वाले समकालीन संघर्ष जैसे यूक्रेन युद्ध, इजराइल या यमन संकट और दक्षिण तथा पूर्व चीन सागर में जारी तनाव के कारण आपूर्ति-श्रृंखला में व्यवधान तथा आर्थिक अस्थिरता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के अनुमान के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था साल 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। उस समय भारत का सकल घरेलू उत्पाद 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा। 2047 तक भारत एक विकसित अर्थव्यवस्था बनना चाहता है।

गूगल से एपल 18 से 20 बिलियन डॉलर का कमाई करता है

नई दिल्ली। आई फोन के नाम से मशहूर मोबाइल फोन बनाने वाली अमेरिकी कंपनी ऐपल को तो जानते ही होंगे। यह कंपनी आई पैड और लैपटॉप भी बनाती है। इसकी कमाई के कई जरिए हैं। इनमें गूगल से मिली राशि भी शामिल है। इस बात को तो सभी जानते हैं कि एपल और गुगल के बीच एक महत्वपूर्ण मोनेटरी एग्रीमेंट है। यह एग्रीमेंट एपल के आईओएस डिवाइस पर डिफॉल्ट सर्च इंजन के रूप में गूगल की स्थिति सुनिश्चित करता है। इसके बदले गूगल कितने पैसे का भुगतान ऐपल को करता है, कोई भी कंपनी इसमें शामिल राशि का खुलासा नहीं करती है। लेकिन इस समय एक रिपोर्ट आई है कि गूगल की तरफ से ऐपल को हर साल 18 से 20 बिलियन डॉलर का भुगतान किया जाता है। साल 2021 में, फाइनेंसियल एडवायजर बर्नस्टीन ने सुझाव दिया कि गूगल यथास्थिति बनाए रखने के लिए एपल को हर साल 10 बिलियन डॉलर का भुगतान कर रहा है। हालांकि, एक नए इनवेस्टर नोट में, विश्लेषक का दावा है कि गूगन का एपल को सालाना भुगतान अब 18 बिलियन से 20 बिलियन के बीच है। सबसे पहले द रजिस्टर द्वारा बर्नस्टीन ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई थी, जिसमें गूगल के खिलाफ अमेरिकी सरकार के चल रहे अविश्वास परीक्षण अंटी ट्रस्ट के एपल के लिए संभावित निहितार्थों का आकलन किया गया। इसमें न्याय विभाग ने एपल के साथ गूगल के सूचना सेवा समझौते को सबूत के रूप में माना कि इसका सर्च इंजन पर एकाधिकार है।

सुब्रत रॉय के निधन के बाद सेबी के पास पड़ी 25 हजार करोड़ रुपये की रकम का क्या होगा

सेबी ने अपने ऑर्डर में कहा था कि दोनों कंपनियों ने उसके रूल्स और रेगुलेशन का उल्लंघन करके पैसा जुटाया था

नई दिल्ली। सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय का मंगलवार देर रात मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में निधन हो गया। देश के तमाम राजनेताओं, बिजनेसमैन से लेकर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की सिलेब्रिटीज ने उनके निधन पर शोक जताया है। लंबे समय से बीमार रॉय ने 75 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। सहारा ग्रुप के चीफ सुब्रत रॉय के निधन के बाद कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के खाते में पड़ी 25,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बिना बंटी हुई रकम फिर से चर्चा का विषय बन गई है। रॉय को सहारा समूह की कंपनियों के बारे में कई रेगुलेटरी और कानूनी लड़ाइयों का सामना करना पड़ा। इनमें पोंजी स्कीम में नियमों को दरकिनार करने का आरोप भी शामिल है। हालांकि सहारा ग्रुप ने हमेशा इन आरोपों को खारिज किया है। कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी ने 2011 में सहारा ग्रुप की दो कंपनियों सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसआईआरईएल) और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसएचआईसीएल) को वैकल्पिक रूप से पूर्ण परिवर्तनीय बांड के रूप में पहचाने जाने वाले कुछ बॉन्ड्स के जरिए करीब तीन करोड़ निवेशकों से जुटाई गए रकम को वापस करने का आदेश दिया था। सेबी ने अपने ऑर्डर में कहा था कि दोनों कंपनियों ने उसके रूल्स और रेगुलेशन का उल्लंघन करके पैसा जुटाया था। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 31 अगस्त 2012 को सेबी के निदेशों को बरकरार रखा और दोनों कंपनियों को निवेशकों से इकट्ठा किए हुए पैसे को 15 फीसदी ब्याज के साथ वापस करने को कहा था। इसके बाद सहारा को निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए सेबी के पास अनुमानित 24,000 करोड़ रुपये जमा करने को कहा गया। हालांकि समूह लगातार यह कहता रहा कि उसने पहले ही 95 फीसदी से ज्यादा इंवेस्टर्स को डायरेक्ट तरीके से पेमेंट कर दिया है। कैपिटल मार्केट रेगुलेटर की लेटेस्ट एनुअल रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड या सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने सहारा समूह की दो कंपनियों के इंवेस्टर्स को 11 सालों में 138.07 करोड़ रुपये वापस किए। इस बीच रीपेमेंट के लिए खास तौर से खोले गए बैंक खातों में जमा रकम बढ़कर 25,000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई है। सहारा की दो कंपनियों के ज्यादातर बॉन्डधारकों ने इसको लेकर कोई दावा नहीं किया और कुल रकम पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में करीब सात लाख रुपये बढ़ गई, जबकि सेबी-सहारा रीपेमेंट अकाउंट्स में इस दौरान बची रकम 1,087 करोड़ रुपये बढ़ गई। सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, सेबी को 31 मार्च, 2023 तक 53,687 खातों से जुड़े 19,650 एप्लीकेशन प्राप्त हुए। इनमें से 48,326 अकाउंट्स से जुड़े 17,526 आवेदनों के लिए 138.07 करोड़ रुपये की कुल रकम लौटाई गई, जिसमें 67.98 करोड़ रुपये की ब्याज की रकम भी शामिल है।

एयर इंडिया चार नई इंटरनेशनल फ्लाइट करेगी शुरू

नई दिल्ली। टाटा समूह की एयरलाइन एयर इंडिया इस सर्दी में चार नए इंटरनेशनल डेस्टिनेशंस को अपने नेटवर्क में शामिल करने की तैयारी कर चुकी है। एयर इंडिया इस सर्दी चार नए शहरों फुकेत, हो ची मिन्ह सिटी, बोस्टन और लॉस एंजिल्स के लिए इंटरनेशनल फ्लाइट्स शुरू करने जा रही है। यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि एयरलाइन को रेगुलर टाइम पर एयरक्राफ्ट की डिलीवरी हो पा रही है। फाइनेंसियल एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, एयरलाइन अपने नेटवर्क में लगभग 40 इंटरनेशनल डेस्टिनेशंस (अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों) की लिस्ट में इन चार शहरों को शामिल करने जा रही है। खबर के मुताबिक, फुकेत और हो ची मिन्ह सिटी में दिसंबर में बुकिंग शुरू होने वाली है, वहीं बोस्टन और लॉस एंजिलिस के लिए उड़ानें 2024 की शुरूआत में शुरू हो सकती हैं। फुकेत और हो ची मिन्ह सिटी सेवाएं नैरो-बॉडी विमानों पर संचालित की जाएंगी।

भाई दूज के दिन महंगा हुआ सोना, चांदी के भी बढ़े दाम

नई दिल्ली। बुधवार भाई दूज का त्योहार बहुत हर्ष और उल्लास से मनाया जा रहा है। भाई दूज के दिन बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना करती है और भाई अपनी बहन को गिफ्ट देते हैं। अगर इस खास दिन आप अपनी बहन को गोल्ड या सिल्वर की ज्वेलरी गिफ्ट करने के बारे में सोच रहे हैं तो बता दें कि आज सोना और चांदी दोनों के दाम बढ़ गए गए हैं। बुधवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 60,166 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुला है। इसके बाद सोने की कीमत में और बढ़त दर्ज की गई है और यह कल के मुकाबले 135 रुपये यानी 0.22 फीसदी महंगा होकर 60,200 रुपये के स्तर पर बना हुआ है। वहीं सोमवार को सोना 60,065 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ है। सोने के अलावा चांदी की कीमत में आज यानी 15 नवंबर 2023 को बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। वायदा बाजार में आज चांदी 71,794 रुपये प्रति किलोग्राम रुपये के स्तर पर खुली थी। इसके बाद इसकी कीमत में और बढ़ोतरी दर्ज की गई है और यह कल के मुकाबले 263 रुपये यानी 0.37 फीसदी महंगा होकर 71,856 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। इससे पहले आखिरी कारोबारी दिन चांदी वायदा बाजार में 71,856 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बंद हुई थी।

भारत में बेरोजगारी रिकॉर्ड निचले स्तर पर

मुंबई। भारत की बेरोजगारी दर रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और देश का श्रम बाजार संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक अर्थशास्त्री ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट में एसबीआई के अर्थशास्त्रियों ने रोजगार जैसे विषय पर पुराने जमाने की टिप्पणियों की फिर से व्याख्या करने की वकालत की। रिपोर्ट में कहा गया है, "भारत की बेरोजगारी दर रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और सभी क्षेत्रों में उद्यमिता सहित श्रम बाजार एक गहरे संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उच्च शिक्षा प्राप्ति प्रमुख उत्प्रेरक के रूप में उभर रही है।" रिपोर्ट में कहा गया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) और पीएम-स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से उद्यमिता पर सरकार के जोर से निचले पायदान पर मौजूद लोगों को समर्थन मिला है। इस वजह से भारत में श्रम बाजार एक संरचनात्मक परिवर्तन से गुजर रहा है।

शेयर बाजार में तेजी का तूफान, सेंसेक्स 500 अंक से ज्यादा चढ़कर 65400 के पार

निफ्टी में 200 पॉइंट की शानदार बढ़त

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार की जबरदस्त तेजी के साथ शुरूआत हुई है और सेंसेक्स तो 500 अंकों से ज्यादा चढ़कर खुला है। निफ्टी में 200 अंकों की शानदार बढ़त के साथ पॉजिटिव शुरूआत हुई है। इंडसइंड बैंक आज जोरदार तेजी के साथ खुला है और बैंकिंग सेक्टर को सपोर्ट दे रहा है। घरेलू शेयर बाजार की ओपनिंग में बीएसई का सेंसेक्स 527 अंक या 0.81 फीसदी की उछाल के साथ 65,461 के लेवल पर खुला है। इसके साथ ही एनएसई का निफ्टी 207.85 अंक या 1.07 फीसदी की उछाल के साथ 19,651 के लेवल पर ओपन हुआ है। बीएसई पर इस समय 2829 शेयरों का ट्रेड चल रहा है और इसमें से 2121 शेयरों में उछाल बना हुआ है। कुल 550 शेयरों में गिरावट है और 158 शेयर बिना किसी बदलाव के साथ कारोबार कर रहे हैं। एडवांस-डेक्लाइन रेश्यो में एडवांस यानी चढ़ने वाले शेयर हावी हैं और डेक्लाइन यानी गिरने वाले शेयरों की संख्या कम है। सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयरों में उछाल देखा जा रहा है और केवल 5 शेयर ऐसे हैं जो लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी के 50 में से 47 शेयरों में तेजी बनी हुई है और 3 शेयरों में गिरावट देखी जा रही है। निफ्टी के सभी सेक्टोरल इंडेक्स तेजी के हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं और सबसे ज्यादा 2.42 फीसदी का उछाल रियल्टी सेक्टर में है। मेटल शेयरों में 2 फीसदी की बढ़त है और आईटी स्टॉक्स 1.94 फीसदी की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे हैं। पीएसयू बैंक 1.10 फीसदी और निफ्टी बैंक 1 फीसदी की अपसाइड के साथ दिख रहा है। आज स्टॉक मार्केट की प्री-ओपनिंग में बीएसई का सेंसेक्स 287 अंक या 0.44 फीसदी की उछाल के साथ 65220 के लेवल पर ट्रेड कर रहा था। वहीं एनएसई का निफ्टी 84.35 अंक या 0.43 फीसदी की बढ़त के साथ 19527 के लेवल पर बना हुआ था।

विदेश

उत्तर कोरिया ने कर डाला बैलिस्टिक मिसाइल से जुड़ा बड़ा परीक्षण

अमेरिका और दक्षिण कोरिया की बढ़ाई टेंशन



एजेंसी। पयोंगयांन

उत्तर कोरिया ने बुधवार को कहा कि उसने क्षेत्र में अपने विरोधियों को निशाना बनाने वाले परमाणु-सक्षम हथियार विकसित करने की दिशा में काम जारी रखते हुए मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए नये ठोस-ईंधन इंजन का सफल परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक ह्यकोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि देश की सेना से जुड़े वैज्ञानिकों ने मिसाइल इंजन के पहले और दूसरे चरण का शनिवार और मंलगवार को परीक्षण किया। हॉसोंग-12 सहित देश की मौजूदा मध्यम दूरी की रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि नयी मिसाइल प्रणाली कब तक पूरी होगी। हॉसोंग-12 सहित देश की मौजूदा मध्यम दूरी की मिसाइलें तरल-ईंधन इंजन से संचालित होती हैं। इनमें परीक्षण से पहले ईंधन भरने की आवश्यकता होती है और लंबे वक्त के लिए ईंधन नहीं भरा जा सकता। ये मिसाइलें अमेरिकी प्रशांत क्षेत्र गुआम तक पहुंच सकती हैं। वहीं, ठोस प्रणोदक वाली मिसाइल को परीक्षण के लिए तैयार करना, इन्हें तेजी से प्रक्षेपित करना करना और छिपाना आसान होता है।

फट गई धरती, खूबसूरत लैंडस्केप के लिए था मशहूर



एजेंसी। आइसलैंड

सोशल मीडिया पर हर दिन कुछ-कुछ वायरल होता रहता है, जिन्हें देखकर लोग भी हैरान रह जाते हैं। हाल ही में एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें धरती फटी हुई नजर आ रही है। देखने में तो किसी फिल्म का सीन जैसा लग रहा है पर ये असली वीडियो है। बता दें कि ये वीडियो आइसलैंड का है। इस देश के कई इलाकों में ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है। हैरानी की बात है कि 14 घंटों के बाद यहां 800 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रेक्जेन्स प्रायद्वीप की सतह से तीन मील नीचे हो रही भूकंपीय गतिविधि के बाद, आशंका है कि जमीन के भीतर विस्फोट हो सकता है। आइसलैंड विश्वविद्यालय के ज्वालामुखी विज्ञान के प्रोफेसर थोरवाल्डुर थॉर्डर्सन ने बताया कि खतरे को देखते हुए राजधानी रेकजाविक से 25 मील की दूरी पर स्थित ग्रिंडाविक शहर से कम से कम 4000 लोगों को निकाल लिया गया है। आइसलैंडिक के मौसम विज्ञान सेवा ने बिते सोमवार की आधी रात और दोपहर के बीच में करीब 900 भूकंपों का होने का पता लगाया है। आइसलैंड में भूकंप के कारण, सरकार ने त्वरित कदम उठाए हैं और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है।

बर्फ से घिरी पहाड़ियों पर पेड़ से टकराया अमेरिकी विमान 2 लोगों की दर्दनाक मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के ऊटाह में साल्ट लेक सिटी के दक्षिण में एक छोटे विमान के पहाड़ियों में दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। ऊटाह काउंटी शेरिफ के सार्जेंट स्पेंसर कैनन ने बताया कि विमान अज्ञात कारणों से हल्की बर्फ से घिरे पहाड़ी इलाके में पेड़ों से टकरा गया, जिससे उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा घायल हो गया। कैनन के मुताबिक, बचावकर्मियों ने घायल व्यक्ति को मलबे से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति बोलने और चलने-फिरने में सक्षम है, जो एक अच्छा संकेत है। कैनन ने कहा कि विमान ने कहां से उड़ान भरी थी और कहां जा रहा था, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है। मृतकों और घायलों की पहचान भी नहीं की जा सकी है।

शी की मुलाकात के नतीजों पर बहुत करीब से नजर रख रहा भारत

अमेरिका और चीन के बीच संवाद शुरू होना महत्वपूर्ण है

चीन की अर्थव्यवस्था संकट के दौर से गुजर रही है। उसकी विकास यात्रा में कुछ मुद्दे हैं बेरोजगारी है

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग के बीच सैन फ्रांसिस्को में प्रस्तावित शिखर बैठक अहम है और भारत जैसे प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी इसके नतीजों पर बहुत करीब से नजर रखेंगे। एक शीर्ष भारत-केंद्रित व्यापार और रणनीतिक समूह के प्रमुख ने यह बात कही। अमेरिका-भारत रणनीतिक एवं सहयोग मंच (यूएसआईएसपीएफ) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मुकेश अघी ने बताया कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका और चीन के बीच संवाद शुरू होना महत्वपूर्ण है। बाइडन और शी के बीच बहुप्रतीक्षित शिखर बैठक बुधवार को एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन से इतर हुई, जिसकी मेजबानी अमेरिका 11 से 17 नवंबर तक सैन फ्रांसिस्को में कर रहा है। अघी ने कहा, मुझे लगता है कि यह शिखर बैठक न सिर्फ राष्ट्रपति बाइडन के दृष्टिकोण से, बल्कि राष्ट्रपति शी के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। चीन की अर्थव्यवस्था संकट के दौर से गुजर रही है। उसकी विकास यात्रा में कुछ मुद्दे हैं, बेरोजगारी है। उन्होंने कहा, वहीं अमेरिका में चुनाव होने वाले हैं और दो युद्ध भी जारी हैं- एक पश्चिम एशिया में और एक यूक्रेन में। इसलिए उसे एक ऐसे चीन की जरूरत है, जो स्थिर हो, उसे एक ऐसे चीन की जरूरत है, जो सहयोगात्मक हो। क्या ऐसा होगा? हम नहीं जानते, लेकिन मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि दोनों देशों के बीच संवाद शुरू हो रहा है। अघी ने कहा, अब भारत के नजरिये से, मुझे लगता है कि दो कमजोर नेता एक साथ आ रहे हैं। वहीं, आपके पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं, जो इस समय एक मजबूत नेता हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि भारत इस पर करीबी नजर रखेगा, क्योंकि इसका भू-राजनीतिक रूप से या हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है। हम एक ही समय में सभी सर्वोत्तम परिणामों की कामना करते हैं। भारत इस पर बहुत गंभीरता से नजर रखेगा। अघी ने जोर देकर कहा कि भारत-अमेरिका संबंध बहुत मजबूत'' हैं, गतिशील हैं और सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

चीन के विशेषज्ञों की चेतावनी- सर्दी में बढ़ सकते कोविड मामले, अलर्ट जारी

बीजिंग। चीन के विशेषज्ञों ने सर्दी के मौजूदा मौसम के दौरान कोविड-19 संक्रमण के मामलों में वृद्धि को लेकर अलर्ट जारी किया है और बुजुर्गों एवं संवेदनशील लोगों से कोविड का टीका लगवाने को कहा है। आधिकारिक मीडिया रिपोर्ट में सोमवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, चीन के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन (चाइनीज उऊ) के आंकड़ों में यह सामने आया है कि अक्टूबर में देशभर में कोविड से 24 मौतें हुई हैं और कुल 209 नए गंभीर मामले सामने आए हैं। चीन में ये सभी मामले कोविड के एक्सबीबी वेरिएंट के विभिन्न प्रकारों से संक्रमित लोगों के हैं। सरकारी ग्लोबल टाइम्स की खबर के मुताबिक, चीन के शीर्ष श्वसन रोग विशेषज्ञ झोंग नानशन ने सर्दी के मौसम में कोविड-19 के मामलों में हल्की वृद्धि की चेतावनी दी है और बुजुर्गों व संवेदनशील आबादी को जल्द से जल्द टीका लगवाने को कहा है।

संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी : युद्ध के कारण खाली हो रहा उत्तरी गाजा

एजेंसी। यूएनओ

संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि पांच नवंबर के बाद से करीब दो लाख और लोग उत्तरी गाजा से विस्थापित हुए हैं क्योंकि इजरायली सेना अस्पतालों के आसपास फिलीस्तीनी आतंकवादियों से लड़ रही है, जहां मरीज, नवजात शिशु और चिकित्सक बिना बिजली और जरूरी चीजों की किल्लत के बीच फंसे हुए हैं। मानवीय मामलों के समन्वय से संबंधित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि उत्तर में केवल एक अस्पताल मरीजों को भर्ती करने में समर्थ है, अन्य सभी अस्पताल अब काम करने में सक्षम नहीं हैं और इनमें से ज्यादातर आश्रय गृह के रूप में संचालित हो रहे हैं जहां पर युद्ध के कारण विस्थापित लोग शरण ले रहे हैं। गाजा का सबसे बड़ा अस्पताल शिफा' भी इजराइली सेना से घिरा है जहां 36 बच्चों की जान जोखिम में है क्योंकि वहां इनक्यूबेटर' के लिए बिजली उपलब्ध नहीं है। हमास की ओर से अचानक हमले के बाद शुरू हुआ युद्ध अब छठे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। हमास के उग्रवादियों ने हमला करके सैकड़ों नागरिकों को मार दिया था और करीब 240 लोगों को बंधक बनाकर अपने साथ गाजा ले गये थे।

ब्लड सैंपल व हमारी व्यवस्था

झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था कठघरे में है। मरीजों के ब्लड सैंपल लेने वाली एजेंसियों को जांच के बाद उसके निस्तारण की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं। लेकिन ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है। हालांकि केन्द्र सरकार से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने व्यवस्था दे रखी है। लेकिन छोटे शहरों की तो छोड़िये,बड़े शहरों में भी इसकी समुचित व्यवस्था नहीं है। पिछले दिनों राज्य के एक शहर में सड़क पर सैकड़ो की संख्या में ब्लड सैंपल बिखरे मिले हैं। इस राह से आने जाने वालों को इसी पर चलना पड़ा है। ऐसे में किसी संक्रामक बीमारी से ग्रस्त मरीज के खून से दूसरे को नुकसान भी हो सकता है। सवाल उठता है कि जिला मुख्यालय में ऐसी हरकत करने वाली निजी या सरकारी एजेंसी की लापरवाही पर क्या कार्रवाई होती है। सवाल यह भी है कि कहीं बिना जांच के ही तो इन सैंपल को नष्ट तो नहीं कर दिया गया। ऐसे में मरीज को गलत रिपोर्ट ही दी जायेगी। खून के नमूनों के परीक्षण के लिए जगह-जगह कई निजी संस्थान खुल गये हैं। यहां बिना प्रशिक्षण पाये कर्मी काम कर रहे हैं। ब्लड कलेक्शन सेंटर में सुरक्षा और स्वास्थ्य मानदंडों का भी ख्याल नहीं रखा जा रहा है। जिले में सिविल सर्जन के पास इनकी जांच पड़ताल की जिम्मेदारी रहती है। लेकिन कार्य की अधिकता से यह रूटीन भर होकर रह जाता है। ऐसे में इस भयानक लापरवाही का कहीं भी कोई शिकार बन सकता है। राज्य के मेदिनीनगर में ब्लड बैंक और निजी संस्थानों के कार्य बराबर से संदेह के घेरे में रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व एक युवक की लापरवाही के कारण मौत हो गयी है। ऐसे में ब्लड सैंपल लेने वाले कर्मियों को जहां प्रशिक्षित होना जरूरी है,वहीं उन संस्थानों को भी गंभीर होना चाहिए। कारण यह किसी के जीवन और मरण का सवाल होता है। लेकिन हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि कई निजी संस्थान इसका सम्मान नहीं कर रहे हैं। साथ ही सरकारी हॉस्पिटलों में भी घोर अनियमितता का बोल बाला है। ब्लड सैंपल किसी बीमार व्यक्ति के लिए जीवन होता है। अगर उसमें भी मिलावट और लापरवाही होती है तो यह क्राइम है। ऐसे लापरवाह संस्थानों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। ब्लड रिपोर्ट को आधार बनाकर मरीज का इलाज किया जाता है। अगर डाक्टर योग्य भी हो,तो भी वह उसी रिपोर्ट के आधार पर दवा लिखेगा। ऐसे में अगर रिपोर्ट ही गलत हो तो दवा से कोई मरीज कैसे ठीक होगा। कुल मिलाकर देखा जाये तो वर्तमान परिवेश में पैसे की खातिर यहां कुछ भी हो सकता है। सारी नैतिकता दांव पर लगा दी जाती है। हम-सब के जीवन में मंगल की कामना अब उपर वाले के हाथों में है। ऐसे में ऐसी व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार के साथ प्रबुद्ध वर्ग को आगे आने की जरूरत है। बहरहाल हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि राज्य के अस्पताल खुद बीमार हैं। ऐसे में बीमार अस्पताल बीमार मरीज का इलाज कैसे करेंगे। साथ ही बढ़ते प्राइवेट अस्पताल सेवा की जगह पैसे के लिए कुख्यात हो चुके हैं। ब्लड सैंपल के साथ-साथ कई प्रकार की अनियमितता यहां देखने को मिलती है। इससे जहां एक ओर गरीब, लाचार व्यक्ति को दो-चार होना पड़ता है, वहीं पूरा सिस्टम इसके आगोश में घिरा हुआ है। यह समस्या छोटी लग सकती है, लेकिन है नहीं। इसलिये सामाधान की दिशा में अनवरत प्रयास की जरुरत है।

ब्लड कलेक्शन सेंटर में सुरक्षा और स्वास्थ्य मानदंडों का भी ख्याल नहीं रखा जा रहा है। जिले में सिविल सर्जन के पास इनकी जांच पड़ताल की जिम्मेदारी रहती है। लेकिन कार्य की अधिकता से यह रूटीन भर होकर रह जाता है। ऐसे में इस भयानक लापरवाही का कहीं भी कोई शिकार बन सकता है।

असहिष्णुता की ही निष्पत्ति है युद्ध व आतंकवाद

ललित गर्ग

विश्व में सहिष्णुता को बढ़ावा देने और जन-जन में शांति, सहनशीलता एवं संवेदना के लिये जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 16 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य संसार में हिंसा की भावना और नकारात्मकता को खत्म कर अहिंसा को बढ़ावा देना है। दुनिया में बढ़ते अत्याचार, आतंक, हिंसा और अन्याय को रोकने और लोगों को सहनशीलता और सहिष्णुता के प्रति जागरूकता की भावना जगाने के लिये इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता है। यह दिवस सभी धर्मों और अलग-अलग संस्कृतियों को एक होने की प्रेरणा देता है। इसीलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास सहिष्णुता की भावना फैलाने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। भारत के लिये इस दिवस का विशेष महत्व इसलिये भी है कि महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के अवसर पर वर्ष 1995 को संयुक्त राष्ट्रीय महासभा के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता वर्ष घोषित किया गया था। हर साल पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय सहनशीलता दिवस मनाया जाता है। दरअसल, बदलते लाइफस्टाइल और सामाजिक माहौल की वजह से लोगों के अंदर सहनशीलता लगातार घटती जा रही है। सामाजिक माहौल ना बिगड़े और लोग एक दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहे, इसी संकल्प के साथ अंतरराष्ट्रीय सहनशीलता दिवस मनाया जाता है। सहनशीलता दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्योंकि व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई-झगड़ा एवं युद्ध की स्थितियां बनना आम हो गया है। रूस-यूक्रेन एवं इजरायल-हमाम के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध विश्व मानव समाज के लिये गंभीर खतरा है। लगातार युद्ध की बढ़ती स्थितियां एवं आतंकवाद की बढ़ना व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं विश्व में बढ़ती असहिष्णुता का ही परिणाम है। किसी भी युग में किसी भी देश में जब-जब सहिष्णुता की दीवार में कोई सुराख करने की कोशिश हुई है, तब-तब आसुरी एवं हिंसक शक्तियों ने सामाजिक एकता को कमजोर किया है और विनाश का तांडव रचा है। सहिष्णुता तभी कायम रह सकती है जब संवाद कायम रहे। सहिष्णुता इमारत है तो संवाद आधार। लेकिन प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावाद के जाल में फंस चुके इस विश्व में यह संवाद लगातार टूटता जा रहा है। सहनशीलता का शब्दिक अर्थ है शरीर और मन की अनुकूलता और प्रतिकूलता को सहन करना। मानव व्यक्तित्व के विकास और उन्नयन का मुख्य आधार तत्व सहिष्णुता है। स्वयं के विरूद्ध किसी भी आलोचना को स्वीकार नहीं करना मोटे रूप में असहिष्णुता है। बताया जाता है कि सहिष्णुता मनुष्य को दयालु और सहनशील बनाती है वहीं असहिष्णुता मनुष्य को दम्भी या अहंकारी बनाती है। अहंकार अंधकार का मार्ग है जो मनुष्य और समाज का सर्वनाश कर देती है। शेख फरीद पुकार-पुकार कर खुद को समझाते हैं, 'ओ फरीद, अगर तेरे वैरी तुझ पर मुक्कों का प्रहार करते हैं, तब भी बदले में तुम उन पर हाथ मत उठाना। तुम तो उनसे प्रीति ही करना। उन्हें आशीष देना। उनका भला मांगना और उनके पांव चूम कर चुपचाप अपने घर चले जाना।' ईसा मसीह ने अपने अनुयायियों से कहा, 'हिंसा का प्रतिकार कभी हिंसा से नहीं करना, बल्कि सहिष्णुता से करना और अगर कोई तुम्हारे एक अंग पर प्रहार करे तो दूसरा अंग भी उसके आगे कर देना।' आततायियों द्वारा सलीब पर चढ़ाए जाते हुए भी ईसा मसीह ने कहा, 'हे ईश्वर, इन्हें क्षमा कर देना क्योंकि ये नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।' सहनशीलता का जिंदगी में बहुत महत्त्व है। जिसने जीवन में सहन करना सीख लिया वह जिंदगी की हर जंग जीत सकता है। सहिष्णुता जीवन शक्ति का पर्याय है। विश्व के देशों में सहनशीलता का निरंतर क्षरण हो रहा है। शासक एक दूसरे के विरुद्ध ऐसे बयान जारी कर रहे है जिससे विश्व में कटुता और असहिष्णुता का बाजार गर्म हो रहा है। बात विश्व की ही नहीं, राष्ट्र एवं समाज की भी है, हर ओर छोटी-छोटी बातों पर उत्तेतना, आक्रोश, हिंसा के परिदृश्य व्याप्त है। विश्व सहिष्णुता दिवस मनाने के पीछे यह तर्क दिया जारहा है कि मानव समुदाय एक दूसरे का सम्मान करें और उन भावनाओं को पुष्ट करें जिससे किसी भी स्थिति में सहिष्णुता को हानि नहीं पहुंचे। मनु, बुद्ध, महावीर और नानक, गांधी ने किसी भी उद्देश्य के लिए किसी भी पक्ष द्वारा हिंसक मार्ग के अनुसरण को यह कहकर नकारा कि सात्विक दृष्टि से जब सब एक ही (परमात्मा) के अंश है, आस्था एक ही हैं तो फिर विद्वेष, प्रतिहिंसा और प्रतियोगिता क्यों? जिस समाज के पास वेदवाणी और गुरुवाणी से लेकर गांधी तक अहिंसावादी विचारों की धरोहर हो, वहां इतनी असहिष्णुता और इतनी हिंसा क्यों? एक बहुत झीनी, नाजुक और पतली सी दीवार है सहिष्णुता, जिसके पीछे हिंसा, घृणा, वैर विरोध और प्रतिरोध जैसे विकार घात लगाये बैठे हैं। पारिवारिक, सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक या आर्थिक में से कोई भी कारण सहिष्णुता की नाजुक दीवार को गिराने के लिए काफी हो सकता है। दूसरों के प्रति असहिष्णुता और वैर भाव देखने वाला व्यक्ति समाज का अहित बाद में और अपना अहित पहले करता है। कारण यह है कि मन में (मानसिक) शांति और आसुरी तत्व दोनों एक साथ रह ही नहीं सकते। हिंसात्मक विचार और विकार मन से शांति को उखाड़ कर ही अपना स्थान और सामान्य बनाते आए हैं। बुद्ध कहते हैं कि जिस समाज में ऐसी विपरीतगामी विचारधारा का (कु)शासन होता है, वह समाज तरक्की नहीं कर सकता और न ही उसमें सौहार्द कायम रह सकता है। सहिष्णुता एक उत्प्रेरक है अनेक अनुवर्ती क्रियाओं की। जिस समाज में सहिष्णुता है, वहां क्षमा है। जहां क्षमा है वहां सौहार्द है। जहां सौहार्द है वहां सहयोग और समन्वय है। जहां समन्वय है, वहां शांति है। जहां शांति है, वहां मानव का, समाज का, राष्ट्र और विश्व का विकास एवं कल्याण है। इसी युग में दुनिया के कई शांतिप्रिय राष्ट्रों की मिसाल हमारे सामने है, जिन्होंने मारामारी, हिंसा और तनातनी से दूर रहकर सामाजिक और आर्थिक विकास की कई बुलंदियों को छुआ है और वे लगातार आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने सहिष्णुता के मार्ग का ही अनुसरण किया है। असहिष्णुता शांति एवं सह-जीवन के लिये ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य के लिये भी घातक है। शास्त्रों में भी कहा गया है कि चिंता 'चिता' समान और क्रोध 'विनाश' की पहली सीढ़ी होता है। जल्दी उत्तेजित होने वाले जहां अन्य लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं, खुद की सेहत से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोग उन्हें जकड़ रहे। आजकल बिगड़ते खानपान और अनियमित दिनचर्या से लोगों में तनाव बढ़ रहा है।

रूस-यूक्रेन एवं इजरायल-हमाम के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध विश्व मानव समाज के लिये गंभीर खतरा है। लगातार युद्ध की बढ़ती स्थितियां एवं आतंकवाद की बढ़ना व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं विश्व में बढ़ती असहिष्णुता का ही परिणाम है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुने ऋषि वशिष्ठ की कहानी

महर्षि विश्वामित्र(राजा कौशिक) एक बार महर्षि वशिष्ठ के आश्रम आये, उन्होंने कामधेनु की माया देखी वे कामधेनु से बहुत प्रभावित हुए वे कामधेनु को पाना चाहते थे। उन्होंने कामधेनु को जबरदस्ती बंधी बनाना चाहा पर कामधेनु की शक्तियां कौशिक राजा से अधिक थी। वे महर्षि वशिष्ठ के समान सन्यासी बनने चले गये। आगे जाकर महाराजा कौशिक को लोग विश्वामित्र कहने लगे। महर्षि विश्वामित्र ने तप करके भगवान शिव से कई शस्त्र और आशीर्वाद प्राप्त किये। उन अस्त्र-शस्त्र और आशीर्वाद को प्राप्त करने के बाद महर्षि विश्वामित्र एक बार फिर कामधेनु को हासिल करने के लिए गए। उनकी दूसरी कोशिश भी नाकाम रही उनके पास जो अस्त्र-शस्त्र थे वो भी कामधेनु को हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं थे। जब विश्वामित्र दूसरी बार असफल हुए तब उन्होंने कामधेनु को हासिल करने का ख्याल अपने मन से निकाल दिया और पूर्ण ब्रह्मऋषि बनने के लिए वन चले गये। विश्वामित्र ने पूरे राज्य और संपत्ति का त्याग कर दिया था। त्याग करने के बाद विश्वामित्र अपना बचा हुआ जीवन वन में बिताने चले गये। अयोध्या में 40 एकड़ की जमीन पर महर्षि वशिष्ठ का आश्रम था। आज के समय का वशिष्ठ आश्रम पुराने आश्रम का सिर्फ एक चौथाई हिस्सा ही रह गया है। ऐसा माना जाता है की आश्रम में एक कुआँ है जहां से सरयु नदी निकलती है। उस समय इक्ष्वाकू अयोध्या के राजा थे। वे शांति प्रिय राजा थे और जनता की भलाई के लिए ही शासन करते थे। एक समय अयोध्या में सूखा पड़ गया. राजा इक्ष्वाकू ने महर्षि वशिष्ठ से कहा कि आप ही इसका कुछ उपाय निकालिये।

(क्रमशः)

निर्वाचन काल 'ऐसे हो सकता है' देश का ऊंचा भाल

प्रहलाद सबनानी

भारत आज वैश्विक पटल पर एक महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है एवं भारत विश्व को कई क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान करने की स्थिति में भी आ गया है। कुछ देश (चीन एवं पाकिस्तान सहित) भारत की इस उपलब्धि को सहन नहीं कर पा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर समस्त विघटनकारी शक्तियां मिलकर भारत को तोड़ना चाहती हैं। इन विघटनकारी शक्तियों द्वारा भारत में जातीय संघर्ष खड़ा करने के प्रयास भी किये जा रहे हैं। जबकि भारत के कई सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक संगठन समस्त भारतीय समाज में एकजुटता बनाये रखना चाहते हैं ताकि भारत को एक बार पुनः विश्वगुरु बनाया जा सके। परंतु, आज विघटनकारी शक्तियों के निशाने पर मुखर रूप से हिंदुत्व, भारत एवं संघ आ गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्वयंसेवकों में राष्ट्रीयता का भाव विकसित किया है। स्वयंसेवक समाज की सज्जन शक्ति के साथ मिलकर समाज में जागरुकता लाने का प्रयास कर रहे हैं कि किस प्रकार इन विघटनकारी शक्तियों को परास्त किया जा सकता है। भारत में शीघ्र ही निर्वाचन काल प्रारंभ होने जा रहा है। भारतीय लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए आज राष्ट्र को भारत माता के प्रति समर्पण का भाव रखने वाले नागरिकों की बहुत अधिक आवश्यकता है। अतः भारतीय समाज द्वारा निर्वाचन में 100 प्रतिशत मतदान किया जाय एवं राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत उम्मीदवार ही चुनाव जीत सकें, इसके लिए समाज को साथ लेकर भारतीय नागरिकों द्वारा विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। इस संदर्भ में भारतीय चुनाव आयोग द्वारा भी कई तरह के प्रयास समय समय पर किये जाते हैं ताकि देश के नागरिकों द्वारा 100 प्रतिशत मतदान किया जा सके। निश्चित ही 50 प्रतिशत नागरिकों द्वारा चुने गये प्रतिनिधि की तुलना में 90 अथवा 100 प्रतिशत नागरिकों द्वारा चुने गये प्रतिनिधि बेहतर प्रतिनिधि ही साबित होंगे। अतः अधिक से अधिक मतदान किया जाना आज समय की आवश्यकता है। इससे चुने गये प्रतिनिधियों की गुणवत्ता में तो सुधार होगा ही साथ ही, वर्तमान समय में भारत की आर्थिक प्रगति भी जारी रह सकेगी एवं भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित होते हुए भी हम लोग देख सकेंगे। कई बार विभिन्न दलों के समस्त उम्मीदवार कुछ मतदाताओं को पसंद नहीं आते हैं, इन परिस्थितियों में ऐसे मतदाताओं को नोटा का बटन दबाने का अधिकार रहता है। परंतु, कोई उम्मीदवार मतदाता की नजर में 100 प्रतिशत खरा उम्मीदवार होगा, ऐसा सम्भव भी तो नहीं है। इन परिस्थितियों में कम से कम बुरे उम्मीदवार को चुना जा सकता है। नोटा का बटन दबाकर तो कम बुरे उम्मीदवार के स्थान अधिक बुरा उम्मीदवार ही चुना जा सकता है। संघ के परम पूज्य सर संघचालक भी कहते हैं कि 'नोटा में हम लोग सर्वोत्तम को भी किनारे कर देते हैं और इसका फायदा सबसे बुरा उम्मीदवार ले जाता है। यह आकलन पूर्णतः सही ही कहा जा सकता है क्योंकि मतदाता भले ही नोटा दबा कर यह समझे कि उसने सभी उम्मीदवारों को अस्वीकार कर दिया है लेकिन शायद उसे यह नहीं पता होता कि इस से किसी ऐसे उम्मीदवार की कम अंतर से हार हो सकती है जो उन सबमे सबसे बेहतर हो। ऐसे में नोटा को गये वोट अगर उस हारे उम्मीदवार को जाते तो वह जीत सकता था। अगर इस कारण किसी बुरे उम्मीदवार की जीत हो जाती है तो फिर नोटा दबाने के कोई मायने ही नहीं रह जाते। भारत में चुनावों पर हजारों करोड़ रुपए की राशि खर्च होती है। अतः केंद्र एवं राज्यों में मजबूत सरकारों का चुना जाना अति आवश्यक है, ताकि वे अपने पांच वर्ष के कार्यकाल को सफलता पूर्वक सम्पन्न कर सकें। यदि 100 प्रतिशत मतदान के साथ किसी भी सरकार को चुना जाता है तो निश्चित ही मजबूत सरकार होगी एवं वह अपना कार्यकाल पूर्ण कर सकने में सफल भी होगी और इस प्रकार मध्यावधि चुनावों की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। इस प्रकार, देश के करोड़ों रुपये के खर्च को बचाया जा सकेगा।

वैश्विक स्तर पर समस्त विघटनकारी शक्तियां मिलकर भारत को तोड़ना चाहती हैं। इन विघटनकारी शक्तियों द्वारा भारत में जातीय संघर्ष खड़ा करने के प्रयास भी किये जा रहे हैं।

चुनाव

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से



कैसे खून से लथपथ होने से बचे हमारी सड़कें

आर.के.सिन्हा

एक बार फिर से देश में सड़क हादसों पर आई एक सरकारी रिपोर्ट को पढ़कर कोई भी इंसान डर जायेगा । समझ नहीं आता कि आखिर कैसे हम अपने यहां होने वाले सड़क हादसों के कारण होने वाली मौतों पर काबू कर पाने में सफल होंगे। फिलहाल तो स्थिति सच में बेहद चिंताजनक है। हाल ही में आई रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल यानी 2022 में 4.61 लाख सड़क हादसे हुए। इन दुर्घटनाओं में 1.68 लाख लोगों ने जान गंवाई। ये वास्तव में एक बहुत ही बड़ा आंकड़ा है। इन आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि तकरीबन हर एक घंटे में 53 सड़क हादसे हुए। हम जिस रिपोर्ट की बात कर रहे हैं उसे सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ही जारी किया है। हादसों का वे अभागे लोग खासतौर पर शिकार हुए जो सीट बेल्ट और हेलमेट का इस्तेमाल नहीं करते। मेरा मानना है कि हमारे यहां निजी कारों और दूसरे वाहनों को चलाने वाले ड्राइवरों को जितना काम करना पड़ता है उसके चलते भी बहुत सारे हादसे होते हैं। एक औसत ड्राइवर दिन में 14-15 घंटे ड्यूटी करता है। उसे सोने का सही से मौका नहीं मिलता। उसकी कायदे से नींद पूरी ही नहीं हो पाती। चूंकि उसे अपने बीवी-बच्चों का पेट भरना होता है इसीलिए उसे दिन-रात गाड़ी चलानी पड़ती है। अमृत मान ने 1986 से लेकर 1991 तक अपनी सेकेंड हैंड एंबेसडर कार को टैक्सी के रूप में चलाया। उसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे कई टैक्सियां खरीद कर अपनी ट्रांसपोर्ट कंपनी खोल ली। अमृत मान कहते हैं कि वे मन से अब भी ड्राइवर हैं। वे कहते हैं- 'ड्राइवरी के पेशे में सिर्फ खटना होता है। ड्राइवर के सुख-दुख से किसी को कोई सरोकार नहीं होता। उसके जीवन में जिल्लत और अपमान ही है। उसने कब खाना खाया या नहीं खाया, वो कहां सोया या नहीं सो पाया, इससे आमतौर पर किसी कोई को लेना-देना नहीं होता।' आप कभी किसी सरकारी या अन्य बिल्डिंग की पार्किंग को देख लें। वहां पर सैकड़ों कारें खड़ी मिलेंगी। किसी एक कार के बोनट पर चार-पांच ड्राइवर ताश खेल रहे होते हैं। उन्हें उनके कुछ साथी देख भी रहे होते हैं। अचानक से बॉस का फोन आया। एक ड्राइवर ने अपने ताश के पत्ते साथी को दिए और निकल पड़ा बॉस को लेने। यही ड्राइवर की जिंदगी है। कब कहां जाना है, कुछ पता नहीं। उसे सवाल पूछने तक का हक नहीं है। उसकी ड्यूटी का कोई समय नहीं। आपको देश के बहुत सारे शहरों में सड़क किनारे टैक्सी स्टैंड मिलेंगे। वहां पर कुछ ड्राइवर चारपाई पर बैठे होते हैं। पीछे एक छोटा सा टेंट लगा होता है। इन टेंटों के आसपास ही ड्राइवरों की जिंदगी गुजर जाती है। टेंट में चाय बनाने वाला एक स्टोव भी रखा होता है। कई ड्राइवरों से बात हुई। सबका कहना था कि जब किसी को लेकर शहर से बाहर जाते हैं, तो रात को गाड़ी में ही सो जाते हैं। इतना पैसा तो मिलता नहीं कि होटल या धर्मशाला में रुक सके। बेशक, ड्राइवरी के पेशे से वे ही जुड़ते हैं जिनके पास कोई विकल्प नहीं होता। कोई भी ड्राइवर नहीं बनना चाहता। कोई ड्राइवर अपने बच्चों को ड्राइवर बनाना भी नहीं चाहता। पर मजबूरी क्या नहीं करवाती। औसत ड्राइवर तो जीवन भर संघर्ष ही करता रहता है। चूंकि ड्राइवरों को रोज 14-15 घंटे तक काम करना होता है तो इनकी सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। सोने का इन्हें समय नहीं मिलता। इसका नतीजा यह होता है कि इतने ज्यादा हादसे होते हैं। ड्राइवर कभी यह नहीं कह सकता कि रात के वक्त चलना खतरे से खाली नहीं है। ड्राइवरों को तो हुक्म को मानना ही है। उसकी सिर्फ कमी निकाली जायेगी। कौन सुनता है उसकी कहानी। आप जानते हैं कि टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमेन सायरस मिस्त्री की एक सड़क हादसे में ही अकाल मौत हुई थी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, मशहूर कलाकार जसपाल भट्टी, कांग्रेस नेता राजेश पायलट और केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे सड़क हादसों का ही शिकार हुए।

देश के बहुत सारे शहरों में सड़क किनारे टैक्सी स्टैंड मिलेंगे। वहां पर कुछ ड्राइवर चारपाई पर बैठे होते हैं। पीछे एक छोटा सा टेंट लगा होता है। इन टेंटों के आसपास ही ड्राइवरों की जिंदगी गुजर जाती है।

दुर्घटना

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनिल सिंह बादल, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

डायबिटीज के मरीज व्रत में अपनी डाइट का रखें खास ख्याल

डायबिटीज के मरीजों को अपने खानपान का विशेष ख्याल रखना चाहिए। वहीं डायबिटीज के मरीजों के लिए व्रत-उपवास करना भी आसान काम नहीं होता है। क्योंकि उपवास करने या लंबे समय तक भूखा रहने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। डायबिटीज के मरीजों को अपने खानपान का विशेष ख्याल रखना चाहिए। वहीं डायबिटीज के मरीजों के लिए व्रत-उपवास करना भी आसान काम नहीं होता है। क्योंकि इन लोगों की डाइट में बदलाव होने पर या फिर लंबे समय तक भूखा रहने पर परेशानी बढ़ने लगती है। बता दें कि डायबिटीज के मरीज जब लंबे समय तक बिना कुछ खाए-पिए रहते हैं, तो उनका शुगर लेवल कम होने लगता है। जिसे हाइपोग्लाइसीमिया भी कहा जाता है। इस स्थिति के पैदा होने पर मरीज के हाथ-पैर कांपने लगते हैं, धड़कन तेज हो जाती है और कमजोरी महसूस होने लगती है। हालांकि ऐसा तब होता है, जब डायबिटीज के मरीज इंसुलिन नहीं लेते हैं और अधिक मीठा व तला-भुना खाते हैं। ऐसे में अगर आप भी डाटबिटीज के मरीज हैं और व्रत-उपवास करना चाहते हैं। तो ऐसे लोगों को इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

डायबिटीज के मरीज व्रत में ध्यान रखें ये बातें

डायबिटीज के मरीजों को व्रत रखने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए कि वह व्रत कर सकते हैं और किस तरह से आप फास्ट रख सकते हैं। इसके अलावा व्रत में बाजार में मिलने वाले फलाहार जैसे नमकीन, चिप्स और अन्य चीजों के सेवन से बचना चाहिए। क्योंकि इन सामानों में नमक व शुगर की मात्रा ज्यादा हो सकती है। अगर आपको डायबिटीज के साथ ही ब्लड प्रेशर की बीमारी भी है, तो व्रत में बिना नमक के सेवन के नहीं रहना चाहिए। व्रत के दौरान अधिक से अधिक फलों का सेवन करें। इसके अलावा ड्राईफ्रूट्स जैसे बादाम, अखरोट, मखाने आदि को रोस्ट कर इनका सेवन करें। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए दिन भर पानी या अन्य पेय पदार्थों जैसे नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी का सेवन करते रहें। डायबिटीज के मरीज उपवास वाले दिन समय-समय पर अपना शुगर लेवल चेक करते रहें। शुगर कम या ज्यादा होने की स्थिति में इसको बैलेंस करने का प्रयास करें।

लंबे समय तक रहना चाहते हैं फिट व हेल्दी, तो रोजाना करें वॉक

वॉक एक ऐसा वर्कआउट है, जिसमें आपका पूरा शरीर मूवमेंट करता है। वॉक करने से शरीर के सभी अंग तेजी से काम करने लगते हैं। ऐसे में अगर आप रोजाना पैदल चलते हैं, तो आपको कोई और एक्सरसाइज करने की जरूरत नहीं होती है। अगर आप भी लंबे समय तक फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं, तो वॉक को अपनी डेली लाइफ का हिस्सा बनाना चाहिए। जिस तरह से आप रोजाना भोजन करते हैं, रोज पानी पीते हैं। उसी तरह से वॉक को भी अपनी डेली रूटीन में शामिल करना चाहिए। क्योंकि वॉक करने से ना सिर्फ आपका शरीर एक्टिव रहता है, बल्कि बीमारियां भी दूर होती हैं। ऐसे में आप फिटनेस एक्सपर्ट भी सुबह शाम वॉक करने की सलाह देते हैं। वॉक एक ऐसा वर्कआउट है, जिसमें आपका पूरा शरीर मूवमेंट करता है। वॉक करने से शरीर के सभी अंग तेजी से काम करने लगते हैं। ऐसे में अगर आप रोजाना पैदल चलते हैं, तो आपको कोई और एक्सरसाइज करने की जरूरत नहीं होती है। किसी भी उम्र के लोग वॉक कर सकते हैं। वॉक करने से ना सिर्फ आपका वेट कंट्रोल रहता है, बल्कि इसके कई अन्य फायदे भी मिलते हैं। रोजाना वॉक करने से क्या फायदे मिलते हैं और रोजाना आपको कितनी वॉक करना चाहिए।

हेल्दी रहेगा हार्ट

वैसे तो वॉक करने के कई फायदे हैं, लेकिन वॉक करने से हमारा हार्ट हेल्दी रहेगा। नियमित रुप से चलने से दिल संबंधी बीमारियों का खतरा काफी कम होता है। वॉक करने से ना सिर्फ ब्लड सकुर्लेशन अच्छा होता है और खराब कोलेस्ट्रॉल कम होता है। वहीं पैदल चलने से ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है।

फेफड़े रहेंगे स्वस्थ

रोजाना पैदल चलने से हमारे शरीर को भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन मिलता है। वहीं पैदल चलने से हमारे शरीर में ऑक्सीजन का फ्लो अच्छा रहता है और फेफड़े स्वस्थ और मजबूत रहते हैं।

मजबूत होगा पाचन तंत्र

बता दें कि रोजाना वॉक करने से पाचन तंत्र मजबूत होता है और पेट साफ रहता है। रोजाना वॉक करने से हमारा शरीर हल्का महसूस होता है। रोजाना पैदल चलने से हैप्पी हॉर्मोंस बनते हैं और आप स्वस्थ व फिट रहते हैं।

दिमाग को मिलेगी मजबूती

रोजाना पैदल चलने से हमारे मस्तिष्क में बदलाव होते हैं और दिमाग तेज होता है। एक रिसर्च के मुताबिक रोजाना वॉक करने से ना सिर्फ दिमाग तेज होता है, बल्कि तंत्रिका तंत्र में मौजूद हॉर्मोन बढ़ते हैं। जिससे तनाव भी काफी हद तक कम होता है।

कम होगा वेट

बता दें कि रोजाना पैदल चलने से तेजी से वेट लॉस होता है। अगर आप रोजाना 5 किमी पैदल चलते हैं, तो फिर आपको अन्य कोई एक्सरसाइज करने की जरूरत नहीं होती है। हांलाकि वजन कम करने के लिए थोड़ा तेज चलना चाहिए। इससे आपका वजन तेजी से कम होगा।

रोजाना कितनी वॉक है जरूरी

एक स्वस्थ इंसान को रोजाना करीब 10,000 कदम यानि 6 से 7 किलोमीटर पैदल चलना चाहिए। अगर आप सिर्फ 30 मिनट वॉक करते हैं, तो इस दौरान थोड़ा तेज चलें। अगर आपकी उम्र ज्यादा है या फिर कोई बीमारी है, तो आप थोड़ी कम वॉक भी कर सकते हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

अस्थमा के मरीजों के लिए यह डाइट है बिलकुल परफेक्ट

अस्थमा के मरीजों की संख्या दुनियाभर में काफी तेजी से बढ़ती जा रही है। अस्थमा के मरीजों को सांस लेने में दिक्कत और खांसी आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अस्थमा के मरीजों के लिए अच्छी डाइट क्या होती है। अस्थमा के मरीजों की संख्या दुनियाभर में काफी तेजी से बढ़ रही है। अस्थमा के मरीजों को सांस लेने में दिक्कत और खांसी जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लेकिन इस बीमारी के प्रित जागरुक रह कर अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखा जा सकता है। कई बार इस बारे में जानकारी ना होने पर हम ऐसे फूड्स का सेवन करते हैं, जिनसे अस्थमा के लक्षण बढ़ जाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए आपको बताने जा रहे हैं कि अस्थमा के रोगियों को किस तरह की डाइट लेनी चाहिए। साथ ही किन चीजों के सेवन से परहेज करना चाहिए।

अस्थमा के लक्षण : अस्थमा के लक्षणों में घबराहट, बेचैनी, थकना, सीने में दर्द, सीने में जकड़न, सांस का फूलना, सीने में दर्द, इंफेक्शन, सांस का फूलना, लगातार खांसी होना, घबराहट या बेचैनी आदि होना शामिल है।

डाइट में शामिल करें ये फूड्स

ताजे फल और सब्जियां : अस्थमा के मरीजों को ताजे फल और सब्जियां जरूर खानी चाहिए। इनके रोजाना सेवन से अस्थमा के लक्षणों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। ताजे फल व सब्जियों में कैलोरी की कम मात्रा पायी जाती है। साथ ही यह आपके फेफड़ों को भी हेल्दी रखने में सहायक होते हैं। अस्थमा के मरीजों को अपनी डाइट में पत्तेदार साग, खरबूजे, केला, ब्रोकली, जामुन और एवाकाडो आदि को शामिल करना चाहिए।

मैग्नीशियम रिच फूड्स : अस्थमा के मरीजों के लिए मैग्नीशियम काफी ज्यादा जरूरी माना जाता है। मैग्नीशियम रिच फूड्स के सेवन से फेफड़े स्वस्थ रहते हैं। इसलिए अपनी डाइट में मैग्नीशियम युक्त फूड्स जैसे डार्क चॉकलेट, पालक, कद्दू के बीज और सैमन आदि को शामिल करना चाहिए।

साबुत अनाज : साबुत अनाज का सेवन करने से अस्थमा के लक्षणों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसलिए आपको अपनी डाइट में जई की दलिया, गेहूं से बनी ब्रेड आदि शामिल करना चाहिए।

विटामिन-डी : अस्थमा के दौरे कम करने के लिए विटामिन-डी को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके लिए आप संतरे का जूस और दूध आदि का सेवन कर सकते हैं।

विटामिन ई : विटामिन ई में पाया जाने वाला टोकोफेरोल एक शक्तिशाली एंटी ऑक्सीडेंट गुण है। यह अस्थमा के लक्षणों खांसी और घरघराहट को कम करने में मदद करता है। इसलिए विटामिन ई की पूर्ति के लिए अस्थमा के मरीजों को अपनी डाइट में ब्रोकली, गोभी और सरसों का साग आदि शामिल करना चाहिए।

विटामिन ए : विटामिन एक का सेवन करने से फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है। इसलिए विटामिन ए से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे टमाटर, गाजर, और पत्तेदार सब्जियां जैसे रोमेन लेट्यूस, केल और पालक का अधिक सेवन करना चाहिए।

ना खाएं ये चीजें : जिन खाद्य पदार्थों को खाकर गैस व सूजन आदि की समस्या हो सकती है, ऐसी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। अस्थमा के मरीजों के लिए पत्ता गोभी, प्याज, लहसुन, फलियां, तले हुए खाद्द-पदार्थ, काबोर्नेटेड ड्रिंक्स आदि का सेवन खतरनाक साबित हो सकता है। अस्थमा के मरीजों को भूलकर भी मसालेदार खाद्य पदार्थ, सूखे मेवे, शराब, मराशीनो चेरीज, नींबू का रस का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इनका सेवन करने से अस्थमा के लक्षण बढ़ सकते हैं।

हम बिरयानी खाने आए हैं

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)

हमारे यहां एक टीम आयी है खाने के लिए। मैच से पहले जोमैटो से बिरियानी ऑर्डर करती है। इसके बाद चारों ओर उनकी टीम और बिरयानी के किस्से लोटपोट करने को मजबूर करते हैं। दरअसल वे मैच खेलने से पहले लोकल बिरयानी का स्वाद लेना चाहती थी जो कि होटल के मेनू में उपलब्ध नहीं था जिसके बाद खिलाड़ियों ने जोमैटो से बिरियानी ऑर्डर की। वहीं इन खिलाड़ियों ने चाप, फिरनी, कबाब और शाही टुकड़ा का स्वाद भी जमकर लिया। एक खिलाड़ी अपना दुखड़ा रोते हुए कहता है कि जब भी हम हारते हैं तो कहते हो कि हम बिरयानी खाते हैं लेकिन जब हम जीतते हैं तो ये क्यों नहीं कहते कि हम बिरयानी खाते हैं? जब वह टीम हमारे यहां आयी थी तब भी उस टीम की मीडिया के द्वारा बिरयानी को लेकर कई सवाल उठे थे जिसमे पूछा जा रहा था कि आपके यहां हमारे खिलाड़ियों को बिरयानी क्यों नहीं दिया जा रहा है? जबकि मैच की तैयारी के लिए मैदान और अन्य सुविधाओं में कोई कमी नहीं की गई थी। ऊपर बताए खिलाड़ियों की हालत देख तरस से ज्यादा हंसी आती है। उन्हीं खिलाड़ियों में से एक ने किसी को न बताने की शर्त में अपनी पीड़ा कुछ यूं बयान कि 'फोकट की दावत वह भी महंगाई के दिनों में! वाह! सुनते ही उनके पाचन तंत्र के सभी अंग खिलखिलाने लगे। बहुत दिनों के बाद उन्हें पचाने के लिए कुछ मिलने वाला है। वरना उन्हें संदेह हो रहा था कि वे शरीर के अंग हैं भी या नहीं। सब कुछ ठीक-ठाक था लेकिन चक्कर दावत के तरीके से था। अंग्रेजी में उस दावत की स्पेलिंग तो उन्हें पता है किंतु उच्चारण करना कैसे है, यही उनके लिए टेढ़ी खीर है। कभी बुफेट कहते हैं तो कभी बफेट। कुछ खिलाड़ियों के कहने पर बुफे तो कुछ के कहने पर बफे। उन्हें अभी तक यह समझ नहीं आया कि वे खाने जा रहे हैं या खेलने। सामान्य भाषा में कहना हो तो खड़े होकर, हाथ में प्लेट लेकर दर-दर की ठोकरें खाते हुए परोसने वाले के पास पहुंचकर खाने को जो कुछ भी मिल जाता है उसे ही 'वो' (बुफेट, बफेट, बुफे, बफे) कहते हैं। परोसिया भी ऐसा कि किसी कोड लैंग्वेज का पालन करने वाला रोबोट हो जैसे। वह परोसेगा भी ऐसे जैसे उसके घर से दे रहा है। दूसरी बार जाने पर वह ऊपर से नीचे ऐसे घूरता है कि तीसरी बार जाने से पहले शर्म के मारे मर ही जाएं। आप मानें या न मानें उनके लिए यह दावत किसी आफत से कम नहीं है। ऐसी दावतों में अपना भुक्खड़पन छिपाकर रखना पड़ता है। एकदम ऊपर से चंगे और भीतर से भूखे-नंगे। हमने देखा कि हॉल में जैसे ही बैठे, अचानक से भगदड़ मची। पता चला कि 'खड़ाखाऊ' दावत के व्यंजनों पर से ढक्कन उतार दिए गए हैं। ऐसे समय में 'अब न चूक चौहान' की तर्ज पर लंबी-लंबी कतारों में बाढ़ में बर्बाद हो गए किसी शरणार्थी की तरह राहतसामग्री हेतु खड़े होने के लिए विवश होना पड़ता है। ऐसी दावतों में 'पहले आओ अच्छा पाओ' की स्कीम खुलेखाम धड़ल्ले से चलती है। देर हुई तो समझो गए काम से। हमारी हालत तो और भी बदतर थी। हाथ में प्लेट लिए खाना तो दूर उसे देखने भर के लिए तरस रहे थे। उनके एक मित्र की हालत तो 'लाएं हैं तूफान से कश्ती निकालकर' की 'तर्ज पर लाएं हैं बिरयानी अपना कुर्ता फड़वाकर' जैसी हो गई थी। इसलिए इन दावतों की अदाओं से कुछ अनुभवी लोग अपना परिधान बचाकर पूरा ध्यान खाने पर रखते हैं। कभी-कभी तो लगता है ऐसे विशेषज्ञों से इन दावतों में जाने का प्रशिक्षण ले लेना चाहिए। उनकी भाभी जी का हाल तो और बुरा था। ननद से मांगी हुई साड़ी पहनकर व्यंजन बटोरने की हड़बडी में उसे बटर पनीर के सुपुर्द कर दिया। अब वह खाना-पीना छोड़कर झल्लाते हुए साड़ी की धुलाई में लग गई हैं। जिंदगी है तो फिर कभी खाया जा सकता है, लेकिन यह साड़ी नहीं होगी तो ऐसी जिंदगी भी किस काम की। खाया-पिया कुछ नहीं ननद से साड़ी की डांट सुनो अलग से। कुछ लोग तो काल्पनिक होते है। या यूं कहिए कि बड़े दार्शनिक होते हैं। वे दूसरों की तश्तरी में ताका-झांकी कर मृगतृष्णा की तरह भूख-प्यास मिटा लेते हैं। यही लोग आगे चलकर 'सुखी रहने के 101 उपाय' जैसी पुस्तकें लिखते हैं।'

सूडोकु नवताल- 6885

★★★★☆ मध्यम

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6884 का हल

5	9	4	2	3	6	1	8	7
8	7	3	1	4	5	2	9	6
6	1	2	8	7	9	3	5	4
1	6	7	9	8	2	4	3	5
3	8	5	4	1	7	6	2	9
2	4	9	6	5	3	7	1	8
7	5	6	3	9	1	8	4	2
4	2	1	5	6	8	9	7	3
9	3	8	7	2	4	5	6	1

दैनिक पंचांग

16 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	तुला में	वृश्चिक	06.21 ब.से
चंद्र	धनु में	धनु	08.37 बजे से
मंगल	तुला में	मकर	10.43 बजे से
बुध	वृश्चिक में	कुंभ	12.29 बजे से
गुरु	मेष में	मीन	14.02 बजे से
शुक्र	कन्या में	मेष	15.32 बजे से
शनि	कुंभ में	वृष	17.13 बजे से
राहु	मीन में	मिथुन	19.11 बजे से
केतु	कन्या में	कर्क	21.24 बजे से
राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक		सिंह	23.40 बजे से
		कन्या	01.52 बजे से
		तुला	04.03 बजे से

गुरुवार 2023 वर्ष का 320 वां दिन
दिशाशूल दक्षिण **ऋतु** शरद।
विक्रम संवत् 2080
शक संवत् 1945
मास कार्तिक **पक्ष** शुक्ल
तिथि तृतीया 12.35 बजे को समाप्त।
नक्षत्र मूल 02.17 बजे रात्र को समाप्त।
योग सुकर्मा 09.59 बजे को समाप्त।
करण गर 12.35 बजे तदनन्तर वणिज 23.52 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 02.6 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 18° 37'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1871799
जूलियन दिन 2460264.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1445
महीना जमादि उलावल
तारीख 01

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
शुभ	05.54 से	07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से	07.11 बजे तक
रोग	07.22 से	08.51 बजे तक	चर	07.11 से	08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से	10.19 बजे तक	रोग	08.43 से	10.15 बजे तक
चर	10.19 से	11.47 बजे तक	काल	10.15 से	11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से	01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से	01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से	02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से	02.51 बजे तक
काल	02.43 से	04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से	04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से	05.40 बजे तक	अमृत	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7947



बाएँ से दाएँ

1.जी,इच्छा,चित्त-2
2.तन,बदन,देह-3
4.अग्निदग्ध-2
6.रनिवास (उर्दू-3)
7.स्नान करना-3
8.विश्राम-3
9.राजा,सम्राट-3
10.वचन,प्रतिज्ञा-3
11.तरंग,हिलोर-3
13.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
14.सही का विलोम-3
15.सद्पुरुष-2
16.पाठ,शिक्षा-3
17.कर्ता,कार्य करने वाला-3
18.इज्जत,मान,सम्मान-3
19.सब कुछ छीन लेना-2
20.भवन,प्रासाद-3
21.वजह-3
23.खेल दिखाने वाला-2
24.पेन,लेखनी-3
25.ठाठ-बाट-2

ऊपर से नीचे

1.राय,वोट,अभिप्राय-2
2.लाज,लज्जा-2
3.500 कागजों की गड्डी -2
4.दुनिया,जगत-3
5.लेकर आना-2
6.अवैध,नाजायज-3
7.निगाह,दृष्टि-3
8.बैठने की जगह-3
9.आराम,मदद-3
10.कर्म,भाग्य-3
11.लगन,जिद,उत्साह-3
12.दांपत्य संबंध विच्छेद-3
14.जवान,तरुण-3
15.रिक्त जगह पूर्ण करना-3
16.दुर्बल का विलोम-3
17.वजह-3
18.पदचाप, किसी के आने की आवाज-3
19.रनिवास (उर्दू-3)
20.जी,इच्छा,चित्त-2
21.समयगति-2
22.देह,बदन-2

शब्द पहेली -7946 का हल

सा	ध		प	ना	ह		शा	न
त	र	ह		क	व	च		शा
	ती	र	थ		स	प	ना	
घ		म	का	न		ल	च	क
रा	ख		न	ज	र		ना	म
ना	र	द		ला	क	र		र
	ल	ह	र		म	वा	ली	
रा		न	क	ल		ना	प	ना
ज	रा		म	त	ली		ना	ना

आज का राशिफल

मेष राशि : किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

वृष राशि : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनों के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा।

मिथुन राशि : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी

कर्क राशि : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

सिंह राशि : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

कन्या राशि : स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

तुला राशि : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

वृश्चिक राशि : स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

धनु राशि : शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

मकर राशि : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

कुंभ राशि : माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

मीन राशि : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

गागर में सागर

अयोध्या में कार्तिक परिक्रमा मेला 20 नवंबर से, तैयारियां पूरी

अयोध्या। दीपोत्सव कार्यक्रम की सफलता के बाद योगी सरकार ने 20 नवंबर (कार्तिक शुक्ल नवमी) से शुरू हो रहे कार्तिक परिक्रमा मेले में अयोध्या आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय जैन ने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राममणि शुक्ला को मेला प्रभारी बनाकर उन्हें मेले में स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्वच्छता कार्यक्रम का संचालन करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। कार्तिक स्नान मेला कार्तिक शुक्ल नवमी से शुरू होकर पूर्णिमा तक चलता है, जबकि 14 कोसी और पंचकोसी परिक्रमा क्रमशः नवमी और एकादशी को होती है। स्वास्थ्य विभाग ने कार्तिक स्नान मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिले के तीन बड़े अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज में 20 बेड, जिला चिकित्सालय (पुरुष) में 20 बेड और श्रीराम चिकित्सालय में 10 बेड आरक्षित किए हैं।

उड़ी में सुरक्षाबलों ने एक और आतंकी को मार गिराया

बारामूला। बारामूला जिले के उड़ी सेक्टर में सुरक्षाबलों ने बुधवार को नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश करते हुए एक और आतंकी को मार गिराया है। इसके साथ ही मरने वाले आतंकियों की संख्या दो पहुंच गई है। आतंकी खराब दृश्यता और खराब मौसम का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। क्षेत्र में अन्य आतंकियों की संभावना के चलते सेना का अभियान अभी भी जारी है। सेना के एक बयान के अनुसार नियंत्रण रेखा के पार से भारी हथियारों से लैस आतंकियों के उड़ी सेक्टर में घुसपैठ का इनपुट खुफिया एजेंसियों से मिला था। इस पर जम्मू-कश्मीर पुलिस और सैनिकों को हाई अलर्ट पर रखा गया था। इसी दौरान सुरक्षाबलों ने आतंकियों के एक दल को घुसपैठ करते देखा, जिसके बाद जवानों ने उन्हें ललकारा तो आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में दो आतंकियों को मार गिराया गया।

हरियाणा : सड़क हादसे में 5 की मौत

चंडीगढ़। हरियाणा के कुरूक्षेत्र जिले में एक कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई और फिर दूसरी तरफ एक दूसरे वाहन से उसकी टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ठीकरी गांव के पास हुआ। पिहोवा की ओर से आ रहे कार चालक ने शायद वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कार डिवाइडर से जा टकराई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि डिवाइडर जंप करने के बाद कार सामने से आ रहे दूसरे वाहन से टकरा गई।

वयोवृद्ध मार्क्सवादी नेता एन शंकरैया का निधन

चेन्नई। स्वतंत्रता सेनानी और अनुभवी मार्क्सवादी नेता एन शंकरैया का बुधवार को निधन हो गया। वे 102 वर्ष के थे। उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। तीन बार के विधायक शंकरैया को मार्क्सवादी आंदोलन, खासकर तमिलनाडु में सबसे बड़े नेताओं में माना जाता है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और उनकी सेवाओं को याद किया। तमिलनाडु सरकार ने हाल ही में शंकरैया को 'थगैसल तमिलार' पुरस्कार से सम्मानित किया था। शंकरैया को बुखार और सर्दी की शिकायत के बाद सोमवार को चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद उनका ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर भी कम हो गया था। बुधवार सुबह उनका निधन हो गया । उनके पार्थिव शरीर को जनता के अंतिम दर्शन के लिए टी नगर स्थित सीपीआई (एम) कार्यालय में रखा जाएगा।

कांग्रेस की हार तय, बीजेपी प्रदेश की समृद्धि की सरकार होगी : मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार होने का दावा करते हुए राज्य की जनता से यह वादा किया है कि छत्तीसगढ़ के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि राज्य में आने वाली बीजेपी सरकार उनकी आकांक्षाओं और प्रदेश की समृद्धि की सरकार होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एक्स पर अपने चुनाव प्रचार अभियान के अनुभव को साझा करते हुए पोस्ट कर कहा, छत्तीसगढ़ में इस बार चुनाव अभियान के दौरान मेरे अनुभव बहुत ही अद्भुत रहे, अभूतपूर्व रहे। कहा जाता है- छत्तीसगढ़िया...सबसे बढ़िया। मैंने इसकी प्रतिध्वनि चारों तरफ महसूस की। छत्तीसगढ़ के परिश्रमी लोग अपने राज्य को और बेहतर बनाने के लिए, सर्वश्रेष्ठ

बनाने के लिए नई उम्मीदों और नई ऊर्जा से भरे हुए हैं। वो जानते हैं कि कुशासन और भ्रष्टाचार के शिकंजे से अगर कोई छत्तीसगढ़ को निकाल सकता है, तो वो भाजपा ही है। भाजपा ने बनाया है, भाजपा ही संवारेगी।

छत्तीसगढ़ की स्थापना के अगले कुछ सालों में 25 वर्ष पूरे होने का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, अगले कुछ साल में छत्तीसगढ़ अपने 25 साल पूरे कर रहा है। आज राज्य में जो नौजवान हैं, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं, वो एक समृद्ध छत्तीसगढ़ के सपनों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अगले 25 वर्षों में विकसित भारत के संकल्प के साथ ही उन्होंने विकसित छत्तीसगढ़ का भी संकल्प लिया है। वो अपने जीवन के अगले 25 वर्ष, विकसित छत्तीसगढ़-विकसित भारत के संकल्प को समर्पित करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। जिस तरह राज्य के एससी, एसटी, ओबीसी वर्गों के युवा हमारे विकास मॉडल के साथ जुड़ रहे हैं, वो बहुत उत्साहित करने वाला है। छत्तीसगढ़ के युवाओं की ये शक्ति, परिवर्तन का नया अध्याय लिखने वाली है। छत्तीसगढ़ की महतारी, हमारी बहनों-बेटियों ने भी राज्य के विकास की ध्वजा पताका खुद उठा ली है। आज भारत जिस तरह महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयास कर रहा है, उसका प्रभाव हमें छत्तीसगढ़ में भी दिखता है।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार की भविष्यवाणी करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, इस चुनाव में कांग्रेस की करारी हार तय है। जनता, भाजपा के सुशासन पर विश्वास कर रही है, कांग्रेस के खोखले वादों पर नहीं। भाजपा अपने हर संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, वचनबद्ध है। मैं छत्तीसगढ़ के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि राज्य में आने वाली बीजेपी सरकार आपकी आकांक्षाओं और प्रदेश की समृद्धि की सरकार होगी।

छत्तीसगढ़ की 70 विस सीटों पर थमा प्रचार

एजेंसी। रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के अंतर्गत द्वितीय चरण में 70 विस क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए बुधवार की शाम पांच बजे तक प्रचार-प्रसार का शोर थमा। राज्य की 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान हो रहा है। पहले चरण में 20 सीटों पर मतदान हुआ तो दूसरे चरण में 70 सीटों पर मतदान होने वाला है जो 17 नवंबर को होगा। नियमों के मुताबिक मतदान की समाप्ति 48 घंटे पहले से सार्वजनिक मंचों से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान प्रत्याशी घर-घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे। द्वितीय चरण के 70 विस क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं। द्वितीय चरण के मतदान के दौरान प्रदेश के एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, इनमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष मतदाता, 81 लाख 72 हजार 171 महिला मतदाता तथा 684 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। सुगम मतदान सुनिश्चित करने के लिए कुल 18 हजार 833 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 700 संगवारी मतदान केंद्र हैं जहां सिर्फ महिला मतदान कर्मी ही पदस्थ रहेंगी। इसके लिए सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। केवल बिन्द्रानवागढ़ विस क्षेत्र के नौ मतदान केंद्रों पर सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। इनके अलावा बिन्द्रानवागढ़ के शेष मतदान केंद्रों में अन्य 69 विस क्षेत्रों की तरह सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे।

बिक्री प्रस्ताव के समझौते से स्वामित्व हस्तांतरण नहीं होता : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बेचने का समझौता करने से स्वामित्व अधिकार हस्तांतरित नहीं होता है या प्रस्तावित खरीददार को कोई स्वामित्व प्रदान नहीं होता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और राजेश बिंदल की पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर एक विशेष अनुमति याचिका पर फैसला सुनाते हुये कहा, बेचने (के प्रस्ताव) का समझौता कोई स्थानांतरण नहीं है; यह स्वामित्व अधिकार हस्तांतरित नहीं करता है या कोई स्वामित्व प्रदान नहीं करता है।" 1990 में, पार्टियों ने संपूर्ण बिक्री पर विचार करने के बाद बेचने का एक समझौता किया था और अपीलकर्ता द्वारा प्रस्तावित खरीदार को कब्जा सौंप दिया गया था। इस समझौते के तहत, यह भी निर्धारित किया गया था कि कर्नाटक विखंडन निवारण और होल्डिंग्स समेकन अधिनियम के तहत प्रतिबंध हटने के बाद बिक्री विलेख निष्पादित किया जाएगा। बाद में 1991 में, विखंडन अधिनियम को निरस्त कर दिया गया लेकिन उत्तरदाताओं ने बिक्री विलेख निष्पादित करने से इनकार कर दिया। इसके परिणामस्वरूप विशिष्ट निष्पादन के लिए एक मुकदमा दायर किया गया जिस पर प्रथम अपीलीय अदालत ने फैसला सुनाया। अपील पर, उच्च न्यायालय ने 2010 के अपने फैसले में विशिष्ट प्रदर्शन के मुकदमे को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि विखंडन अधिनियम के तहत बिक्री विलेख के पंजीकरण पर लगाए गए प्रतिबंध के मद्देनजर बेचने का समझौता शून्य था। किसी भी मुद्दे के अभाव में, और यह देखते हुए कि किसी भी पक्ष ने विखंडन अधिनियम की धारा 5 के उल्लंघन का दावा नहीं किया है, उच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से यह मानने में गलती की कि बेचने का समझौता विखंडन अधिनियम की धारा 5 का उल्लंघन था, सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पट्टे, बिक्री, हस्तांतरण या अधिकारों के हस्तांतरण पर रोक लगा दी गई है और विक्रय समझौते को 5 विखंडन अधिनियम के तहत वर्जित नहीं कहा जा सकता है।

उत्तरकाशी की सिल्क्यारा सुरंग के निर्माण में सरियों के कमजोर रिब से हुई दुर्घटना?

सरियों से बना रिब मलबे का दबाव नहीं झेल पाया, सुरंग में फंसे 40 मजदूरों का जीवन संकट में

आरएनएम। नई दिल्ली

उत्तरकाशी के लोगों का आरोप है कि निर्माण करा रही कंपनी के घटिया सामग्री इस्तेमाल करने के कारण भूस्खलन हुआ वहां उपचार के लिए गर्टर रिब की जगह सरियों का रिब बनाकर लगाया गया है। सुरंग निर्माण से जुड़े लोगों का कहना है कि यहां गर्टर रिब लगाया गया होता तो भूस्खलन नहीं होता। बीते रविवार को निमार्णाधीन सिल्क्यारा सुरंग में भूस्खलन की घटना घटी जिसके चलते 40 मजदूर सुरंग के अंदर फंसे हुए हैं। सुरंग के एक मशीन ऑपरेटर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कंपनी से जुड़े लोगों की लापरवाही से आज 40 लोगों का जीवन संकट में है। उसके अनुसार सिल्क्यारा सुरंग के मुहाने से 200 मीटर अंदर जहां भूस्खलन हुआ है वह हिस्सा संवेदनशील है जिसमें गार्टर रिब की जगह 32 एमएम की सरियों से बना रिब लगाया गया। जो कि मलबे का दबाव नहीं झेल पाया। बताया कि यहां गार्टर रिब लगाया गया होता तो शायद यह हादसा नहीं होता। मजदूरों का कहना है कि निमार्णाधीन सिल्क्यारा सुरंग में दो प्वाइंट भूस्खलन के लिहाज से बेहद संवेदनशील हैं।

पहला प्वाइंट सिल्क्यारा मुहाने से 200 मीटर की दूरी पर है, जिसमें वर्तमान में भूस्खलन हुआ है। एक अन्य सिल्क्यारा वाले मुहाने से ही 2000 से 2100 मीटर के मध्य है। टनल के एक मशीन ऑपरेटर ने बताया कि 2000 से 2100 के बीच वाले संवेदनशील पार्ट का स्थाई उपचार हुआ है लेकिन 200 मीटर के निकट वाले का नहीं।

दबी हैं दो मशीनें

रविवार को सुरंग में हुए भूस्खलन के मलबे में एक शॉटक्रीट मशीन व एक बूमर मशीन दबने की सूचना मिली है। एक मशीन ऑपरेटर ने बताया कि यहां उस दौरान ट्रीटमेंट का काम चल रहा था। जब हल्का मलबा गिरा तो इन मशीनों में कार्यरत कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचाई। इस बारे में आईआईटी रुड़की के वैज्ञानिक प्रो.कमल जैन ने बताया कि टनल के संवेदनशील हिस्से को छोड़कर आगे काम करना खतरनाक होता है। संवेदनशील हिस्से का स्थिरीकरण करना जरूरी होता है। जब स्थिरीकरण करते हुए आगे बढ़ते हैं तो जैसा भूस्खलन टनल में हुआ है, इसका खतरा नहीं होता है।

जम्मू-कश्मीर में बस खाई में गिरने से मरने वालों का आंकड़ा 36 पहुंचा

एजेंसी। जम्मू

जम्मू एवं कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 36 हो गई। घायलों की संख्या 19 बताई गई है। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के अस्सार इलाके में एक यात्री बस के चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन गहरी खाई में गिर गया। ह्लइस दुर्घटना में अब तक छत्तीस लोगों की मौत हो चुकी है और 19 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को अस्पताल भेज दिया गया है। डॉक्टरों ने कहा कि घायलों में से कुछ को गंभीर चोटें आई हैं। अधिकारियों ने कहा, सुरक्षा बलों और नागरिकों ने दुर्घटना के तुरंत बाद राहत

और बचाव अभियान शुरू किया। जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त करते हुए, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल, मनोज सिन्हा ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में कहा, असार, डोडा में एक दुखद बस दुर्घटना में लोगों की मौत से बेहद दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं और दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रभावित व्यक्तियों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए डिविजनल कमिश्नर और जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है।" डोडा और राजौरी जिले खराब सड़कों के लिए जाने जाते हैं, जिससे बड़ी दुर्घटनाएं होती हैं। यातायात विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इन जिलों में दुर्घटनाओं का मुख्य कारण तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाना है। स्थानीय लोग ओवरलोड यात्री बसों और तेज गति से चलने वाले निजी वाहनों पर निगरानी की कमी के लिए यातायात विभाग को दोषी मानते हैं।

एयर शो | पहली बार दिखा नौसेना के टीईडीबीएफ लड़ाकू विमानों का मॉडल

विमान परियोजना को जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद

नौसेना को लड़ाकू विमानों के चार प्रोटोटाइप विकास के लिए चाहिए 14 हजार करोड़ रुपये

एजेंसी। नई दिल्ली

दुबई एयर शो में पहली बार भारत के ट्विन इंजन डेक आधारित फाइटर (टीईडीबीएफ) का प्रभावशाली मॉडल पेश किया गया है। इसके बाद भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक आईएनएस विक्रांत पर तैनात होने वाले इस विमान की परियोजना को केन्द्रीय कैबिनेट से जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। रक्षा मंत्रालय नौसेना के लिए लड़ाकू विमानों के चार प्रोटोटाइप के विकास के लिए 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक

के बजट को मंजूरी दे सकता है। दुबई में 13 नवम्बर से शुरू हुए एयर शो में वायु सेना सारंग डिस्प्ले टीम और लड़ाकू विमानों के साथ भारत की आसमानी ताकत का प्रदर्शन कर रही है। दुबई एयर शो में अविश्वसनीय एरोबेटिक और युद्धाभ्यास करते हुए भारत का लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस अपने अंदाज में दुबई के लोगों और दुबई एयरशो के आगंतुकों को नमस्ते कह रहे हैं। इस मौके पर यहां लगाई गई प्रदर्शनी में भी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने एलसीए तेजस को अपने स्टॉल में प्रदर्शित किया है। एलसीए की आसमानी ताकत देखकर कई देश तेजस के प्रति आकर्षित होकर अपनी रुचि दिखा रहे हैं। इसी के साथ भारत ने दुबई एयर शो में पहली बार स्वदेशी विमानवाहक आईएनएस विक्रांत पर तैनात होने वाले ट्विन इंजन डेक आधारित फाइटर (टीईडीबीएफ) का प्रभावशाली मॉडल पेश किया है। अभी तक नौसेना के लिए इस फाइटर जेट की परियोजना सिर्फ फाइलों में ही चल रही है, लेकिन अब इस विमान की परियोजना को केन्द्रीय कैबिनेट से जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। रक्षा मंत्रालय दो इंजन वाले डेक-आधारित लड़ाकू विमानों के चार प्रोटोटाइप के विकास के लिए 14,000 करोड़ रुपये से अधिक के बजट को मंजूरी दे सकता है।

रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग (डीआरडीओ) के तहत एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ने नौसैनिक लड़ाकू विमान के लिए डिजाइन तैयार की है। इसी डिजाइन के मुताबिक एचएएल विमान के चार प्रोटोटाइप तैयार करेगा। नौसेना ने आईएनएस विक्रांत पर तैनात करने के लिए लगभग 60 विमानों की जरूरत बताई है। नौसेना इस परियोजना पर डीआरडीओ और वैमानिकी विकास एजेंसी के साथ काम कर रही है। टीईडीबीएफ का पहला प्रोटोटाइप 2026 के आसपास तैयार होने की संभावना है और इसका उत्पादन 2032 तक शुरू हो सकता है। भारतीय नौसेना 43 पुराने रूसी फाइटर जेट मिग-29के और मिग-29के यूबी को अपने बेड़े से हटाना चाहती है।

FILMY हलचल

सलमान की फिल्म बाक्स आफिस पर 'टाइगर-3' का जलवा जारी, तीन दिन में 146 करोड़

सलमान खान की 'टाइगर-3' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है। दिवाली पर रिलीज हुई इस फिल्म को देखने के लिए दर्शक सिनेमाघरों के बाहर उमड़ रहे हैं। दर्शकों को यह फिल्म काफी पसंद आ रही है। यह सलमान खान और कैटरीना कैफ की जासूसी फिल्म का तीसरा भाग है। इस फ्रेंचाइजी की पिछली फिल्में 'एक था टाइगर' और 'टाइगर जिंदा है' थीं। पिछली दोनों फिल्मों की तरह तीसरा पार्ट भी दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रहा है। फिल्म 'टाइगर-3' ने रिलीज के पहले दिन 44.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इसके बाद फिल्म के वीक डे के बावजूद सोमवार को घुड़दौड़ जारी रही। 'सैक्निल्क' ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक, 'टाइगर-3' ने दूसरे दिन 57.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म ने महज दो दिनों में 102 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की और 'पठान', 'जवान' और 'बाहुबली-2' समेत शाहरुख खान की कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसके बाद फिल्म के तीसरे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं। फिल्म 'टाइगर-3' ने पहले और दूसरे दिन के मुकाबले तीसरे दिन कम कमाई की, लेकिन कलेक्शन का आंकड़ा जरूर अच्छा है।

सेल्फी लेने आए फैन को नाना पाटेकर ने सिर पर मारा थप्पड़, वीडियो वायरल

अभिनेता नाना पाटेकर बेहद गुस्से में हैं। वे अपने गुस्सैल स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। नाना पाटेकर का ऐसा ही एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह एक फैन के सिर पर जोर से मारते नजर आ रहे हैं। गुस्से में उस पर चिल्लाए भी। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नाना 'गदर 2' के डायरेक्टर अनिल शर्मा की फिल्म "जर्नी" में नजर आएंगे। इसमें अनिल शर्मा के बेटे उत्कर्ष भी हैं। फिल्म की कहानी डिमेंशिया पीड़ित पिता और उसके बेटे के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। नाना पाटेकर इन दिनों वाराणसी में फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। जहां एक फैन सेल्फी के लिए आता है। जब उसने सेल्फी के लिए शॉट में बाधा डाली तो नाराज हो गए।

सहाराश्री ने बनाई थी 'पहली कश्मीर फाइल्स' शीन

निमार्ता- निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की चर्चित फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' रिलीज हुई तो इस फिल्म को दर्शकों के एक बड़े वर्ग ने खूब पसंद किया। इसी विषय पर सहारा ग्रुप के चेयरमैन सुब्रत राय ने 18 साल पहले जब सहारा वन मोशन पिक्चर्स की स्थापना की तो फिल्म 'शीन' का निर्माण किया। यह सहारा वन मोशन पिक्चर्स की पहली फिल्म थी, जिसे अशोक पंडित ने निर्देशित किया था। अशोक पंडित

खुद भी कश्मीरी पंडित हैं, इस फिल्म में उन्होंने कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों का पलायन और उनके दर्द को फिल्म में दिखाया गया था। इस फिल्म में राज बब्बर ने कश्मीरी पंडित की भूमिका निभाई थी।

गागर में सागर

लायंस क्लब ने नेत्रहीन छात्रों को कराया भोजन

रांची। लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट की ओर से बुधवार को बहुबाजार स्थित संत माइकल ब्लाइंड स्कूल के छात्रों को भोजन कराया गया। लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के सदस्यों ने इन छात्रों के बीच कुछ समय व्यतीत कर इनका उत्साह बढ़ाया। लायंस क्लब ने कहा कि बच्चों का उत्साह बढ़ाना बहुत ही जरूरी है। बच्चे हमारे भविष्य के नये निर्माता हैं। इस अवसर पर संगीता गोयल, रेणु जयसवाल,नरेश कुमार,विजया केडिया, नीरज कांत शाहा , रतन अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

टीएसी की बैठक 16 नवम्बर को

रांची। झारखंड ट्राइब्स एडवाइजरी काउंसिल (झारखंड जनजातीय परामर्शदात्री परिषद) की बैठक 16 नवम्बर को होगी। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में करीब एक साल के बाद टीएसी की बैठक हो रही है। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा झारखंड पंचायत उपबंध 2022 के औपबंधिक प्रारूप पर चर्चा होगी। साथ ही द प्रोविसंस ऑफ म्यूनिसिप्लिटिस बिल 2001 पर चर्चा की जाएगी।

पुलिस पदाधिकारी पर नाबालिग से यौन शोषण का आरोप

रांची। रांची जिला में पदस्थापित एक पुलिस पदाधिकारी के नाबालिक से पिछले एक साल से यौन शोषण किए जाने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिक ने सुखदेवनगर थाना में पदस्थापित एएसआई नीरज खोसला के खिलाफ सीआईडी में अपना बयान दर्ज कराया है। इसके बाद महिला थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। सीआईडी के समक्ष दिए बयान में नाबालिक ने कहा है कि 15 अगस्त 2022 की रात घर में अकेला पाकर उसके साथ नीरज खोसला ने दुष्कर्म किया।

कांग्रेस ने भाजपा पर उलिहातू में पूरे मंच को भगवामय बनाने का लगाया आरोप

रांची। झारखंड स्थापना दिवस और बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। साथ ही आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की गरिमा को ख्याल न रखते हुए उलिहातू में पूरे मंच को भगवामय बनाने का काम किया गया। ठाकुर बुधवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक बाबूलाल मरांडी किस हैसियत से मंच पर विराजमान थे जबकि उनपर दलबदल का मामला विधानसभा के अध्यक्ष के पास लंबित है। उन्होंने कहा कि गांधी के आंधी से डरे झूठों के सरदार प्रधानमंत्री पांच राज्यों के चुनाव छोड़कर भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आकर एक बार फिर लोगों की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि कांग्रेस की तम्बू उखड़ने वाली है।

14 से 20 नवम्बर तक डायबीटिक नेत्र स्क्रीनिंग का आयोजन

डायबिटीज की वजह से दृष्टिहीनता होती है : डा.भारती

नवीन मेल संवाददाता

रांची। वर्ल्ड डायबिटीक वीक (14 से 20 नवम्बर) से आल इंडिया नेत्र सोसाइटी की अखिल भारतीय पहल पर चेक इयरली सी क्लेअरली अभियान डायबीटिक नेत्र स्क्रीनिंग के अंतर्गत चलाया जा रहा है। झारखण्ड नेत्र सोसाइटी एवं रिसर्च सोसाइटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया, रांची चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को डायबिटीज केयर सेंटर शीतल कुंज और कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के सहयोग से रांची में डायबिटिक के मरीजों के नेत्र जाँच के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। चेयरमैन साइंटिफिक कमिटी की झारखण्ड नेत्र सोसाइटी की डॉ. भारती कश्यप ने बताया कि राज्य के दूर - दराज के क्षेत्रों में यह शिविर 14 से 20 नवम्बर तक लगाया जा रहा है। डायबिटीज की वजह से दृष्टिहीनता के सबसे बड़े तीन कारण होते हैं। आँखों के बीच में मैक्युला में सूजन या विट्रियस हेमरेज या आँखों के पर्दे का

अपने जगह से खिसक जाना। डायबीटिक रेटिनोपैथी स्क्रीनिंग अध्ययन 2019 से उभरने वाला एक संदेश यह भी था कि डायबीटिक के शुरूआती दौर में 6/18 या उससे बेहतर रोशनी वाले 22 प्रतिशत मरीजों में डायबीटिक रेटिनोपैथी शुरू हो जाती है। लेकिन मरीज को इसका कोई लक्षण नहीं होता है। इसी वजह से मधुमेह वाले सभी व्यक्तियों को वार्षिक रेटिना या व्यापक पूर्ण नेत्र जाँच बहुत जरूरी है। डायबीटिक रेटिनोपैथी की व्यापकता उन मरीजों में 77.8 प्रतिशत थी । जिन्हें 15 वर्ष से अधिक वर्षों से मधुमेह था। गुर्दे की बीमारी से ग्रसित और सेरेब्रो वैस्कुलर एक्सीडेंट से प्रभावित डायबिटीज के मरीजों में डायबीटिक रेटिनोपैथी का प्रतिशत ज्यादा था। डायबिटीज से होने वाले मोतियाबिंद का ऑपरेशन करने के बाद रोशनी वापस आ जाती है। ग्लूकोमा को भी दवा से या सर्जरी से ठीक किया जा सकता है। लेकिन डायबीटिक रेटिनोपैथी का इलाज अगर समय पर नहीं किया गया तो रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है। डायबीटिक रेटिनोपैथी में रोशनी जाने का मुख्य कारण होता है आंखों के परदे के बीच के भाग मैक्यूला में सूजन होना या विट्रियस हेमरेज होना या आंखों के पर्दे का अपने जगह से खिसक जाना होता है। मौके पर डॉ विनय धनधनियाने ने कहा कि शुरूआती दौर में डायबिटीज रेटिनोपैथी को ब्लड शुगर ब्लड प्रेशर कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के कंट्रोल से रोका जा सकता है। आंखों के पर्दे के बीच के भाग में सूजन होने से आंखों के अंदर एंटी-वेजएफ इंजेक्शन लगवाने पड़ते हैं। आंखों के अंदर खून की छोटी-छोटी कमजोर नलियों के उग जाने पर इंजेक्शन के साथ-साथ लेजर भी करवाना पड़ता है। अगर आंखों के अंदर खून आ गया है या रेटिनल डिटैचमेंट हो गया है तो विट्रीक्टोमी या रेटीना की सर्जरी करने की जरूरत पड़ती है।

राजस्थान राजभवन में राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजस्थान के राजभवन में भी एक भारत श्रेष्ठ भारत और झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर फिल्म निर्देशक ऋषि प्रकाश मिश्र ने राज्यपाल कालरा मिश्र को पुष्प गुच्छ प्रदान किया। राजस्थान में पदस्थापित झारखंड राज्य के निवासी कई प्रशासनिक अधिकारी, डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षाविद इस अवसर पर उपस्थित थे। ऋषि मिश्रा ने बताया कि राज्यपाल ने झारखंड के नाम संदेश में कहा कि राजस्थान जहां सिर्फ अपनी एतिहासिक धरोहरों के बल बूते देश का सबसे बड़ा पर्यटन स्थल बन गया है वहीँ प्राकृतिक सौंदर्यपूर्ण राज्य झारखंड अभी तक पीछे है, जो उनकी प्रबल इच्छा शक्ति की कमियों को दशार्ता है । मैं झारखंड की सरकार और पदाधिकारियों को इस दिशा मे सार्थक पहल की अपील करता हूं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भगवान बिरसा मुंडा की मनायी जयंती

रांची। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) रांची महानगर की ओर से बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मधुकम बस्ती में पुष्पांजलि अर्पित कर विचार संगोष्ठी और सेवा कार्य का भी आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय जनजातीय कार्य प्रमुख प्रमोद रावत एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश एसएफडी संयोजक गौतम कुमार महतो शामिल हुए। मौके पर प्रमोद रावत ने कहा कि बिरसा मुंडा किन परिस्थितियों में अंग्रेजों से लोहा लिये और अपने जल, जंगल और जमीन को बचाने का कार्य किया। हम सबको भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से सीख लेनी चाहिए और अपने हक के लिए आवाज उठाना चाहिए। खास करके जनजातीय समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए। गौतम कुमार महतो ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजातियों के धार्मिक व्यवस्था, संस्कृति, परम्परा, अस्तित्व एवं अस्मिता के रक्षक के प्रतीक हैं।

पीएम ने झारखंड के भाई-बहनों को ब्याज सहित दिया उपहार : मरांडी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भगवान बिरसा जयंती, राज्य स्थापना दिवस, जनजाति गौरव दिवस, भाई दूज, सोहराई पर्व पर झारखंड में उपहारों की बौछार हुई। मरांडी ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी ने झारखंड की जनता को सभी पर्वों का एक साथ ब्याज सहित उपहार दिया। प्रधानमंत्री का भगवान बिरसा के जन्मस्थान उलिहातु आना झारखंड के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज के लिए पीएम जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम जनमन में आदिवासियों के लिए सम्मान और उनकी मूलभूत समस्याओं का समाधान दोनों समाहित है। साथ ही कहा कि 24 हजार करोड़ की यह परियोजना

वंचित और विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के समग्र विकास के लिए समर्पित है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की धरती से परियोजना की शुरूआत राज्य के लिए गौरव की बात है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्रदेश के प्रमुख नेताओं की व्यस्तता के बीच अल्प सूचना पर रांची में 10 स्थानों पर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत कुशल रणनीति, योजना और कार्यकताओं के समर्पण को दशार्ता है। ठंड के महीने में पर्व-त्योहारों के बीच लाखों लोगों का 10 जिलों से खूंटी पहुंचाना यह कुशल संगठनात्मक संरचना का ही परिणाम है।

रांची वासियों के स्वागत से पीएम हुए गदगद

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड का दौरा किया। विगत मंगलवार शाम को पूरी रांची पीएम मोदी के स्वागत के लिए तैयार खड़ी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब रांची एयरपोर्ट पर पहुंचे तो राज्यपाल हेमंत सोरेन और गवर्नर ने उनका स्वागत किया। स्वागत के बाद जैसे ही उनका काफिला रांची की सड़कों पर निकला दोनों तरफ लोगों का काफिला उनके स्वागत के लिए तैयार था। ऐसा माना जा रहा था कि रात में रांची जागेगी नहीं लेकिन रात में जो कुछ रांची की सड़कों पर दिखा वह किसी उत्सव से कम नहीं था। लोगों के जोश और उत्साह को देखकर पीएम नरेंद्र मोदी ने भी अपनी गाड़ी से हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया, उससे रांची के लोग गदगद हो गए। बिरसा चौक पर पीएम का कारकेड यहां पहुंचा तो ढोल नगाड़ों से उनका स्वागत किया गया। इसके साथ ही अरगोड़ा चौक समेत अन्य स्थानों पर उनका बेहतरीन ढंग से स्वागत किया गया। पीएम इस तरह के स्वागत से काफी प्रभावित हुए ।

पृष्ठ एक के शेष

चार अमृत स्तंभों से विकसित राष्ट्र...
जमीन पर परिवर्तन देखने को मिला। 2014 में जब दिल्ली की गद्दी पर बैठाया गया, उस दिन से केंद्र में सेवाकाल शुरू हुआ। सेवा काल शुरू होने के पहले बड़ी आबादी मूलभूत सुविधाओं से वंचित थी। जीवन कभी बदलेगा कईयों ने उम्मीद छोड़ दी थी। सरकार जनता का माई बाप समझती थी, हमने सेवक की तरह काम करना शुरू किया। जो वंचित थे उन्हें वरीयता देना शुरू किया। सरकार आज खुद चल कर उनके पास गई। जो उपेक्षित थे उनकी साथी सरकार बनी। अफसर वही थे, काम करने वाले लोग वही थे। सोच बदली। एलपीजी 50 प्रतिशत घरों में था, आज सभी घरों में है। पहले 55 प्रतिशत बच्चों को जीवन रक्षा टीका लगता था, आज शत प्रतिशत टीका लगा। 17 प्रतिशत ग्रामीण परिवार तक नल से जल की सुविधा थी, जल जीवन मिशन से 70 प्रतिशत घर तक जल पहुंचा।

झारखंड की सरकार भी बनाए 25 सालों का लक्ष्य : प्रधानमंत्री ने मंच से सुझाव दिया कि झारखंड में नक्सली हिंसा में कमी आई है। झारखंड के लिए प्रेरणादायी समय है। 25 साल का लक्ष्य लेकर काम करें। बड़ा अभियान यहां के नेता, सरकार शुरू करें। हमारी सरकार युवा शिक्षा के लिए खड़ी है । प्रधानमंत्री ने झारखंड के साथ अपने जुड़ाव की चर्चा करते हुए कहा कि वह यहां आते हैं तो स्मृतियों में खो जाते हैं। यहां से ही उन्होंने देशभर के गरीबों के लिए आयुष्मान योजना, उज्जवला योजना की शुरूआत की। खूंटी में सोलर से चलने वाले न्यायालय का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह गर्व की बात है कि आज गर्व की बात है कि झारखंड देश के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण वाला रेल रूट वाला राज्य बना गया है।

मैंने समाज के आखिरी व्यक्ति का नमक खाया है, आज बिरसा का कर्ज चुकाने आया हूं : प्रधानमंत्री ने खूंटी के बिरसा कॉलेज में जनसभा के दौरान पूर्ववर्ती सरकारों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पहले सरकार में सारे रसूखदार थे। जिनकी सरकार में पहचान होती तो वो सुविधाएं जुटाते थे। सरकार भी उन्हें ही सुविधा देती थी। लेकिन मूल सुविधाओं से वंचित लोगों पर कोई ध्यान नहीं देता था। मोदी ने ऐसे परिवारों को प्राथमिकता दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने समाज के आखिरी व्यक्ति का नमक खाया है। आज बिरसा मुंडा का कर्ज चुकाने आया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आम तौर पर सरकार का रवैया होता है कि जो लक्ष्य आसानी से हासिल हो, उसे सामने रखा जाए। मैने ऐसा नहीं किया। 18000 गांव में आजादी के बाद बिजली नहीं पहुंची थी, ये रास्ता कठिन था। कठिन था, लेकिन करना तो था। मैने लाला किले से प्रण लिया था, आज इस सेवक ने लक्ष्य को पूरा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के 110 से अधिक जिले विकास के हर पारा मीटर पर पीछे थे। पुरानी सरकार ने पिछड़े होने का ठप्पा लगा दिया, कह दिया कुछ नहीं हो सकता। शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं थीं। इन्हीं पिछड़े जिलों में सबसे अधिक आदिवासी परिवार की जनसंख्या थी। अफसरों की पेनिशमेंट पोस्टिंग में यहां भेजा जाता था। थके हारे अफसरों को वहां भेजा जाता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंचितों के वरीयता के सिद्धांत पर काम करते हुए आकांक्षी जिले घोषित किए। योग्य अफसरों को काम में लगाया। सफलता के शिखर पर पहुंचे। खूंटी समेत कई जिले इस लिस्ट में थे। दशकों पर सामाजिक न्याय और सेकुलरिज्म पर बात की जाती है। सेक्युलरिज्म तभी आता है, जब भेद भाव खतम हो। समाजिजक न्याय तभी होगा जब सरकारी योजना बिना भेद मिले। आज भी गरीबों तक योजना की पूरी जानकारी नहीं है, कुछ गरीब सक्षम नहीं हैं। उन्हें उनके भाग्य पर नहीं छोड़ा जा सकता । इसी सोच के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हो रही है।

केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनायी : प्रधानमंत्री ने जनसभा में केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनायी।उन्होंने कहा कि 2018 में केंद्र सरकार ने ग्राम स्वराज अभियान चलाया। 1000 अफसरों को एसी कमरों से निकाल गांव में भेजा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे यकीन है उस अभियान की तरह ही विकसित भारत यात्रा में भी हर लाभार्थी तक इसका लाभ पहुंचाएंगे। हर गरीब के पास मुफ्त राशनकार्ड होगा, उज्जवला का कार्ड होगा, पांच लाख का मुफ्त इलाज का कार्ड होगा, अपना घर होगा, पेंशन योजना से किसान, मजदूर जुड़ेगा। युवा इंटरप्योर बनेगा, मुद्रा योजना से जुड़ेगा। नौजवानों, किसानों, महिलाओं, गरीबों को मोदी की गारंटी है। जब मोदी की गारंटी होती है, मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी है। मोदी ने कहा कि ये पीएम हिम्मत कर निकला है, आदिवासी न्याय को लेकर। आदिवासी समाज को लगातार नजर अंदाज किया गया। अटल जी ने आदिवासी कल्याण के लिए मंत्रालय बनाया। इस सरकार में बजट छह गुना बढ़ा। पीएम आदिवासी जनजाति न्याय महा अभियान के जरिए उन आदिवासियों तक हम पहुंचेंगे जहां कोई नहीं पहुंचा। कमजोर आदिवासी समूहों तक कोई पहले नहीं पहुंचा। 22000 गांव के 75 पीवीटीजी की पहचान हुई। ये सबसे पीछे रह गए आदिवासी हैं। सबसे पिछड़े आदिवासियों को आजादी के बाद कभी पक्का मकान नहीं मिली, कई पीढ़ियों ने स्कूल नहीं देखे, कौशल का ज्ञान नहीं पहुंचाया गया। इसलिए भारत सरकार इन तक पहुंचेगी। पहले की सरकार ने आंकड़े जोड़ कर काम चलाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे जीवन को जोड़ना है, जीवन में जज्बा भरना है। इसी लक्ष्य के साथ पीएम जन मन के साथ इस महा अभियान की शुरूआत कर रहा हूं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार जताया। कहा कि वो राज्यपाल थी, पहले सामाजिक कार्य से ओडिसा में जुड़ी थी। तब आदिवासी समाज के लिए काम करती रहीं। राष्ट्रपति भवन में भी आदिवासी समाज के लिए काम करती रहीं। उन्होंने प्रेरणा दी जिससे पीएम जन मन यानी आदिवासी महा न्याय में सफल होंगे । ये साल बेटियों की स्वस्थ, सुरक्षा का साल है । झारखंड की बेटियां गर्व से खेल में सीना चौड़ा कर देती हैं। बेटियों के नाम पर मुद्रा योजना के 70 प्रतिशत लोन ले रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों को मेरी बात सुन कर चक्कर आता है। दो करोड़ महिलाएं लखपति बनने वाली हैं । नारी शक्ति वंदन अधिनियम हमने अपनाया। सभी बहनों को उनका भाई गारंटी देता है कि उनके विकास में आने वाली हर रुकावट को उनका ये भाई दूर करेगा। नारी शक्ति का अमृत स्तंभ भारत के विकास में अहम योगदान देगा। दो महीने पहले कुम्हार, मालाकार, राजमिस्त्री समेत सभी विश्वकर्मा साथियों को आधुनिक ट्रेनिग मिलेगी। पैसा मिलेगा, औजार मिलेगा। 13 हजार करोड़ खर्च होंगे। पीएम किसान निधि की 15 वीं किश्त मिलेगी। जो किसान यहां बैठे होंगे उन्हें खाते में दो हजार आ गया होगा। कोई बिचौलिया नहीं, मोदी से नाता है। सीधा खाते में पैसे जा रहा। 15000 करोड़ खर्च कर मुफ्त कोरोना टीका लगाए गया। अब पशुओं का टीका हो रहा। मोदी ने कहा कि खूंटी में उन्होंने प्रदर्शनी देखी, मछली बनाने वाले मोती बनाने का काम कर रहे हैं।

रेडियम रोउ में प्रधानमंत्री की गाड़ी के...
काफिला जब रेडियम रोड में गार्डेन फ्रेश नामक प्रतिष्ठान के पास पहुंचा। काफिला में शामिल तीन गाड़ी निकलने के बाद जब प्रधानमंत्री की गाड़ी पहुंची तो सड़क के दूसरे छोर में खड़ी लाल कपड़े पहने एक महिला दौड़ते हुए उनकी गाड़ी के सामने खड़ी हो गयी। जिसे मौजूद पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया। काफिला गुजरने के बाद महिला को सीधे कोतवाली थाने लाया गया है।

पति से परेशान थी महिला : जानकारी के अनुसार रेडियम रोड की रहने वाली महिला संगीता झा अपने पति को लेकर परेशान थी। वह प्रधानमंत्री से मुलाकात करने को लेकर दिल्ली भी गई थी। बुधवार को जब संगीता को यह जानकारी मिली कि पीएम रेडियम रोड से होकर गुजरने वाले है तब वो दौड़ कर उनके काफिले में घुस गई।

पूछताछ के बाद छोड़ा गया : कोतवाली थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद ने बताया कि पीएम के टारगेट में प्रवेश करने की वजह से महिला संगीता झा को हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के दौरान यह जानकारी मिली कि वह अपने पति से परेशान है और उसी को लेकर पीएम से मिलना चाहती थी।

पीएम की सुरक्षा में चूक : राजधानी रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में आज बड़ी चूक सामने आई। 15 नवंबर की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज भवन से बिरसा संग्रहालय जा रहे थे। रेडियम रोड के पास अचानक महिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गाड़ी के आगे आ गयी। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में यह बड़ी चूक मानी जा रही है। सुरक्षाकर्मियों के काफिला रोकने का पूरा वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। वीडियो रेडियम रोड का बताया जा रहा है। रेडियम रोड स्थित गार्डेन फ्रेश दुकान के ठीक सामने महिला पीएम की गाड़ी के सामने आ गई थी। पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पीएम काफिले के सामने आने वाली महिला देवघर की रहने वाली है। उसका नाम संगीता झा है। पुलिस पड़ताल करने के बाद पीआर बॉन्ड भरा कर छोड़ दी है। जानकारी के अनुसार उक्त महिला की शादी 2012 में हुई थी। तब से वह अपने ससुराल में प्रताड़ित हो रही थी। प्रताड़ना से तंग आकर इससे पहले वह पीएमओ दिल्ली भी जा चुकी है।

अब हर व्यक्ति के अपने आशियाने का...
आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ किया । इसके तहत पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आम ग्रामीणों से समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर इसका निष्पादन और योजना का लाभ शिविर में ही दिया जाएगा।

अबुआ आवास योजना के तहत बनेंगे 8 लाख आवास : मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अबुआ आवास योजना का शुभारंभ किया । इस योजना के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आवास विहीन परिवारों और कच्चे तथा जर्जर आवास में रहने वाले परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के तहत अगले 3 वर्षों में 8 लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें वर्ष 2023-24 में 2 लाख, 24- 25 में 3 लाख 50 हजार और 2025-26 में 2 लाख 50 हजार आवास बनाए जाएंगे। इसके लिए 16,320 करोड रुपए का प्रावधान किया जा रहा है ।

गांव से शहरों की बढ़ेगी कनेक्टिविटी, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की हुई शुरूआत : मुख्यमंत्री ने लोगों को मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की भी सौगात दी। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र, सुदूरवर्ती जनजातीय इलाकों और तलहटी में रहने वाले लोगों को पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल और जिला मुख्यालय आवागमन के लिए सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना के तहत वरिष्ठ नागरिक, विद्यार्थी, दिव्यांग, एचआईवी संक्रमित, राज्य सरकार द्वारा विधवा पेंशन से आच्छादित महिला और राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त झारखंड आंदोलनकारी को निःशुल्क बस परिवहन सेवा मिलेगी।

13950 युवाओं को मिला ऑफर लेटर, खुशी से खिल उठे चेहरे : मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं और कंपनियों के लिए चयनित 13950 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया इसके पहले भी चाईबासा पलामू और हजारीबाग जिले में आयोजित प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला में बड़ी संख्या में युवाओं को ऑफर लेटर दिया जा चुका है।

लाभुकों के सशक्तिकरण को लेकर बांटी परिसंपतियाँ : मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बिरसा सिंचाई संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना, गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वधन पेंशन योजना और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभुकों के बीच 259 करोड़ 65 लाख 97 हजार रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया।

चार नई पॉलिसी की हुई लॉन्चिंग : मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य में उद्यम, उद्यमियों और निवेश को बढ़ावा देने के लिए चार नई पालिसी लांच की। इसमें एमएसएमई प्रोत्साहन नीति- 2023, झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी-2023, झारखंड आईटी, डाटा सेन्टर और बीपीओ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन नीति- 2023 और झारखंड निर्यात नीति -2023 शामिल है।

खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनकी उपलब्धियां का किया सम्मान : मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन नीति के तहत 37वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों, झारखंड एशियाई वीमेंस चैंपियनशिप ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला टीम में शामिल झारखंड की खिलाड़ियों और अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड बनाने वाले झारखंड के 70 खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इनमे लॉन बॉल के 11, तैराकी के 1, पेंचक सिलेट के 1, एथलेटिक्स के 3, वुशु के 8, रोइंग के 4, तीरंदाजी के 8, रोल बॉल के 12, हॉकी के 21 और फुटबॉल के 1खिलाड़ी शामिल हैं।

कम करनी थी भीड़...
और अग्निशमन जैसी सुविधाओं के नवीनीकरण पर तो कार्य किया, पाइपलाइन बिछाई लेकिन दशकों पहले से जो जलापूर्ति के बड़े-बड़े स्त्रोत डैम आदि थे उनको कभी साफ तक करने की जहमत नहीं उठाई। इसकी वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में दूरदराज से पानी लाने जैसी व्यवस्था विकसित करनी चाहिए थी और दबाव कम करने के लिए जहां पानी हो वहीं पर शहरों को धीरे-धीरे विकसित करना चाहिए था, इन उपायों से बाहर से आने वाली बड़ी कंपनियां जो लाखों करोड़ों रुपए निवेश करने की इच्छा रखती है उन्हें भी सुविधा होती लेकिन यह सब करने के बजाय स्थानीय राजनीति में उलझ कर लगभग सभी सरकारें छोटे-छोटे मुद्दों पर ही केंद्रित रहीं। बेंगलुरु, पुणे, चेन्नई जैसे अनेक शहर यहां तक कि बहुत हद तक कोलकाता भी आईटी क्षेत्र के कारण समृद्ध हुए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अपने यहां शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा की पूरी संभावनाओं के बावजूद बच्चे बाहर उच्च शिक्षा के बाद नौकरी के लिए पलायन कर न सिर्फ करोड़ों रुपए का राजस्व बाहर भेज रहे हैं बल्कि राज्य की प्रतिभाएं अन्य स्थानों पर जाकर उन राज्यों को समृद्ध कर रही हैं जिनमें शोषण की शिकार आदिवासी महिलाएं भी शामिल हैं। इस विषय पर गंभीरता से कार्य करने के बजाए बाहर से आने वाले निवेशकों को प्रोत्साहित नहीं किया गया या उनसे मोलभाव जैसे रणनीति ही ज्यादा चलती रही जिस कारण झारखंड वह गति नहीं पकड़ पाया जो इसे पकड़ना चाहिए था।

इसमें कहीं न कहीं भ्रष्टाचार,नीयत में खोट और अदूरदर्शिता थी और सबसे बड़ा कारण तदर्थवाद था । अगर कहीं सड़क बनानी है तो सड़क बनाने का आदेश दे दिया गया उसके बाद लोगों को याद पड़ा कि नाली नहीं है तो सड़क काटकर नाली बनाई गई उसके बाद याद पड़ा कि उसने पाइप लाइन बिछाना था तो फिर से सड़क खोदी गई उसके बाद याद पड़ा कि गैस पाइपलाइन की आवश्यकता है, केबल की आवश्यकता है ! इस प्रकार बिना शोध के, बिना चिंतन के अंधाधुंध विकास और तदर्थवाद के कारण वे कार्य न सिर्फ कई गुना महंगे हो जाते हैं बल्कि एक ही काम को कई कई बार कर करदाताओं के पैसे बर्बाद किए जाते हैं और नए कार्य करने के लिए हमारे पास संसाधनों की कमी हो जाती है। जबकि विकसित राज्यों में इस पर चिंतन होता है विदेशों से देखकर आने वाले लोग अपनी विचारधारा और दृष्टि से लोगों को समृद्ध करते हैं लेकिन झारखंड में ऐसे विशेषज्ञों को तरजीह नहीं दी गई। अभी भी समय नहीं बीता है यदि संक्षिप्त के साथ-साथ दीर्घकालीन योजनाएं बनाई जाएं और विशेषज्ञों को बुलाकर उनकी राय ली जाए, अध्ययन किया जाए कि अन्य राज्यों ने किस प्रकार अपने को समृद्ध किया है तो बहुत कुछ किया जा सकता है।

यादों के झरोखे से : सचिन ने आज ही के दिन कराची में पाक के खिलाफ किया था अंतरराष्ट्रीय डेब्यू

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के इतिहास में आज का दिन काफी अविस्मरणीय है। आज ही के दिन 15 नवंबर, 1989 को, सचिन तेंदुलकर नाम के 16 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने कराची में पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया, जिसने 24 साल के अनूठे करियर में अपने अविश्वसनीय क्रिकेट यात्रा की शुरूआत की। वसीम अकरम और वकार यूनिस जैसे दिग्गजों से लैस पाकिस्तान के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करते हुए, सचिन 15 रन पर आउट हो गए, लेकिन क्रिकेट जगत को कम ही पता था कि यह एक महान यात्रा की शुरूआत है। ₹क्रिकेट के भगवान₹ के रूप में जाने जाने वाले तेंदुलकर को खेल की शोभा बढ़ाने वाले महानतम बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की श्रृंखला के दौरान उनकी सेवानिवृत्ति ने एक शानदार करियर का अंत कर दिया, जिसके दौरान वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। 664 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 48.52 की औसत से 34,357 रन बनाकर, सचिन के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड है। उनके आश्चर्यजनक 100 अंतरराष्ट्रीय शतक और 164 अर्धशतक अद्वितीय हैं, जो उन्हें शतकों का शतक बनाने वाला एकमात्र खिलाड़ी बनाता हैं।

सचिन का प्रभाव टेस्ट और वनडे दोनों प्रारूपों तक फैला हुआ है, उन्होंने टेस्ट में 15,921 रन और वनडे में 18,426 रन बनाये हैं। उनके नाम पर 201 अंतरराष्ट्रीय विकेट भी हैं, जो उन्हें एक बहुत ही उपयोगी अंशकालिक स्पिन गेंदबाजी विकल्प बनाता है। कुल 664 अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनों के साथ, वह सर्वकालिक सर्वाधिक कैप्ड खिलाड़ी हैं। वह 2011 में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा हैं।

सचिन ने 2008-2013 तक छह आईपीएल सीजन खेले हैं और सभी मुंबई इंडियंस के लिए, जहां उन्होंने 78 मैचों में 34.84 की औसत से कुल 2334 रन बनाए हैं। सचिन के नाम 13 अर्द्धशतक और एक शतक है, उन्होंने 119.82 की स्ट्राइक रेट के साथ 29 छक्के और 295 चौके लगाए हैं। उन्होंने एक खिलाड़ी के रूप में फ्रेंचाइजी के साथ टूर्नामेंट का 2013 संस्करण जीता। सचिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आईपीएल 2010 में आया। उन्होंने 15 मैचों में 47.53 की औसत और 132.61 की स्ट्राइक रेट से 618 रन बनाए। उन्होंने उस सीजन में पांच अर्द्धशतक बनाए और उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर 89* था। उन्होंने उस सीजन में "ऑरेंज कैप" जीती थी। एमआई उस सीजन में उपविजेता रही थी।

विराट ने तोड़ा सचिन के वनडे शतकों का विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी। मुंबई

भारतीय रन मशीन विराट कोहली ने यहां वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में 50वां शतक (117) बनाकर लीजेंड क्रिकेट सचिन तेंदुलकर का 49 वनडे शतकों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। विराट ने लॉकी फर्ग्यूसन गेंद पर दो रन लेकर इस विश्व कप में तीसरा शतक पूरा किया और सचिन से आगे पहुंच गए। विराट ने जब यह रिकॉर्ड बनाया तब मास्टर बलास्टर सचिन तेंदुलकर भी दर्शकों के बीच मौजूद थे। विराट, ने हवा में उछलकर, सचिन को सलाम कर इसका जश्न मनाया जो मैदान पर ही मौजूद हैं, क्या पल है यह, उन्हीं के सामने यह रिकॉर्ड तोड़ा, जिनका यह रिकॉर्ड है। विराट ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद अपने दोनों हाथ से झुकते हुए सचिन का अभिवादन किया जो अपनी जगह खड़े होकर तालियां बजा रहे थे। सचिन के साथ बीसीबीआईआ के सचिव जय शाह भी मौजूद थे। दर्शकों में मौजूद विराट की पत्नी और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने भी तालियां बजाते हुए अपने पति की उपलब्धि पर खुशी जताई।

रोहित ने विश्व कप में सर्वाधिक छक्के लगाने का बनाया रिकॉर्ड

भारत के कप्तान रोहित शर्मा बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में विश्व कप 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में अपना 50वां छक्का जड़कर विश्व कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। रोहित ने 29 गेंदों में 47 रन की पारी में चार छक्के लगाए। उन्होंने तीसरे ओवर में ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर दिन का पहला छक्का लगाया और फिर चौथे ओवर में टिम साउदी की गेंद पर छक्का लगाया। अपनी धमाकेदार पारी के दौरान भारत के कप्तान ने विश्व कप में वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल के सर्वाधिक छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। वह शुभमन गिल के साथ शुरूआती विकेट की साझेदारी में 50 गेंदों में 71 रन बनाने के बाद 47 रन पर आउट हो गए। रोहित बेंगलुरु में नीदरलैंड के खिलाफ भारत के मैच के दौरान एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने कॉलिन एकरमैन की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर 92 मीटर का जबरदस्त छक्का लगाकर इस रिकॉर्ड को अपने नाम किया।

स्कोर बोर्ड

भारत	रन	बॉल	4	6
रोहित शर्मा	47	29	4	4
शुभमन गिल	80	66	8	3
विराट कोहली	117	113	9	2
श्रेयस अय्यर	105	70	4	8
के एल राहुल	39	20	5	2
सूर्यकुमार यादव	1	2	0	0

अतिरिक्त : 08, **कुल :** 397/4 (50 ओवर)

विकेट पतन: 1-71, 1-164, 2-327, 3-381, 4-382 . डीआरएस

गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट 10-0-86-1, टिम साउदी 10-0-100-3, मिचेल सैंटनर 10-1-51-0, लॉकी फर्ग्युसन 8-0-65-0, रचिन रविंद्र 7-0-60-0, ग्लेन फि लिप्स 5-0-33-0

न्यूजीलैंड	रन	बॉल	4	6
डेवन कॉन्वे	13	15	3	0
रचिन रविंद्र	13	22	3	0
केन विलियमसन	69	73	8	1
डैरिल मिचेल	134	119	9	7
टॉम लेथम	0	2	0	0
ग्लेन फि लिप्स	41	33	4	2
मार्क चैपमैन	2	5	0	0
मिचेल सैंटनर	9	10	0	0
टिम साउदी	9	10	1	0
ट्रेंट बोल्ट	2	2	0	0
लॉकी फर्ग्युसन	6	3	0	1

अतिरिक्त : 29, **कुल :** 327/10 (48.5 ओवर)

विकेट पतन: 1-30, 2-39, 3-220, 4-220, 5-295, 6-298, 7-306, 8-319, 9-321, 10-327 . डीआरएस

गेंदबाजी : जसप्रीत बुमराह 10-1-64-1, मोहम्मद सिराज 9-0-78-1, मोहम्मद शमी 9.5-0-57-7, रवींद्र जाडेजा 10-0-63-0, कुलदीप यादव 10-0-56-1

जीत की आदी कंगारू का सामना सेफा में द. अफ्रीका से

एजेंसी। कोलकाता

एजबस्टन में लांस क्लूसनर और आकलैंड में एबी डिविलियर्स का निराशा में डूबा चेहरा शायद हर क्रिकेटप्रेमी को याद होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम गुरुवार को पांच बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया के सामने विश्व कप के सेमीफाइनल में उतरेगी तो उसका इरादा अतीत में अंतिम चार मुकाबलों में हार के बाद की इन कड़वी यादों और अपने पर लगे 'चोकर्स' (दबाव के आगे घुटने टेकने वाले) के ठप्पे को मिटाने का होगा। दक्षिण अफ्रीका के हर प्रशंसक को ह्यचोकर्स' शब्द से नफरत है और बड़े मुकाबले जीतने की आदी ऑस्ट्रेलिया टीम एक बार फिर उसके जख्मों पर नमक छिड़कना चाहेगी।

पचास ओवरों के विश्व कप में आस्ट्रेलिया का सिक्का चलता है जिसने अब तक 12 में से पांच खिताब जीतेग हैं। इनमें से चार पिछले छह सत्र में मिले हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका नौ में से चार बार सेमीफाइनल में पहुंचकर हारा है। इंग्लैंड के खिलाफ 1992 में उसके पदार्पण विश्व कप में बारिश के नियमों से गणना में गड़बड़ी के कारण उसे सेमीफाइनल गंवाना पड़ा। वहीं 1999 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला टाई रहने के बाद खराब रनरेट के कारण उसे बाहर होना पड़ा। वर्ष 2015 में ग्रांट एलियोट ने अपने कैरियर की इकलौती यादगार पारी ईडन पार्क पर खेली।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा ने कहा, हमें पता है कि दक्षिण अफ्रीकी टीम पर यह ठप्पा लगा है और हमें उससे उबरना है।'

उन्होंने कहा, जब तक हम ट्रॉफी जीत नहीं लेते, यह ठप्पा हमेशा रहेगा। अभी तक हालांकि मैने अभ्यास में यह शब्द सुना नहीं है।' भारत के खिलाफ पांच नवंबर को इसी मैदान पर लीग मैच में 83 रन पर आउट होने और नीदरलैंड के हाथों अप्रत्याशित हार के अलावा दक्षिण अफ्रीका ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसके शीर्ष छह में से चार बल्लेबाजों ने शतक जमाए हैं।

टीमें इस प्रकार है

दक्षिण अफ्रीका : तेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, रीजी हेंड्रिक्स, मार्को जेनसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, कागिसो रबादा, तबरेज शम्सी, रेस वान डेर डुसेन, लिजाद विलियम्स।

ऑस्ट्रेलिया : पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस सीन एबोट, एशटन एगर, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मिच मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा और मिशेल स्टार्क।

वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

टीम	मैच	जीत	हार	नेट प्वाइंट्स	नेट प्वाइंट्स
भारत	9	9	0	18	+2.570
सा. अफ्रीका	9	7	2	14	+1.261
ऑस्ट्रेलिया	9	7	2	14	+0.841
न्यूजीलैंड	9	5	4	10	+0.743
पाकिस्तान	9	4	5	8	-0.199
अफगानिस्तान	9	4	5	8	-0.336
इंग्लैंड	9	3	6	6	-0.572
बांग्लादेश	9	2	7	4	-1.087
श्रीलंका	9	2	7	4	-1.419
नीदरलैंड्स	9	2	7	4	-1.825

रोहित-गिल ने तोड़ा गिलक्रिस्ट-हेडन का 16 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेंसी। मुंबई

भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और शुबमन गिल ने एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक 50 से अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाने के मामले में एडम गिलक्रिस्ट और मैथ्यू हेडन की प्रसिद्ध ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को पीछे छोड़ दिया है। रोहित-गिल ने यह रिकॉर्ड मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल मैच के दौरान बनाया और गिलक्रिस्ट और हेडन के 16 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। मैच में दोनों ने एक बार फिर भारत को विस्फोटक शुरूआत दिलाई। उन्होंने पहले विकेट के लिए केवल 8.2 ओवर में 71 रन बनाए। रोहित 29 गेंदों में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 47 रन बनाकर टिम साउदी की गेंद पर केन विलियमसन के हाथों कैच आउट हुए। इससे उनकी साझेदारी का अंत हो गया। इस साल रोहित-गिल ने 21 पारियों में 14 बार अर्धशतकीय साझेदारियां की हैं।

विश्व कप में रोहित-गिल की साझेदारियों का रिकॉर्ड

- पाकिस्तान के खिलाफ 17 गेंदों में 23 रन
- बांग्लादेश के खिलाफ 64 गेंदों में 88 रन
- न्यूजीलैंड के खिलाफ 67 गेंदों में 71 रन
- इंग्लैंड के खिलाफ 24 गेंदों में 26 रन
- श्रीलंका के खिलाफ दो गेंदों में चार रन
- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 35 गेंदों में 62 रन
- नीदरलैंड्स के खिलाफ 71 गेंदों में 100 रन
- न्यूजीलैंड के खिलाफ 50 गेंदों में 71 रन

एआईएफएफ-फीफा अकादमी 21 को भुवनेश्वर में लॉन्च की जाएगी

एजेंसी। नई दिल्ली

एआईएफएफ की विश्व स्तरीय अकादमी स्थापित करने की लंबे समय से प्रतीक्षित आकांक्षा आखिरकार 21 नवंबर को ओडिशा के भुवनेश्वर में वास्तविकता बन जाएगी। एआईएफएफ की विज्ञप्ति के अनुसार, फीफा प्रतिभा विकास योजना के तहत शुरू की जाने वाली एआईएफएफ-फीफा अकादमी का उद्घाटन फीफा के वैश्विक फुटबॉल विकास प्रमुख आर्सेन वेंगर द्वारा किया जाएगा। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, आर्सेन वेंगर 19 से 23 नवंबर तक भारत में रहेंगे। इस अवधि के दौरान, वह और उनकी टीम आईएसएल, आई-लीग क्लबों और भारतीय फुटबॉल में युवा विकास से जुड़े सभी लोगों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा, अतीत में, हमने भारत में कई अकादमियों को खुलते देखा है। इससे प्रेरणा लेते हुए, हमारा प्रयास इस अकादमी को दोषरहित बनाने का होगा। हमें विश्वास है कि वेंगर का विशाल अनुभव और चीजों की गहरी समझ बहुत बड़ी होगी इस अकादमी को विश्व स्तरीय सुविधा में बदलने में मदद करें। मैं पहल करने और वेंगर को भारत भेजने के लिए व्यक्तिगत रूप से फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो का आभारी हूं। एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव सत्यनारायण एम ने कहा, यह हमारी दीर्घकालिक दृष्टि की दिशा में एक बड़ा कदम है और 14 साल से कम उम्र के युवाओं में निवेश करना शायद सबसे बड़ी शुरूआत है।

भारतीय टीम के कौशल-दृढ़ संकल्प पर पूरा भरोसा है : हरमनप्रीत

एजेंसी। मेलबर्न

भारत की महिला कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बुधवार दोपहर को वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल मुकाबले के लिए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को शुभकामनाएं दीं और टीम के कौशल पर पूरा भरोसा जताया। मौजूदा टूर्नामेंट के दो बार के चैंपियन और मेजबान भारत ने प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम के रूप में सेमीफाइनल चरण में प्रवेश करने के लिए लगातार नौ जीत हासिल की है। उनका मुकाबला न्यूजीलैंड से है, जो पिछले दो एकदिवसीय विश्व कप में उपविजेता रहा है और नॉकआउट में अपने वजन से बढ़कर प्रदर्शन करने के लिए जाना जाता है। भारत ने इस टूर्नामेंट में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला है। यदि आप देखें, तो उनकी सभी जीतें लगभग एकतरफा रही हैं और घरेलू परिस्थितियों में ऐसी उपलब्धि देखना बहुत असाधारण है। जब आप घरेलू परिस्थितियों में खेल रहे होते हैं तो बहुत अलग दबाव होता है और इसका पूरा श्रेय टीम को जाता है, प्रत्येक व्यक्ति अच्छा प्रदर्शन करता है।" जंक्शन ओवल में पत्रकारों से हरमनप्रीत ने कहा, जब भी कोई अवसर आया है, उन्होंने इसे दोनों हाथों से लपका है।

मैं सचमुच चाहती हूं कि विराट कोहली इस बड़े मौके पर अपना 50वां शतक बनाएं," यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। मुझे अपनी भारतीय टीम के कौशल और दृढ़ संकल्प पर पूरा भरोसा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं। हरमनप्रीत मौजूदा महिला बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेल रही हैं और एक पावर-पैक घरेलू सीजन से पहले भारत वापस आएंगी, जहां उनका सामना मुंबई में इंग्लैंड (केवल टेस्ट और टी20) और ऑस्ट्रेलिया (सभी प्रारूप) से होगा। उनका मानना है कि डब्ल्यूबीबीएल में खेलना अगले महीने से शुरू होने वाले घरेलू आयोजनों के लिए तैयारी करने का एक शानदार तरीका है।

अब सोच यह है कि आप आगे क्या कर सकते हैं और आप यहां से (राष्ट्रीय टीम के लिए) क्या ला सकते हैं। मेरे लिए, यह खुद को अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए तैयार करने और दूसरों पर नजर रखने और उनका प्रदर्शन कैसा चल रहा है, इस पर नजर रखने के लिए एक शानदार टूर्नामेंट है।

सहारा ग्रुप के चेयरमैन सुब्रत रॉय के निधन पर हॉकी इंडिया ने जताया शोक

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने सहारा समूह के अध्यक्ष सुब्रत रॉय के निधन पर बुधवार को शोक व्यक्त किया, जिनका मुंबई में कार्डियक अरेस्ट के कारण 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सुब्रत रॉय के नेतृत्व में सहारा इंडिया परिवार हॉकी सहित भारत में खेलों को बढ़ावा देने में सबसे आगे था। सहारा समूह 1995 से 2017 तक हॉकी की सर्वोच्च संस्था का प्रमुख भागीदार था और उसने अपने अटूट समर्थन के माध्यम से खेल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुब्रत रॉय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया में हम सुब्रत रॉय के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुखी हैं।

आईपीएल

सीएसके बेन स्टोक्स को रिलीज करने को तैयार

केकेआर फर्ग्यूसन को कर सकती है बाहर

एजेंसी। नई दिल्ली

आईपीएल के 2024 संस्करण के लिए चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा बेन स्टोक्स को रिलीज किया जाना तय है। अनिच्छा के बावजूद, चेन्नई का यह निर्णय आईपीएल 2024 के लिए उनकी संभावित अनुपलब्धता पर आधारित है। कोच्चि में पिछली मिनी-नीलामी में सीएसके द्वारा 16.25 करोड़ रुपये में खरीदे गए इंग्लैंड के ऑलराउंडर ने पूरे सीजन में केवल दो मैचों में भाग लिया। यह तय है कि स्टोक्स के बाएं घुटने की सर्जरी होगी और इस प्रक्रिया में ठीक होने के लिए लगभग दो महीने की आवश्यकता होगी। हालाँकि, चेन्नई सुपर किंग्स प्रबंधन मार्च-मई 2024 में होने वाली लीग के लिए उनकी उपलब्धता पर कोई जोखिम लेने को तैयार नहीं है। क्रिकबज के अनुसार, सीएसके प्रबंधन ने स्टोक्स के साथ चर्चा की है, जिन्होंने विश्व कप के बाद ही आईपीएल पर ध्यान केंद्रित करने का संकेत दिया है। इंग्लैंड का विश्व कप अभियान समाप्त होने के बावजूद, सीएसके अधिकारियों ने अभी तक उनसे सीधे संपर्क नहीं किया है। आगामी सीजन के लिए उनकी उपलब्धता के संबंध में उनके प्रबंधक के साथ बातचीत भी अनिर्णायक रही है। सीएसके के एक अधिकारी ने क्रिकबज से कहा, अगर स्टोक्स उपलब्ध हो सकते हैं तो हम उन्हें रिलीज करने पर विचार नहीं करेंगे क्योंकि वह एक बड़े मैच के खिलाड़ी हैं और हम उनका बहुत सम्मान करते हैं। लेकिन अगर वह सीजन में नहीं आ पाते हैं तो हम उन्हें ब्लॉक कर देंगे। 16 करोड़ रुपये से हम कुछ अच्छे खिलाड़ी हासिल कर सकते हैं। इस बीच, एक और संभावित रिलीज लॉकी फर्ग्यूसन है। शुरूआत में 2022 में गुजरात टाइटन्स ने 10 करोड़ रुपये में खरीदा था, बाद में उन्हें 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ व्यापार किया गया था। उनकी चोट के इतिहास को देखते हुए, केकेआर प्रबंधन कथित तौर पर उनकी रिहाई पर विचार कर रहा है।

नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच शार्दुल ठाकुर और हर्षल पटेल के बीच ट्रेड की भी अटकलें हैं। हालाँकि, यह पुष्टि की गई है कि ऐसा कोई व्यापार नहीं होगा। फ्रेंचाइजी को 26 नवंबर तक रिटेंशन और रिलीज की सूची की घोषणा करनी है। नीलामी 19 दिसंबर को दुबई के कोका कोला एरिना में होने वाली है।

सिनेर ने शीर्ष रैंकिंग वाले जोकोविच को हराया

एजेंसी। तूरिन

इटली के यानिक सिनेर ने एटीपी फाइनल्स में शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच को पहली बार हराकर अपने घरेलू दर्शकों को उत्साह से भर दिया। सिनेर ने तीन घंटे तक चले मैच में 7.5, 6.7, 7.6 से जीत दर्ज की। 22 वर्ष के सिनेर की जोकोविच पर चार मैचों में यह पहली जीत है। इसके साथ ही जोकोविच का 19 मैच का विजय अभियान भी खत्म हो गया। सिनेर ने रविवार को पहले मैच में स्टेफानोस सिटसिपास को हराया था। अब उनका सामना होल्गर रूने से होगा जिन्हें पहले मैच में जोकोविच ने मात दी थी।